

विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर फिर 700 अरब डॉलर के पार - 12




पश्चिम एशिया में तनाव घटने से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 505 अंक चढ़ा - 12



कर्नाटक : हत्या के मामले में कांग्रेस विधायक को उम्रकैद - 13




डगआउट में फोन का इस्तेमाल करना रॉयल्स के मैनेजर भिंडर पर पड़ा भारी - 14


आज का मौसम
35.0° अधिकतम तापमान
23.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.43
सूर्यास्त 06.39


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 02:10 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2083

शनिवार, 18 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 52, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


### लोकसभा में पारित नहीं हो पाया महिला आरक्षण संबंधी संविधान संशोधन विधेयक

# अधर में अधिकार

| पक्ष में पड़े वोट | विपक्ष में पड़े मत | अनिवार्य थे इतने वोट | सदन में कुल पड़े वोट |
|---|---|---|---|
| 298 | 230 | 352 | 528 |

- समर्थन में 54 वोट कम पड़े, मोदी सरकार बिल पास कराने में पहली बार नाकाम, संसद की सीटें बढ़ाकर 850 का था प्रावधान
- बिल पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की थी जरूरत, लोकसभा में कुल 543 सीटें हैं, 3 सीटें खाली होने से 540 हैं मौजूदा सांसद

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के संसदीय चुनावों से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया। सदन में संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, पर हुए मत विभाजन के दौरान इसके पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े। लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत होती है। विधेयक पर मत विभाजन में 528 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस विधेयक को पारित करने के लिए 352 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता थी।

सरकार ने कहा कि विपक्ष ने महिलाओं को अधिकार और सम्मान देने का एक ऐतिहासिक मौका गंवा दिया है। संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं होने के बाद, परिसीमन विधेयक, 2026 और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 को भी सदन में आगे नहीं बढ़ाया जा सका, जिन्हें चर्चा और पारित कराने के लिए रखा गया था। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि संविधान संशोधन विधेयक के पारित नहीं होने के बाद, अब इससे संबंधित दोनों विधेयकों 'परिसीमन विधेयक, 2026' और 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' को आगे नहीं बढ़ा सकते। उन्होंने कहा, महिलाओं को अधिकार और सम्मान देने वाले विधेयक का विपक्ष ने सम्मान नहीं किया, यह बहुत खेद की बात है। ऐतिहासिक पल था, यह एक मौका था आपने गंवाया है।



### संविधान पर आक्रमण था विधेयक, हमने इसे रोका : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विधेयक पारित नहीं होने के बाद कहा कि यह संविधान पर आक्रमण था, जिसे विपक्ष ने नाकाम कर दिया। उन्होंने संसद परिसर में यह भी कहा कि यदि प्रधानमंत्री मोदी महिला आरक्षण लागू करना चाहते हैं तो 2023 में पारित कानून को लागू करें जिसमें विपक्ष पूरा सहयोग देगा। यह महिला (आरक्षण) विधेयक नहीं था, ये हिंदुस्तान के राजनीतिक और चुनावी ढांचे को बदलने की कोशिश थी, संविधान पर आक्रमण था। हमने इसे रोक दिया। मैं प्रधानमंत्री से कहना चाहता हूं, अगर आप महिला आरक्षण विधेयक लाना चाहते हैं, तो 2023 का विधेयक आज से लागू कर दीजिए, पूरा विपक्ष 100% समर्थन देगा।

### महिला आरक्षण का विरोध करने वालों से नारी शक्ति हिसाब मांगेगी : अमित शाह




**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण का विरोध करने का आरोप लगाते हुए लोकसभा में कहा कि देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनके रास्ते का रोड़ा कौन है और विपक्ष के नेताओं को चुनाव में महिलाओं के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। शाह ने कहा कि जो लोग परिसीमन का विरोध कर रहे हैं, वे कहीं न कहीं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) के लिए आरक्षित सीटों में बढ़ोतरी का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के सभी सदस्यों ने अगर-मगर, किंतु-परंतु का उपयोग करके स्पष्ट रूप से महिला आरक्षण का विरोध किया है। यह दिखाने का प्रयास किया गया कि विरोध हमारे क्रियान्वयन के तरीके पर है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह विरोध क्रियान्वयन का नहीं, बल्कि केवल महिला आरक्षण का विरोध है।

# ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को खोला कॉमर्शियल जहाज गुजर सकेंगे

- ट्रंप बोले- शुक्रिया ईरान, लेकिन ईरान की नाकाबंदी जारी रहेगी
- क्रेमलिन ने लेबनान में 10 दिनों के युद्धविराम का किया स्वागत

### लेबनान में सीजफायर के बाद लिया फैसला





तेहरान/इस्लामाबाद/मास्को, एजेंसी

ईरान ने शुक्रवार को होर्मुज को खोलने का एलान किया। उसने कहा कि अब होर्मुज सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए पूरी तरह से खुला है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची की यह घोषणा ऐसे समय में आई है, जब एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने लेबनान और इजराइल के बीच 10 दिन के युद्धविराम की घोषणा की थी। वहीं, ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की मदद से ईरान होर्मुज से सभी समुद्री बारूदी सुरंगें हटा रहा है।

ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, लेबनान में हुए युद्धविराम के मद्देनजर, होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरने वाले सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए मार्ग युद्धविराम की शेष अवधि के लिए पूरी तरह से खुला घोषित किया गया है। उन्होंने हालांकि कहा कि जहाजों को ईरान के बंदरगाह और समुद्री संगठन द्वारा पहले से घोषित मार्ग पर ही चलना होगा। इसके कुछ मिनट बाद, राष्ट्रपति ट्रंप ने एक पोस्ट में इस घोषणा को साझा किया। ट्रंप ने कहा, ईरान ने अभी-अभी घोषणा की है कि ईरान पूरी तरह से खुला है। वहीं, रूस ने लेबनान और इजराइल के बीच युद्धविराम का स्वागत किया। राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री ने कहा, हमें उम्मीद है कि इन दिनों के दौरान ऐसे समझौते पर पहुंचना संभव होगा जिससे भविष्य में सैन्य संघर्षों की पुनरावृत्ति से बचा जा सके।

### अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत बहुत सफल रही



राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत बहुत सफल रही है और समझौता होने की पूरी संभावना है। उन्होंने कहा कि अगर डील हो जाती है तो तेल की आपूर्ति सामान्य हो जाएगी, होर्मुज पूरी तरह खुला रहेगा और हालात बेहतर हो जाएंगे। ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम, जिसे उन्होंने 'न्यूक्लियर डस्ट' कहा, अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार है और भविष्य में यूरेनियम संवर्धन नहीं होगा।

### होर्मुज रूट खुलने के बाद कच्चा तेल 13% सस्ता

ईरान के होर्मुज रूट को कॉमर्शियल जहाजों के लिए पूरी तरह खोलने के एलान के बाद क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) 13% सस्ता हुआ है। शुक्रवार, 17 अप्रैल को दाम करीब 13 डॉलर गिरकर 86 डॉलर प्रति बैरल पर आ गए हैं। एक दिन पहले क्रूड ऑयल की कीमत 99 .39 डॉलर प्रति बैरल थी। 28 फरवरी को जंग शुरू होने से पहले कच्चा तेल 73 डॉलर प्रति बैरल था। जंग के दौरान 9 मार्च को दाम बढ़कर 120 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गए थे ।तब से पेट्रोल-डीजल के रेट बढ़ने की आशंका जताई जा रही थी।

### ब्रीफ न्यूज

#### भाजपा विधायक के पुत्र को ही बेच दी सरकारी जमीन

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी में जमीन खरीद प्रकरण में भाजपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री और वर्तमान विधायक बंशीधर भगत का परिवार ही धोखाधड़ी का शिकार हो गया। ठगों ने विधायक भगत के पुत्र एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत को ही सिंचाई गूल व सरकारी जमीन बेच दी। करीब आठ साल बाद धोखाधड़ी का खुलासा हुआ तो अन्यत्र जमीन दिलाने का झांसा दिया। छह साल तक जमीन नहीं मिलने पर विधायक पुत्र की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (विस्तृत पेज-3)

#### हरिवंश रास के निर्विरोध उपसभापति चुने गए

**नई दिल्ली।** मनोनीत सदस्य हरिवंश को शुक्रवार को राज्यसभा का उपसभापति निर्विरोध निर्वाचित किया गया। पत्रकारिता से राजनीति में आए हरिवंश का यह उपसभापति के रूप में तीसरा कार्यकाल है। हरिवंश के निर्वाचन के लिए केंद्रीय मंत्री और सदन के नेता जेपी नड्डा ने एक प्रस्ताव पेश किया और और एस फांग्नोन कोन्याक ने प्रस्ताव का समर्थन किया। प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित किए जाने के बाद हरिवंश तीसरी बार उपसभापति चुने गए।

## फाइलों में समीक्षा से पहले ग्राउंड जीरो पर पहुंचे सीएम धामी, खुद की पड़ताल

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

- वीडियो कॉल कर अफसरों को दिखाई हकीकत, लापरवाही पर जताई नाराजगी, दी सख्त हिदायत
- सीएम हेल्पलाइन-1905 पर दर्ज शिकायतों की हकीकत जानने बैठक से पहले किया स्थलीय निरीक्षण

**अमृत विचारः** सीएम हेल्पलाइन-1905 पर आई शिकायतों को फाइलों में हल करने के बजाय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खुद ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर जन समस्याओं की पड़ताल की। इस दौरान धामी ने वीडियो कॉल कर अफसरों को हकीकत दिखाई। जनता से जुड़े काम में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य पूरा करने की सख्त हिदायत दी।

देहरादून के जाखन निवासी विवेक मदान ने राजपुर रोड पर विद्युत लाइन अंडरग्राउंड किए जाने से फुटपाथ को हुए नुकसान की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराई थी। मदान ने शिकायत में उल्लेख किया था कि जाखन में पहले सड़क किनारे फुटपाथ बनाया गया। बाद में यूपीसीएल ने इस फुटपाथ को खोदकर अंडरग्राउंड लाइन बिछा दी पर मिट्टी का भरान ठीक से नहीं किया, जिस कारण फुटपाथ की टाइल्स बैठ गई हैं। शुक्रवार सुबह 11:30 बजे धामी को सीएम हेल्पलाइन-1905 की समीक्षा करनी थी।



मौके पर पड़ताल करते मुख्यमंत्री धामी

#### अपने मोबाइल से अधिकारियों को दिखाई हकीकत

मुख्यमंत्री ने शिकायतकर्ता विवेक मदान को साथ लेकर अपने मोबाइल फोन से ही अधिकारियों को वीडियो कॉल के जरिए फुटपाथ की स्थिति दिखाई। नाराजगी जताते हुए कहा कि विभाग समन्वय से कार्य करें। कहा कि अंडरग्राउंड होने के बावजूद कई जगह बिजली लाइन ऊपर दिखाई दे रही है जिससे जन सामान्य को खतरा पैदा हो सकता है। धामी ने कहा कि वे प्रदेश भर के आगामी दौरों पर इसी तरह नियमित निरीक्षण करेंगे। उन्होंने मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन को निर्देश दिए कि प्रदेश में यदि कहीं और भी इस तरह की शिकायत आ रही है तो उन्हें दूर किया जाए, इसके अभियान चलाया जाए।

#### जन शिकायतों का करें प्रभावी निस्तारण

मौके पर शिकायत की पड़ताल करने के बाद मुख्यमंत्री ने सचिवालय पहुंचकर आला अधिकारियों के साथ सीएम हेल्पलाइन-1905 की समीक्षा बैठक के दौरान जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए अधिकारियों को 30 दिनों से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के समाधान हेतु विशेष अभियान संचालित करने के लिए निर्देशित किया। (विस्तृत पेज-2)

## राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

- कथित दोहरी नागरिकता के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने दिया आदेश

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ कथित दोहरी नागरिकता मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद राज्य सरकार चाहे तो मामले की जांच किसी केंद्रीय जांच एजेंसी से भी करवा सकती है।

यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने कर्नाटक निवासी याची एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याची ने 28 जनवरी 2026 को विशेष कोर्ट, एमपी-एमएलए, लखनऊ द्वारा पारित उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग को खारिज कर दिया गया था। विशेष न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि नागरिकता से जुड़े विवाद पर निर्णय देना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। इसी के विरुद्ध याची ने हाईकोर्ट का रुख किया था । याची ने राहुल गांधी पर भारतीय न्याय संहिता, आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, विदेशी अधिनियम तथा पासपोर्ट अधिनियम के तहत विभिन्न गंभीर आरोप लगाए हैं और मामले की विस्तृत जांच की मांग की है। उल्लेखनीय है कि यह शिकायत पहले रायबरेली की विशेष न्यायालय में दायर की गई थी। बाद में याचिकाकर्ता के अनुरोध पर 17 दिसंबर 2025 को उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने इस प्रकरण को रायबरेली से लखनऊ स्थानांतरित कर दिया था। इसके बाद 28 जनवरी 2026 को लखनऊ की विशेष न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी थी, जिसके खिलाफ अब उच्च न्यायालय ने यह आदेश पारित किया है।



## एशिया के नए 'किंग' बने गौतम अडानी

**नई दिल्ली।** उद्योगपति गौतम अडानी रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. के प्रमुख मुकेश अंबानी को पीछे छोड़कर एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। यह बदलाव उनके बंदरगाह से ऊर्जा क्षेत्र तक फैले समूह के शेयर में लगातार तेजी के कारण उनकी संपत्ति में हुई वृद्धि के कारण हुआ है।

एशिया के अमीर व्यक्तियों की ताजा रैंकिंग के अनुसार, अडानी की कुल संपत्ति 92.6 अरब डॉलर है, जबकि अंबानी की संपत्ति 90.8 अरब डॉलर आंकी गई है। इस तरह अडानी अब भारत और एशिया दोनों में सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। अडानी बंदरगाह नेटवर्क और देश के सबसे बड़े नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक और निजी हवाई अड्डा संचालक करते हैं। वह वर्तमान में 'ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स' में 19वें स्थान पर हैं। यह दुनिया के 500 सबसे अमीर व्यक्तियों की सूची है।

### ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स



- रिलायंस समूह के चेयरमैन मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ा
- अदाणी की कुल संपत्ति 92.6 अरब डॉलर आंकी गई


## छह आईएएस अफसरों के कार्यक्षेत्र बदले

**देहरादून।** शासन ने शुक्रवार को 6 आईएएस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले हैं। संयुक्त मजिस्ट्रेट पौड़ी गढ़वाल दीक्षिता जोशी को संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत जबकि संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत गौरी प्रभात को संयुक्त मजिस्ट्रेट पौड़ी गढ़वाल बनाया गया है।

वरिष्ठ आईएएस आनंद स्वरूप से आयुक्त खाद्य का प्रभार लेकर निदेशक महिला कल्याण बंशी लाल राणा को अतिरिक्त सौंपा गया है जबकि आईएएस रूचि रयाल से अपर आयुक्त नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले और प्रकाश चंद्र से संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी का प्रभार वापस लिया गया है।

## पंजाब के उद्योग मंत्री और उनसे जुड़े लोगों के परिसरों पर ईडी की छापेमारी

नई दिल्ली/लुधियाना, एजेंसी



- शेयर बाजार में इनसाइडर ट्रेडिंग और यूएई से भारत में सट्टेबाजी के धन की 'राउंड-ट्रिपिंग' का मामला

ईडी ने पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा, उनके बेटे और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर शुक्रवार को छापेमारी की। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा उल्लंघन की जांच के तहत की गई, जो शेयर बाजार में 'इनसाइडर ट्रेडिंग' और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत में सट्टेबाजी के धन की 'राउंड-ट्रिपिंग' से जुड़ी है।

शेयर बाजार में 'इनसाइडर ट्रेडिंग' का मतलब उन व्यक्तियों द्वारा शेयरों की खरीद या बिक्री करना है, जिनके पास किसी कंपनी के बारे में गैर-सार्वजनिक, भौतिक जानकारी तक पहुंच होती है। वहीं, 'राउंड ट्रिपिंग' एक भ्रामक वित्तीय युक्ति है जिसमें एक ही या समान वित्तीय परिसंपत्तियों की बार-बार खरीद-बिक्री की जाती है। 'राउंड ट्रिपिंग' से अभिप्राय उस धन से होता है जो विभिन्न माध्यमों से देश के बाहर जाता है और फिर यही धन विदेशी निवेश के रूप में देश में वापस आता है। इसमें ज्यादातर काला धन शामिल होता है।

#### रियल एस्टेट समूह के खिलाफ भी छापे मारे

**कोलकाता।** ईडी ने कोलकाता स्थित रियल एस्टेट कंपनी मर्लिन समूह और उससे जुड़ी कुछ इकाइयों के खिलाफ जारी धनशोधन जांच के तहत शुक्रवार को फिर से छापे मारे। एजेंसी ने इससे पहले भी आठ अप्रैल को समूह (मर्लिन प्रोजेक्ट्स लिमिटेड) और उसके प्रवर्तकों -सुशील मोहता एवं साकेत मोहता- से जुड़े परिसरों में छापेमारी की थी। मामले में शामिल कुछ इकाइयों के कोलकाता और उत्तर 24 परगना जिले में स्थित करीब चार-पांच परिसरों पर पीएमएलए के तहत शुक्रवार को छापे मारे जा रहे हैं।

### तैयारी

#### ऑनलाइन के बाद ऑफलाइन पंजीकरण भी हुए शुरू

## चारधाम यात्रा के लिए 18 लाख से ज्यादा लोगों ने कराया पंजीकरण

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** रविवार से शुरू हो रही चारधाम यात्रा के लिए शुक्रवार को ऋषिकेश में श्रद्धालुओं के ऑफलाइन पंजीकरण भी शुरू हो गए हैं। पहले दिन 2,713 श्रद्धालुओं ने भौतिक रूप से अपना पंजीकरण कराया।

अधिकारियों ने बताया कि यमुनोत्री धाम के लिए 683, गंगोत्री धाम के लिए 690, केदारनाथ धाम के लिए 667 और बदरीनाथ धाम के लिए 673 श्रद्धालुओं ने ऑफलाइन पंजीकरण कराया। काउंटर पर पंजीकरण के अलावा यात्रियों की सुविधा के लिए टीम उनके प्रवास स्थल पर पहुंचकर भी पंजीकरण कर रही हैं। इस बीच, छह मार्च से शुरू हुई चारधाम तीर्थयात्रियों की ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया लगातार जारी है और अब तक 18.22 लाख से ज्यादा श्रद्धालु अपना ऑनलाइन पंजीकरण करवा चुके हैं। इस प्रकार, दोनों तरीकों से अब तक 18.25 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री अपना पंजीकरण करवा चुके हैं।

बता दें कि, अक्षय तृतीया के अवसर पर 19 अप्रैल को उत्तरकाशी जिले स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिरों के कपाट खुलने के साथ चारधाम यात्रा की शुरुआत होगी। इसके बाद 22 अप्रैल को रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ और 23 अप्रैल को चमोली जिले में बदरीनाथ मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे।



#### आदि कैलाश में बिना परमिट पहुंचे श्रद्धालु, जिला प्रशासन ने बैठाई जांच

**देहरादून।** पिथौरागढ़ जिले में बिना इनर लाइन परमिट कुछ श्रद्धालुओं के कथित रूप से प्रतिबंधित आदि कैलाश सीमा क्षेत्र में प्रवेश करने संबंधी खबरों पर संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन ने आईटीबीपी से रिपोर्ट मांगी है। एसडीएम धारचूला आशीष जोशी ने शुक्रवार को बताया कि सोशल मीडिया पर कुछ श्रद्धालुओं द्वारा बिना इनर लाइन परमिट के व्यास घाटी में छियालेख के आगे प्रतिबंधित क्षेत्र तक चले जाने के संबंध में खबरें आ रही हैं। मैंने इस संबंध में आईटीबीपी अधिकारियों से पांच दिनों में जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है। उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों और सुरक्षा बलों के अलावा बिना इनर लाइन परमिट के इन क्षेत्रों में कोई प्रवेश नहीं कर सकता है। सोशल मीडिया पर खबरें प्रसारित हो रही हैं कि ट्रांसपोर्टर कुछ दिनों पहले आईटीबीपी के सुरक्षा बलों को चकमा देकर कुछ श्रद्धालुओं को बिना इनर लाइन परमिट के आदि कैलाश क्षेत्र में ले गए।

स्टेट ब्रीफ

## देश व सेना से माफी मांगें राहुल: धामी

**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि, कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा बालाकोट और ऑपरेशन सिंदूर जैसे साहसिक सैन्य अभियानों को 'मैजिक शो' कहना हमारे वीर जवानों के पराक्रम का अपमान है। सीएम ने कहा कि, कांग्रेस और राहुल गांधी की राजनीति बार-बार यही दर्शाती है कि सत्ता के लिए वह देश और सेना की गरिमा तक को निशाना बनाने से नहीं चूकते। लोकतंत्र के मंदिर संसद में राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, राहुल गांधी को अपने इस बयान के लिए देश और सेना से माफी मांगनी चाहिए।

## अनाधिकृत निर्माण पर जवाब तलब

**नैनीताल:** हाईकोर्ट ने हरिद्वार के कनखल ज्वालापुर रोड स्थित हरे राम आश्रम ट्रस्ट की सार्वजनिक भूमि पर बिना कोर्ट की अनुमति के अनाधिकृत रूप से आवासीय इकाइयों का निर्माण करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण और निर्माण कार्य कर रही एसोसिएट से 29 अप्रैल तक जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तिथि नियत की है।

# सीएम हेल्पलाइन-1905 केवल नंबर नहीं, जनविश्वास का माध्यम: सीएम

### मुख्यमंत्री धामी ने की सचिवालय में सीएम हेल्पलाइन-1905 की समीक्षा बैठक

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, सीएम हेल्पलाइन-1905 केवल एक दूरभाष संख्या नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता की अपेक्षाओं और विश्वास का महत्वपूर्ण माध्यम है। हेल्पलाइन पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निस्तारण शिकायतकर्ता की पूर्ण संतुष्टि सुनिश्चित होने तक किया जाए।

सीएम ने शुक्रवार को सचिवालय में सीएम हेल्पलाइन-1905 की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को कड़े और स्पष्ट निर्देशों के साथ चेतावनी दी। कहा कि, सीएम हेल्पलाइन-1905 पर 30 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाएं। जिलाधिकारी, विभागाध्यक्ष या संबंधित सचिव की संस्तुति के बिना किसी भी स्तर पर शिकायतों को जबर्दस्ती बंद (फोर्स क्लोज) करने की कार्रवाई न की जाए। बिना पर्याप्त कार्यवाही यदि कोई अधिकारी शिकायत को फोर्स क्लोज करता है, तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी।

**अधिकारियों के प्रयासों को सराहा:** मुख्यमंत्री ने अधिकतम जन शिकायतों का निस्तारण करने वाले अधिकारियों से वार्ता कर उनके प्रयासों की सराहना की। इस क्रम में सीएम ने ऊर्जा विभाग, उत्तरकाशी में कार्यरत अधिशासी अभियंता मनोज गुसाई और ऊर्जा विभाग, पौड़ी में कार्यरत अधिशासी अभियंता अभिनव रावत के प्रयासों की सराहना की।

**तीन जिलों में सबसे ज्यादा शिकायतें:** सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एआई डेटा संचालन एवं शिकायत प्रबन्धन पर ध्यान दिया जा रहा है। सीएम हेल्पलाइन में जिलावार जनशिकायतों के विश्लेषण से स्पष्ट हुआ कि देहरादून, हरिद्वार व ऊधमसिंह नगर में अधिक शिकायतें दर्ज हुई हैं, जबकि उत्तरकाशी और चम्पावत बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों में शामिल है।



#### प्रत्यक्ष शिकायत की तरह लें

मुख्यमंत्री ने शासन के अधिकारियों, विभागाध्यक्षों व सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा बैठक कर उनके शीघ्र समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों को सीएम कार्यालय में प्राप्त प्रत्यक्ष शिकायत की तरह गंभीरता से लिया जाए।

#### डीएम हर हफ्ते, सचिव माह में दो बार करें समीक्षा

सीएम ने निर्देश दिए कि जिलाधिकारी स्तर पर प्रत्येक सप्ताह तथा विभागीय सचिव स्तर पर प्रत्येक माह में कम से कम दो बार शिकायतों की समीक्षा की जाए। सीएम हेल्पलाइन की सफलता का वास्तविक आकलन तभी संभव है, जब शिकायतकर्ता यह अनुभव करें कि सरकार ने उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध और प्रभावी समाधान प्रदान किया है। शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद कर उनका फीडबैक लें। उच्च स्तर पर शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग करें।

#### सीएम ने सुनी जन शिकायतें, दिए निर्देश

बैठक में मुख्यमंत्री ने शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं। देहरादून निवासी रिटायर्ड शिक्षिका बीना ढींगरा के एनपीएस पेंशन का लाभ नहीं मिलने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को 2 दिन के भीतर उनकी समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। हरिद्वार निवासी तरुण सिंह की पानी निकासी की समस्या के तुरंत समाधान के डीएम हरिद्वार को निर्देश दिए। वहीं, देहरादून के सहस्त्रधारा रोड निवासी सुरेंद्र नागपाल ने 1905 पर स्ट्रीट लाइट खराब होने की शिकायत दर्ज कराने के अगले ही दिन समस्या का समाधान होने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

# विजन के साथ राज्य का विकास करना हमारी प्राथमिकता: धामी

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई आगामी 5 वर्षों (2026-2031) के कार्यों से संबंधित मास्टर प्लान पुस्तिका का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुस्तिका राज्य में बुनियादी ढांचे को विकसित करने, सशक्त और सुरक्षित, भविष्य को सुनिश्चित करने का मार्ग है। राज्य में विकास की संभावनाओं एवं विकसित भारत-2047 के संकल्पों को पूरा करने में यह मास्टर प्लान पुस्तिका अहम भूमिका निभाएगी। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्य तेजी से बढ़े हैं। बीते वर्षों में राज्य में व्यापक स्तर पर सड़कों का निर्माण हुआ है। राज्य सरकार बुनियादी ढांचे के विकास में नवाचार को प्राथमिकता दे रही है। भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। हमारा संकल्प है कि राज्य को तय लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ाया जाए और विजन के साथ विकास किया जाए।

**पर्यटन हब बन रहा राज्य:** मुख्यमंत्री ने कहा कि, उत्तराखंड राज्य, पर्यटन हब के रूप में उभर रहा है, ऐसे में पर्यटकों की आवश्यकताओं को देखते हुए हम विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। राज्य में टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन के माध्यम से इंफ्रास्ट्रक्चर को नई दिशा दी जा रही है। यह पुस्तिका निश्चित ही राज्य को आगे बढ़ाने का विजन तय करेगी।



पुस्तिका का विमोचन करते सीएम पुष्कर सिंह धामी व कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज।

#### स्पष्ट लक्ष्य के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा लोनिवि

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि पीडब्ल्यूडी स्पष्ट विजन के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। हम राज्य में कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर निरंतर कार्य कर रहे हैं। साथ ही, भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए विकास योजनाएं तैयार की जा रही हैं। विकास के लिए कनेक्टिविटी बेहद महत्वपूर्ण है, जिस पर निरंतर कार्य किया जा रहा है।

#### पुस्तिका में 100 से अधिक प्रोजेक्ट का विजन

सचिव पीडब्ल्यूडी डॉ. पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि मास्टर प्लान पुस्तिका में 100 से अधिक प्रोजेक्ट के विजन को रखा गया है। समय की आवश्यकतानुसार पुस्तिका में संशोधन किए जाएंगे। पुस्तिका में रोड कनेक्टिविटी, इकोनॉमी हब कनेक्टिविटी, ब्रिज डेवलपमेंट एवं सेफ्टी, सड़क सुरक्षा एवं स्लोप प्रोटेक्शन, टेक्नोलॉजी, वित्तीय प्रबंधन एवं पॉलिसी जैसे विभिन्न प्राथमिकताओं पर विभाग का विजन रखा गया है। इस दौरान उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद् विश्वास डाबर, प्रमुख अभियंता राजेश चन्द्र शर्मा, मुख्य अभियंता रणजीत रावत, राजेन्द्र सयाना, अधीक्षण अभियंता मनोज बिष्ट, अरुण पाण्डेय, अधिशासी अभियंता बीएन द्विवेदी, राजेश कुमार, नीरज त्रिपाठी रहे।

# खगोल व वायुमंडल विज्ञान के रहस्य उजागर करेगा एरीज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज सोमवार से खगोल विज्ञान, दूरबीन और वायु मंडलीय विज्ञान प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करने जा रहा है। कार्यशाला में खगोलीय अध्ययन, दूरबीन की महत्ता और प्रकार तथा पर्यावरण पर आधारित जलवायु परिवर्तन व वायुमंडलीय के बीच विभिन्न आयामों की जानकारी दी जाएगी। देश के विभिन्न संस्थानों के वैज्ञानिक शिविर में भाग लेंगे।

निदेशक डॉ. मनीष नाजा ने बताया कि पृथ्वी और हमारे ब्रह्मांड के बीच गहरा रिश्ता है। पृथ्वी के वातावरण को समझने के लिए हमें दूसरे ग्रह नक्षत्रों और आकाशगंगाओं के व्यवहार को समझना बेहद जरूरी है। वर्तमान में धरती अनेक बदलावों से जूझ रही है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते जलवायु में परिवर्तन आ रहा है। क्या इस तरह के बदलाव दूसरे ग्रहों में भी आए हैं, यह बड़ा सवाल है। इसके लिए दूसरे ग्रहों का अध्ययन जरूरी है। जिसे लेकर एरीज ट्रेनिंग स्कूल इन ऑब्जर्वेशनल एस्ट्रोनॉमी एंड एटमॉस्फियर साइंसेज के नाम से प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करने जा रहा है।

कार्यशाला में वैज्ञानिकों द्वारा एक ओर ब्रह्मांड के विभिन्न आयामों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही हाल के बरसों में विकसित तकनीकों से अवगत कराया जाएगा। जिसके तहत टेलीस्कोप की बुनियाद, ऑप्टिकल डेटा विश्लेषण तकनीकें, तारा निर्माण और विकास, गैलेक्टिक तथा एक्स्ट्रागैलेक्टिक खगोल विज्ञान और वायुमंडलीय विज्ञान में वायुमंडल की संरचना, गतिशीलता, मौसम पूर्वानुमान, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के बारे में बताया जाएगा। खगोल विज्ञान में फोटोमेट्री, स्पेक्ट्रोस्कोपी और पोलरिमेट्री तथा वायुमंडलीय विज्ञान के लिए इन-सीटू और रिमोट सेंसिंग ऑब्जर्वेशन, मॉडल्स व रीएनालिसिस डेटासेट्स जैसी नई तकनीक के बारे में बताया जाएगा।



एरीज, नैनीताल। ● अमृत विचार

#### देशभर के 35 छात्र करेंगे प्रतिभाग

**नैनीताल:** निदेशक डॉ. मनीष नाजा ने बताया कि 10 दिवसीय कार्यशाला में एम एससीफिजिक्स, एस्ट्रोफिजिक्स व एटमॉस्फेरिक साइंसेज, इंटीग्रेटेड एमएस फिजिक्स, इंजीनियरिंग फिजिक्स, इंस्ट्रूमेंटेशन, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, कंप्यूटर साइंस व मैकेनिकल के देशभर के 35 विद्यार्थी शामिल होने जा रहे हैं। एरीज के अलावा देश के कई संस्थानों के वैज्ञानिक शिविर में भाग लेने जा रहे हैं।

## आबकारी आयुक्त हाईकोर्ट में तलब

**नैनीताल:** हाईकोर्ट ने आबकारी नीति लेकर आबकारी आयुक्त को तलब किया है। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की पीठ ने प्रदेश की आबकारी नीति पर सवाल उठाते हुए आबकारी आयुक्त को मंगलवार को आभासी माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश दिया है।

नैनीताल जिले के मंगोली और रामनगर के ढिकुली में आबकारी महकमे की ओर से शराब की देसी और अंग्रेजी दो दुकानों का कुछ दिन पहले ही आवंटन किया गया है। इन दुकानों के विरोध में जनता सड़कों पर आ गयी। जन विरोध को देखते हुए मंगोली दुकान स्वामी बलवंत सिंह व ढिकुली दुकान स्वामी सुलक्षणा साह की ओर से सुरक्षा की मांग को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि उन्हें सरकार की ओर से दुकान आवंटित की गयी है।

# बांग्लादेशी नागरिक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड पुलिस के "ऑपरेशन प्रहार" के अंतर्गत पौड़ी पुलिस ने संदिग्ध लोगों के सत्यापन के दौरान एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। यह विदेशी व्यक्ति ''सत्य साधु'' बनकर लोगों को धोखा देने का काम कर रहा था।

एसएसपी पौड़ी सर्वेश पंवार ने शुक्रवार को बताया कि राम झूला क्षेत्र में सत्यापन व तलाशी अभियान के दौरान एक संदिग्ध को रोककर पूछताछ की। जानकारी विरोधाभासी एवं संदेहास्पद प्रतीत होने पर उससे गहनता से पूछताछ की गई। उक्त व्यक्ति ने अपना नाम सनीउर रहमान उर्फ सत्य साधू (39) बताया। वह बांग्लादेश में फरीदपुर के बैसड़ी मधुखाली का मूल निवासी है। जांच में खुलासा हुआ कि वह वर्ष 2016 से बिना वीजा के भारत में रह रहा था। उसने "सत्यनिष्ठ आर्य" नाम से भारतीय आधार कार्ड भी बनवा रखा था। एसएसपी ने बताया कि जांच में अभियुक्त के कब्जे से बांग्लादेशी पासपोर्ट जिसकी वैधता वर्ष 2018 में समाप्त हो चुकी थी, भारतीय पते पर बना आधार कार्ड, मोबाइल फोन, टैबलेट आदि सामान बरामद हुआ। पूछताछ में यह भी सामने आया कि अभियुक्त एक दिन पूर्व ही लक्ष्मण झूला घूमने आया था, इससे पूर्व वह बंगाल, दिल्ली, गाजियाबाद व अन्य स्थानों पर रह चुका था।



# आईएमए के निकट प्रोजेक्ट का मैप रद

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) के निकट एक व्यावसायिक परियोजना के निर्माण पर सैन्य अधिकारियों द्वारा सुरक्षा कारणों को लेकर आपत्ति जताने के बाद मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने परियोजना के मानचित्र को अस्वीकृत कर दिया है।

प्राधिकरण ने बीती 15 अप्रैल को बिल्डर शिवम अग्रवाल को पत्र जारी करते हुए पंडितवाड़ी क्षेत्र में प्रस्तावित परियोजना के मानचित्र को अस्वीकृत करने की सूचना दी। पत्र में बताया गया कि बिल्डर आईएमए से अनिवार्य अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में विफल रहे, जिसके कारण प्राधिकरण ने परियोजना को अस्वीकृत किया। अधिकारियों ने बताया कि बिल्डर को जरूरी मंजूरी प्राप्त करने के लिए दो महीने का समय दिया गया था। देहरादून कैंट स्थित स्टेशन मुख्यालय से फरवरी 2026 में प्राप्त पत्राचार से यह जानकारी मिली कि आईएमए ने 'दून कर्व' परियोजना के विज्ञापनों को देखने के बाद सुरक्षा उल्लंघन के बारे में चिंता जताई। सैन्य अधिकारियों के अनुसार, पंडितवाड़ी में परियोजना स्थल उच्च सुरक्षा संवेदनशील क्षेत्र में आता है। रक्षा मंत्रालय के 18 मई 2011 के दिशानिर्देशों के अनुसार, किसी भी रक्षा प्रतिष्ठान के 100 मीटर के दायरे में निर्माण के लिए स्थानीय सैन्य प्राधिकरण (एलएमए) से अनिवार्य सुरक्षा मंजूरी प्राप्त करना आवश्यक है। इन दिशानिर्देशों के तहत, रक्षा भूमि के 100 मीटर के दायरे में एक मंजिला इमारतों और 500 मीटर के दायरे में चार मंजिला संरचनाओं के निर्माण पर सख्त प्रतिबंध है।

आईएमए ने देहरादून के जिलाधिकारी और प्राधिकरण को लिखे एक पत्र में सवाल उठाया कि परियोजना को बिना उसकी मंजूरी के कैसे आगे बढ़ाया गया। आईएमए ने सितंबर 2023 में प्राधिकरण द्वारा जारी उस निर्देश का भी हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि उसकी पूर्व मंजूरी के बिना किसी भी घर या निर्माण योजना को स्वीकृत या अनुमोदित नहीं किया जाना चाहिए। प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार, बिल्डर आईएमए द्वारा तीन और चार फरवरी को भेजे गए पत्रों में उठाई गई औपचारिक आपत्तियों का संतोषजनक समाधान करने में विफल रहे।



# क्रिकेट लीग ठगी में नोटिस जारी

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट ने हल्द्वानी में क्रिकेट लीग के आयोजन के नाम पर कथित धोखाधड़ी मामले में आरोपी के खिलाफ दर्ज मामलों को निरस्त करने की मांग को लेकर दायर याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए प्रतिवादी पूर्व विधायक नारायण पाल और अन्य को नोटिस जारी कर आपत्ति पेश करने को कहा।

धोखाधड़ी के आरोपी विकास ढाका की ओर से दायर याचिकाओं पर न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की पीठ में सुनवाई हुई। सरकार की ओर से कहा गया कि दोनों मामलों में जांच जारी है। दूसरी ओर प्रतिवादी पाल की ओर से कहा गया कि आरोपी ने क्रिकेट लीग के नाम पर उसे सब्जबाग दिखाए। नामचीन क्रिकेट खिलाड़ियों के प्रतिभाग के नाम पर लाखों की ठगी की गई। इसके बाद क्रिकेट लीग का आयोजन ही नहीं किया गया। क्रिकेटर इरफान पठान और प्रवीण कुमार से जब लीग में भाग लेने के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने इनकार करते हुए कहा कि उनसे किसी ने संपर्क नहीं किया है। इधर, याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि उसे कोतवाली बुलाकर घंटों बैठाया गया और रात को गिरफ्तार कर लिया। अदालत ने दोनों प्रतिवादियों सितारगंज के पूर्व विधायक नारायण पाल और हरियाणा निवासी हरेंद्र सिंह को नोटिस जारी कर दस दिन में आपत्ति पेश करने को कहा है।

#### हाईकोर्ट में चुनावी अपील पर सुनवाई

नैनीताल: उत्तराखंड हाई कोर्ट ने हल्द्वानी के लामाचौड़ श्रमिक संविदा सहकारी समिति लिमिटेड सहित कई अन्य कोऑपरेटिव समितियों का चुनाव नहीं कराए जाने के खिलाफ दायर विशेष अपील पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने राज्य सरकार से यह बताने को कहा है कि जब कोऑपरेटिव सोसायटी का चुनाव कार्यक्रम चुनाव कमेटी ने घोषित कर दिया है तो अब इन्हें किस आधार पर इनके चुनाव नहीं कराए जाने से बाहर रखा है। इस पर अपनी आख्या दो दिन के भीतर प्रस्तुत करें।

## उत्तराखंड बोर्ड रिजल्ट में इस बार नई व्यवस्था

**देहरादून:** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं की बोर्ड के नतीजे 24 से 27 अप्रैल के बीच जारी हो सकते हैं।

उत्तराखंड बोर्ड इस बार छात्रों की सुविधा के लिए नयी व्यवस्था भी लागू करने जा रहा है, इसके तहत स्कूलों को अलग-अलग पोर्टल और पासवर्ड दिए जाएंगे, जिससे छात्र अपने स्कूल में ही आसानी से रिजल्ट देख सकेंगे। इसके अलावा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर भी परिणाम जारी किया जाएगा।

उत्तराखंड विद्यालय शिक्षा परिषद बोर्ड के सचिव विनोद कुमार सिमल्टी ने शुक्रवार को बताया कि विभाग की कोशिश है कि नतीजे अप्रैल के अंतिम सप्ताह से पहले ही घोषित कर दिया जाए।

# 26 पीसीएस अफसरों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** शासन ने शुक्रवार को तबादला एक्सप्रेस चलाते हुए 26 पीसीएस अधिकारियों के कार्यक्षेत्रों में फेरबदल किया है।

संयुक्त सचिव कार्मिक राजेंद्र सिंह पतियाल जारी की गई सूची में, श्रमायुक्त हल्द्वानी पीसी दुमका को संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। एडीएम टिहरी गढ़वाल एके सिंह को संयुक्त निदेशक शहरी विकास निदेशालय व एडीएम नैनीताल शैलेंद्र सिंह को एडीएम टिहरी गढ़वाल बनाया गया है। डिप्टी कलक्टर हरिद्वार सौरभ असवाल को एडीएम वित्त एवं राजस्व नैनीताल की जिम्मेदारी दी गई है। डिप्टी कलक्टर चम्पावत अनुराग आर्या को डिप्टी कलक्टर नैनीताल, डिप्टी कलक्टर ऊधमसिंह नगर रविंद्र जुवांठा को डिप्टी कलक्टर देहरादून, सुधीर कुमार को डिप्टी कलक्टर नैनीताल, हिमांशु कफल्टिया को डिप्टी कलक्टर ऊधमसिंह नगर, वीसी पंत और सुनील कुमार को डिप्टी कलक्टर चम्पावत और अंकित राज को डिप्टी कलक्टर पिथौरागढ़ का चार्ज दिया गया है।

● अनुराग आर्या व सुधीर कुमार बने डिप्टी कलक्टर नैनीताल




चिंताजनक | चार दिन में 1 मौत, 3 रेस्क्यू, हीट स्ट्रोक से जूझती एक बाघिन ने बढ़ाई चिंता

# कुमाऊं तराई पश्चिमी क्षेत्र में बाघों पर मंडराया खतरा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** तराई पश्चिमी क्षेत्र से एक के बाद एक सामने आ रहे मामलों ने वन विभाग की चिंता बढ़ा दी है। बीते कुछ ही दिनों में एक बाघ की मौत हो चुकी है जबकि तीन बाघों का रेस्क्यू किया जा चुका है। ताजा मामला बैलपड़ाव रेंज के गैबुआ का है, जहां एक बाघिन हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन से जिंदगी की जंग लड़ रही है।

पहला मामला 12 अप्रैल का है जब बन्नाखेड़ा रेंज के अंदरूनी जंगल क्षेत्र में एक 13 वर्षीय नर बाघ मृत पाया गया। डीएफओ प्रकाश आर्या के अनुसार प्रथम दृष्टया बाघ की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई और उसके सभी अंग सुरक्षित मिले।

इसके अगले ही दिन 13 अप्रैल को फाटो जोन में एक घायल बाघिन की सूचना मिली वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर उसका इलाज किया फिलहाल बाघिन स्वस्थ बताई जा रही है और निगरानी में है।

तीसरा मामला 14 अप्रैल का है जब बेलपड़ाव रेंज में गश्त के दौरान एक नर बाघ घायल अवस्था में मिला। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की मेडिकल टीम ने उसे ट्रेंकुलाइज कर ढेला रेस्क्यू सेंटर पहुंचाया। डॉक्टरों के मुताबिक बाघ आपसी संघर्ष में घायल हुआ था, उसके शरीर पर गहरे घाव और संक्रमण के निशान पाए गए। वहीं चौथा और सबसे गंभीर मामला 15 अप्रैल का है। गैबुआ क्षेत्र में एक मादा बाघिन बेहद कमजोर और घायल हालत में मिली। कुमाऊं चीफ डॉ. साकेत बडोला के निर्देशन में टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।

वरिष्ठ वन्यजीव चिकित्साधिकारी डॉ. दुष्यंत शर्मा ने बाघिन को ट्रेंकुलाइज कर सुरक्षित रेस्क्यू किया। वरिष्ठ वन्यजीव चिकित्साधिकारी के अनुसार बाघिन का बॉडी टेम्परेचर करीब 108 डिग्री तक पहुंच गया था जो हीट स्ट्रोक की बेहद खतरनाक स्थिति है।



बाघिन का उपचार करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

#### गंभीर डिहाइड्रेशन से भी जूझ रही बाघिन

डॉ. शर्मा के मुताबिक, इसके साथ ही वह गंभीर डिहाइड्रेशन से भी जूझ रही है, फिलहाल उसे ढेला रेस्क्यू सेंटर में ग्लूकोज, ड्रिप और दवाइयों के जरिए उपचार दिया जा रहा है उसकी उम्र करीब 7 से 8 वर्ष बताई जा रही है। कुमाऊं चीफ डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि बाघिन का तापमान काफी ज्यादा था, जो हीट स्ट्रोक का संकेत है। इलाज जारी है, पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद उसे जंगल में छोड़ा जाएगा।

## कांग्रेस का महिला विरोध फिर उजागर

**देहरादून:** भाजपा ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल को बाधित करने और उसे अपनी जीत बताने वाले विपक्षी दावों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा ने विपक्ष के इस कृत्य को 'महिला विरोधी मानसिकता' का परिचायक और शर्मनाक करार दिया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि आज कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने वर्ष 2029 में महिला आरक्षण लागू होने के करोड़ों महिलाओं के सपने को चोट पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके साथियों ने भले ही आज सदन में वोट की राजनीति कर महिलाओं के अधिकारों का रास्ता रोकने का प्रयास किया हो, लेकिन वे देश की मातृशक्ति के हौसलों को नहीं तोड़ पाए हैं।

## सिटी इंवेंट्स

- जनपद प्रभारी मंत्री खजान दास प्रसार प्रशिक्षण केंद्र बागजाला में जिला योजना की बैठक में हिस्सा लेंगे 11:30 बजे
- कैबिनेट मंत्री खजान दास भाजपा कार्यालय मुखानी में पदाधिकारियों के साथ वार्ता करेंगे 3 बजे
- पुनर्नवा महिला मंच की ओर से की गई रामलीला के पात्रों का सम्मान समारोह इकपर्णिका, निकट भूमिया बिठौरिया में 4 बजे

## सिटी ब्रीफ

### पुष्कर बने गरमपानी इकाई के अध्यक्ष

**हल्द्वानी :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने गरमपानी इकाई का विधिवत गठन किया। संस्थापक अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने पुष्कर सिंह पनोरा को अध्यक्ष, लाखन सिंह टनवाल को महामंत्री, भरत सिंह जलाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। शुक्रवार को गुरुनानक मार्केट हुई बैठक में कुंवर ने इसकी घोषणा की और नव मनोनीत पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपे। इस दौरान प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनिल खंडेलवाल, गोपाल भट्ट, राजकुमार केसरवानी, तारा सिंह भंडारी, मनोज नैनवाल, राजेंद्र सिंह रहे।

### 15 वर्षीय किशोर लापता

**हल्द्वानी :** देवलचौड़ निवासी बबीता पात्रा पत्नी रंजन पात्रा ने कोतवाली में तहरीर सौंप कर कहा कि उनका बेटा बीती 15 अप्रैल की सुबह 6:08 बजे घर से बिना सूचना दिए लापता हो गया। जब परिजनों की उसकी तलाश की तो अंतिम लोकेशन रुद्रपुर की मिली। रुद्रपुर के रोडवेज स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में देखा गया। उन्होंने पुलिस से पुत्र की बरामदगी की मांग की है।

### पिकअप ने बोलेरो और मकान को मारी टक्कर

**नैनीताल :** शहर के तल्लीताल क्लेक्ट्रेट रोड पर शुक्रवार को बड़ा हादसा टल गया। शेरवुड क्षेत्र से शादी का सामान लेकर तल्लीताल की ओर आ रही पिकअप के पुलिस लाइन के पास अचानक ब्रेक फेल हो गए, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया। हल्द्वानी निवासी चालक मदन राम ने पिकअप को कॉलेज रोड की ओर ले जाने की कोशिश की, लेकिन पिकअप सामने खड़ी बोलेरो से जा टकराई। टक्कर से बोलेरो क्षतिग्रस्त हो गई और पिकअप उसे धकेलते हुए सामने स्थित मकान में जा घुसी। टक्कर से बोलेरो व मकान को नुकसान पहुंचा है। हादसे में सभी लोग बाल-बाल बच गए। बोलेरो स्वामी चक्रधर भट्ट ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# अक्षय तृतीया कल, विवाह व वाहन खरीद के लिए शुभ दिन

संवाददाता, हल्द्वानी

- दान-पुण्य से पूरी होंगी सभी मनोकामनाएं, ज्योतिषाचार्य ने बताए शुभ मुहूर्त


**अमृत विचार:** सनातन धर्म में अक्षय तृतीया को शुभ, अक्षय और अबूझ मुहूर्त के रूप में माना जाता है। यह पर्व वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है और इसे दान, पुण्य व मांगलिक कार्यों के लिए शुभ माना जाता है।

ज्योतिषाचार्य अशोक वार्ष्णेय के अनुसार इस वर्ष अक्षय तृतीया 19 अप्रैल को सुबह 10 बजकर 49 मिनट से शुरू होकर 20 अप्रैल सुबह 7 बजकर 28 मिनट तक रहेगी। उन्होंने बताया कि ग्रह-नक्षत्रों के विशेष संयोग और सूर्य-चंद्रमा की उच्च स्थिति के कारण यह दिन अत्यंत फलदायी रहेगा। इस दौरान त्रिपुष्कर, गजकेसरी, शश और मालव्य योग का निर्माण होगा, जबकि तिथि समापन के समय सर्वार्थ सिद्धि योग बनेगा। अक्षय तृतीया के दिन घर की सफाई, मुख्य द्वार पर वंदनवार के साथ महालक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा का विशेष महत्व है। इस दिन घड़ा, छाता, वस्त्र, फल आदि वस्तुओं का दान करना शुभ माना जाता है। ज्योतिषीय अनुसार वाहन खरीद के लिए 19 अप्रैल सुबह 10:49 बजे से 20 अप्रैल सुबह 5:21 बजे तक का समय शुभ रहेगा। इस दिन हल्दी की गांठ, मिट्टी का घड़ा, पीली कौड़ी, सेंधा नमक और पीली सरसों खरीदना भी शुभ माना जाता है। अक्षय तृतीया पर विवाह, गृह प्रवेश व वाहन खरीद जैसे कार्य बिना विशेष मुहूर्त देखे संपन्न किए जाते हैं।

## पश्चिमी वन वृत्त की तीन डिवीजनों में संवेदनशील स्थानों पर लगाए जाएंगे पांच एआई इनेबल कैमरे

# बाघों के मूड और मूवमेंट पर रहेगी एआई की पैनी नजर

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** पहाड़ और तराई क्षेत्र में बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए वन विभाग अब आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) तकनीक से निगरानी करने का फैसला लिया है। वन विभाग ने नैनीताल, ऊधम सिंह नगर और चम्पावत जिलों के संवेदनशील इलाकों में एआई-इनेबल कैमरे लगाने जा रहा है जिससे वन्यजीवों की गतिविधियों यानी उनके मूड और मूवमेंट पर रीयल-टाइम निगरानी संभव होगी और समय रहते लोगों को सतर्क किया जा सकेगा।

वन अधिकारियों के अनुसार, मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की मदद से संवेदनशील जंगलों और कॉरिडोर में एआई इनेबल कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों के जरिए अर्ली वार्निंग सिस्टम विकसित किया जाएगा, जिससे वन्यजीवों की हलचल की जानकारी तुरंत मिल सकेगी। इसकी शुरुआत पश्चिमी वन वृत्त में पांच एआई कैमरे लगाने से होगी। ये कैमरे तराई पूर्वी वन डिवीजन के गौला कॉरिडोर, तराई केंद्रीय वन डिवीजन के टांडा रोड व हल्द्वानी वन डिवीजन के बूम कॉरिडोर में लगाए जाएंगे।

### एआई इनेबल कैमरों की ये है खूबी

- एआई इनेबल कैमरे पारंपरिक ट्रैपिंग कैमरों से अलग होंगे। इन्हें लगभग 20 फीट ऊंचे खंभों पर लगाया जाएगा जिससे काफी दूर तक बड़े क्षेत्र की निगरानी संभव होगी।
- इन कैमरों में सोलर पैनल लगे होंगे, जिससे ये सौर ऊर्जा से संचालित होंगे और दूरस्थ क्षेत्रों में भी बिना रुकावट काम कर सकेंगे।
- इनमें लगे मोशन सेंसर बाघ, तेंदुआ या अन्य वन्यजीवों की गतिविधियों को ट्रैक कर उनकी लोकेशन तुरंत संबंधित अधिकारियों के मोबाइल फोन पर भेज देंगे।
- सूचना मिलते ही वन विभाग रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी) को अलर्ट करेगा, जो तुरंत मौके पर पहुंचकर संभावित खतरे को टालने का प्रयास करेगी।

**03** वन डिवीजन में 5 संवेदनशील स्थानों पर लगेंगे एआई कैमरे



एआई इनेबल कैमरे लगने से समय रहते चेतावनी मिलने से न केवल ग्रामीणों को सुरक्षित किया जा सकेगा, बल्कि वन्यजीवों को भी नुकसान से बचाया जा सकेगा। इससे रैपिड रिस्पांड टीम (आरआरटी) को भी पर्याप्त समय मिलेगा और घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है। **-हिमांशु बागरी**, डीएफओ तराई पूर्वी वन डिवीजन

### जनसहभागिता भी बढ़ाई जाएगी

**हल्द्वानी :** डीएफओ ने कहा कि मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम में जनसहभागिता भी अहम है। कैमरों के संचालन और अलर्ट सिस्टम को प्रभावी बनाने के लिए ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और स्थानीय लोगों को भी इस अभियान से जोड़ा जाएगा। इन अत्याधुनिक तकनीक और जनता के सहयोग से मानव-वन्यजीव संघर्ष को काफी हद तक कम किया जा सकेगा।

# वरिष्ठ भाजपा नेता का परिवार बना जमीन सौदागरों का शिकार, एफआईआर हुई दर्ज

## धोखाधड़ी करने वालों ने भाजपा विधायक बंशीधर भगत के पुत्र विकास भगत को बेच दी गूल व सरकारी जमीन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** कुमाऊं के सबसे बड़े शहर में जमीनों की धोखाधड़ी के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। जालसाजी से जमीनों का सौदा करने वाले अभी तक तो आमजन या सरकारी कर्मियों को ही अपना शिकार बना रहे थे लेकिन अब ऐसे जालसाज सत्तारूढ़ दल के जनप्रतिनिधि तक को नहीं बख्श रहे। धोखे से जमीनों का सौदा करने वाले कभी सरकारी तो कभी पड़ोसी की जमीन को अपना बताकर बेच रहे हैं। एक ही जमीन कई लोगों को बेचकर धोखाधड़ी भी आम है।

जमीन खरीदने के प्रकरण में धोखे का शिकार विधायक परिवार हुआ है जिसका कई साल बाद राजफाश होने के बाद शुक्रवार को एफआईआर दर्ज की गई। जमीनों की धोखाधड़ी करने वालों ने भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सीनियर विधायक बंशीधर भगत के पुत्र विकास भगत को ही सिंचाई गूल व सरकारी जमीन बेच दी। विकास भगत भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हैं। आठ साल बाद धोखाधड़ी का खुलासा हुआ तो अन्यत्र जमीन का झांसा दिया। छह साल तक जमीन नहीं मिलने पर विधायक पुत्र की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विकास भगत पुत्र बंशीधर भगत निवासी लोहरियासाल मल्ला ने मुखानी पुलिस को तहरीर सौंप कर बताया कि उन्होंने 30 मार्च 2012 को नवीन चन्द्र, खीमानन्द, मोहन चन्द्र, स्व. कैलाश चन्द्र, उमेश चन्द्र पुत्रगण नारायण दत्त निवासीगण नन्दपुर से खेत नंबर 57 मध्ये 613.48 वर्ग मीटर (6601.10 वर्ग फिट) भूमि खरीदी थी। इसके बाद उन्होंने यह भूमि अन्य लोगों को बेच दी। लगभग आठ साल बाद 17 मार्च 2020 को अपर जिलाधिकारी ने हल्द्वानी एसडीएम को नन्दपुर में कैलाश चन्द्र पांडे व अन्य की ओर से सिंचाई गूल तथा सड़क का रकबा खेत में मिलाने और भूमिधरी बेचने के आरोपों की जांच करने को कहा। जांच में मिला कि पांचों ने सिंचाई गूल कलावा-4 को ध्वस्तकर उक्त भूमि को अपनी जमीन में मिला लिया। इसके बाद पांचों ने साजिशन उक्त भूमि को विकास भगत को बेच दिया।

इधर, बाद में सिंचाई विभाग व प्रशासन ने सरकारी व गूल की भूमि पर अतिक्रमण हटाकर कब्जा ले लिया। जब विकास ने उक्त भूमि की ऐवज में भूमि मांगी तो अन्यत्र भूमि देने का झांसा दिया लेकिन छह साल तक भूमि नहीं दी। इससे उनका काफी आर्थिक नुकसान हो गया। एसएचओ जोशी ने बताया कि विकास भगत की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

### बैंक में बंधक जमीन को बेचने का खेल

**हल्द्वानी :** जालसाजी का पहला मामला लालकुआं और हल्द्वानी के बमौरी मल्ली क्षेत्र का है, जिसने बैंकिंग सिस्टम और खरीददार दोनों को हिला कर रख दिया। **केस 1** आरोपी पति-पत्नी (सुरेश चंद्र जोशी और सरिता जोशी) ने अपनी 415.43 वर्ग मीटर जमीन पर नैनीताल बैंक से 1.35 करोड़ का भारी-भरकम लोन लिया। यह जमीन बैंक के पास बंधक थी। लोन लेने के मात्र 8 महीने बाद, आरोपियों ने बैंक को अंधेरे में रखा और जमीन के कागजों में हेरफेर कर इसे देवकी देवी नामक महिला को बेच दिया। यह मामला मार्च 2026 में विभागीय जांच के बाद तब खुला जब खाता एनपीए (गैर-निष्पादित संपत्ति) हो गया। कोर्ट के आदेश पर अब मुकदमा दर्ज है।

### विला और प्लॉट के नाम पर 6 करोड़ की चपत

**केस 2** दूसरा मामला मुक्तेश्वर और हल्द्वानी के बाहरी इलाकों का है, जहां हिल क्रिस्ट और शिखर प्रॉपर्टी के नाम पर बड़े सपने दिखाए गए। बिल्डर मनोज जोशी ने 6 अलग-अलग लोगों को मुक्तेश्वर की वादियों में आलीशान विला और प्लॉट दिलाने का झांसा दिया। लुभावने विज्ञापनों के जाल में फंसाकर पीड़ितों से करीब 6 करोड़ जमा करवा लिए गए। जब कब्जे की बात आई, तो बिल्डर मुकर गया। न जमीन मिली और न ही मेहनत की कमाई वापस मिली। 7 मार्च 2026 को कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत की जनसुनवाई में जब यह मामला पहुंचा, तो उन्होंने तत्काल मुकदमा और अवैध निर्माणों के ध्वस्तीकरण के निर्देश दिए।

- वर्ष 2012 में नंदपुर में बेची थी जमीन, 6 साल बाद हुआ था खुलासा फिर अन्यत्र जमीन देने का दिया झांसा

### कौन हैं बंशीधर भगत व उनके पुत्र

भाजपा के कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत आठ बार के विधायक रह चुके हैं। वह दो बार कैबिनेट मंत्री भी रहे हैं। वह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। पिछली सरकार में वह शहरी विकास मंत्री भी रहे हैं। वहीं पुत्र विकास भगत भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष समेत विभिन्न पदों पर रह चुके हैं। वह वर्तमान में भगत भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हैं।

# रोडवेज परिचालक निजी क्यूआर पर ले रहे किराया

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार:** उत्तराखंड परिवहन निगम द्वारा यात्रियों की सुविधा और आय बढ़ाने के लिए लागू की गई कैशलेस व्यवस्था पर अब सवाल उठने लगे हैं। निगम मुख्यालय के निर्देशों के बावजूद कई बसों में परिचालक ई-टिकटिंग मशीनों के क्यूआर कोड से भुगतान कराने के बजाय यात्रियों से किराया सीधे अपने निजी खातों में मंगवा रहे हैं। इससे नियमों का उल्लंघन होने के साथ ही निगम के राजस्व को भी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है।

निगम ने यात्रियों को ई-टिकटिंग मशीन में उपलब्ध क्यूआर कोड स्कैन कर भुगतान करना अनिवार्य किया है, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और नकदी रहित लेन-देन को बढ़ावा मिल सके। हालांकि जमीनी स्तर पर कई परिचालक इस व्यवस्था को नजरअंदाज करते हुए निजी यूपीआई आईडी साझा कर रहे हैं। इससे न तो टिकट का सही रिकॉर्ड बन पा रहा है और न ही निगम की आय का सही आकलन हो पा रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए मंडलीय प्रबंधक (संचालन) पूजा जोशी ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी अपरिहार्य स्थिति में टिकटिंग मशीन का क्यूआर कोड स्कैन कराना संभव न हो, तो परिचालक को पहले सक्षम अधिकारी से अनुमति लेनी होगी। बिना अनुमति के निजी खातों में किराया लेना भ्रष्टाचार की श्रेणी में माना जाएगा। आदेश में यह भी चेतावनी दी गई है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले चालक-परिचालकों के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही निगरानी में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। यात्रियों का कहना है कि कई बार उन्हें टिकट के बजाय ऑनलाइन भुगतान का स्क्रीनशॉट दिखाकर आगे बढ़ा दिया जाता है, जिससे बाद में शिकायत करना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में निगम की व्यवस्था और कर्मचारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# खराब सड़क पर चलकर जानी स्थिति

- मेयर ने वार्ड 43, 47 और 41 का किया निरीक्षण, सफाई व जल निकासी को लेकर दिए निर्देश

संवाददाता, हल्द्वानी



वार्डों का निरीक्षण करते मेयर गजराज सिंह बिष्ट।

**अमृत विचार :** मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न वार्डों में निरीक्षण अभियान चलाकर जमीनी समस्याओं का जायजा लिया और उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वार्ड 43 स्थित जय दुर्गा कॉलोनी व रकसिया नाला क्षेत्र में नाला सफाई, जल निकासी और स्वच्छता व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए, ताकि बरसात में जलभराव की समस्या न हो।

वहीं, वार्ड 47 की नीलियम कॉलोनी में सड़क, जल निकासी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। वार्ड 41 में ओवरहेड टैंक का निरीक्षण करते हुए इसके पुनर्निर्माण और उच्च क्षमता की मोटर लगाने का निर्णय लिया गया, जिससे क्षेत्र की जलापूर्ति व्यवस्था मजबूत हो सके। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद चंद्र प्रकाश, एडीबी व जल संस्थान के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान भी कराया गया। मेयर ने कहा कि नगर निगम आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और सभी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों में गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

## अर्पिता ने राष्ट्रीय बजट क्वेस्ट में किया प्रतिभाग

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज के बीएड विभाग की चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा अर्पिता तिवारी ने नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय बजट क्वेस्ट में प्रतिभाग कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। 12 अप्रैल को श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में नारी शक्ति-विकसित भारत विषय पर वूमेन मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम हुआ।

13 अप्रैल को पैनल डिस्कशन में अर्पिता ने फ्यूचर इकोनॉमी विषय पर प्रभावी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में देशभर से 14 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने क्विज में भाग लिया, जिसमें से 40 हजार प्रतिभागियों का चयन दूसरे चरण के लिए हुआ। निबंध लेखन चरण में अर्पिता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर फाइनल चरण में स्थान बनाया। अर्पिता की इस उपलब्धि पर प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी सहित बीएड विभाग व प्राध्यापकों ने बधाई दी है।

# टालो मत, एनओसी लो और तुरंत गड्ढे भरो

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी




रुद्रपुर-हल्द्वानी हाइवे का निरीक्षण करते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने शुक्रवार को रुद्रपुर-हल्द्वानी हाइवे का औचक निरीक्षण किया और टांडा रेलवे क्रॉसिंग के समीप सड़क की मरम्मत नहीं होने पर नाराजगी जताई।

आयुक्त रावत का काफिला सुबह 10:30 बजे टांडा रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंचा जहां सड़क पर अत्यधिक गड्ढे थे। उन्होंने ब्रिडकुल के अधिकारियों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि हॉटमिक्स का काम हो गया है, इस स्थान के गड्ढे को रेलवे की ओर से भरा जाना है। इस पर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए लोनिवि को निर्देश दिए कि रेलवे से अनापत्ति लेते हुए जल्द से जल्द रेलवे क्रॉसिंग के पास सड़क के गड्ढे भरे जाएं ताकि वाहन दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि रेलवे क्रॉसिंग टांडा मार्ग पर सड़क मरम्मत नहीं होने से वाहनों के आवागमन में असुविधा के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। लोनिवि को तत्काल रेलवे क्रॉसिंग टांडा सडक पर सड़क मरम्मत व गड्ढा भरने का कार्य शीघ्रता से कराने के निर्देश दिए। ब्रिडकुल परियोजना प्रबंधक संदीप रावत ने बताया कि रुद्रपुर स्टेट हाइवे का हॉटमिक्स पूर्ण हो चुका है। उक्त मार्ग लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित होना है। रेलवे क्रॉसिंग पर सड़क की मरम्मत रेलवे की ओर से किया जाना है हालांकि रेलवे की ओर ठेकेदार का चयन नहीं हुआ है। इस पर आयुक्त ने लोनिवि के अधिकारियों को उक्त सड़क को शीघ्र ही हस्तांतरण करने के निर्देश दिए और रेलवे से अनापत्ति लेकर तत्काल मरम्मत की जाए। डीएम से भी इसको संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान ब्रिडकुल आरई रोहित नरियाल, मो. आसिफ आदि रहे।

# परिवार गया था बाहर, चोरों ने घर से उड़ाए तीन सिलेंडर

संवाददाता, हल्द्वानी




**अमृत विचार :** विवाहिता पति के इलाज के लिए अस्पताल गई, पीछे से आए चोरों ने घर में रखे तीन सिलेंडर चोरी कर लिए। विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मुखानी के आदर्श नगर गली नंबर-3 निवासी श्वेता क्वीरा पत्नी निखिल सिंह क्वीरा ने पुलिस को तहरीर सौंप कर बताया कि वह बीती 4 मार्च को पति के उपचार के सिलसिले में घर से बाहर थी। उनकी गैरमौजूदगी में घर की बाउंड्री को पार कर भीतर घुसे अज्ञात चोरों ने गैलरी में रखे हुए भारत गैस के दो सिलेंडर चोरी कर लिए। जब वह बीती 28 मार्च को घर पहुंची तब उक्त चोरी की घटना का पता चला। इसके बाद फिर से इलाज के लिए शहर के बाहर गई तो इस बार फिर से अज्ञात चोर ने घर में घुसकर इंडेन का एक सिलेंडर चोरी कर लिया। यह चोरी बीती 11 अप्रैल को सुबह 4.30 बजे की गई, यह वारदात घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। महिला की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

**व्यवस्था** | भारी वाहनों पर प्रतिबंध, दो दिनों तक सुबह से रात 10 बजे तक प्रभावी रहेगी यह व्यवस्था

# वीकेंड पर आज से ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार:** वीकेंड पर बढ़ने वाली पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए पुलिस ने विशेष ट्रैफिक और डायवर्जन प्लान लागू किया है। यह व्यवस्था दो दिनों तक सुबह से रात 10 बजे तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान यात्रा रूट पर सभी प्रकार के भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा।

पुलिस के अनुसार पर्वतीय क्षेत्रों से हल्द्वानी की ओर आने वाले सभी भारी मालवाहक वाहनों को सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक बॉर्डर पर रोका जाएगा। जनपद के अंदर से आने वाले भारी वाहनों को नंबर-1 बैंड, भीमताल एचएमटी क्षेत्र, पुलिस चौकी सलड़ी, अमृतपुर मोड़ और मैगी प्वाइंट क्षेत्र में पार्क कराया जाएगा। वहीं मैदानी क्षेत्र से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले भारी वाहनों को गौलापार और खेड़ा चौकी के पास रोका जाएगा। बरेली रोड से आने वाले पर्यटक व मालवाहक वाहन तीनपानी फ्लाईओवर से गौलापार रोड होते हुए नारीमन तिराहा काठगोदाम से गंतव्य को जाएंगे। रुद्रपुर की ओर से आने वाले वाहन पंतनगर, लालकुआं और तीनपानी फ्लाईओवर होते हुए गौलापार रोड से भेजे जाएंगे। रामनगर, बाजपुर और कालाढूंगी से आने वाले वाहन कालाढूंगी-नैनीताल तिराहा से मंगोली मार्ग होते हुए जाएंगे।

रविवार को दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक भवाली मस्जिद तिराहा और नैनीताल से मैदानी क्षेत्रों को जाने वाले वाहनों को नंबर-1 बैंड और रूसी बाईपास से डायवर्ट कर मंगोली-कालाढूंगी मार्ग से भेजा जाएगा।

### कैंचीधाम, भवाली और भीमताल के लिए विशेष व्यवस्था

वीकेंड पर कैंचीधाम, भवाली और भीमताल में यातायात दबाव कम करने के लिए अल्मोड़ा और रानीखेत की ओर से आने वाले भारी वाहनों को क्वारब और खैरना से रामगढ़-मुक्तेश्वर मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा। कैंचीधाम आने वाले पर्यटक वाहनों को भीमताल विकास भवन पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा, जहां से शटल सेवा के माध्यम से कैंचीधाम भेजा जाएगा। वहीं नैनीताल से आने वाले वाहनों को भवाली सैनिटोरियम पार्किंग में पार्क कराया जाएगा और वहां से शटल सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। पुलिस ने यात्रियों से यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

# कालाढूंगी के जंगल में मिला नर भालू का शव

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** रामनगर वन प्रभाग के कालाढूंगी रेंज के वन क्षेत्र में एक नर भालू का शव मिला है। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कर दिया।

जांच के लिए विसरा बरेली लैब भेज दिया गया है। शुक्रवार दोपहर लगभग तीन बजे कॉर्बेट हेरिटेज जंगल सफारी के दौरान पर्यटकों ने बौर नदी के पास नलनी बीट कक्ष संख्या-1 में पानी के स्रोत के पास भालू का शव देखा। सफारी गेट पर तैनात कर्मचारियों ने तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचना दी, जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। डॉ. हिमांशु पांगती और डॉ. राहुल सती ने भालू के शव का पोस्टमार्टम किया। डिप्टी रेंजर भूपेन्द्र सिंह बिष्ट ने बताया कि भालू की मौत के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। प्रथम दृष्टया स्वाभाविक मृत्यु या बीमारी से मौत की आशंका जताई जा रही है। उन्होंने बताया कि मृत नर भालू की उम्र लगभग 14 वर्ष थी। भालू के सभी अंग सुरक्षित पाए गए हैं। विपोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# विद्युत कटौती को लेकर लोगों ने जताया आक्रोश

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** गुरुवार रात हुई अघोषित विद्युत कटौती को लेकर लोगों में भारी रोष व्याप्त है। इन दिनों देहरादून कंट्रोल रूम से रात के समय 3-4 घंटे की बिजली कटौती की जा रही है। लोगों का कहना है कि विद्युत विभाग इतना संवेदनहीन हो गया है कि कटौती के लिए रात का समय चुना जा रहा है। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर चोर, नशेड़ी या अन्य अपराधी घटनाओं को अंजाम दे सकते हैं, जिससे जन-धन की हानि की आशंका बनी रहती है।रामनगर जल संस्थान के लिए लाखों रुपये खर्च कर बनाया गया अलग फीडर, जो केवल पेयजल आपूर्ति के लिए है, वह भी शुक्रवार को अघोषित कटौती से प्रभावित रहा। भीषण गर्मी में इससे पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है, जिससे आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश सचिव अनिल अग्रवाल ने विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि स्थिति विकराल रूप लेने से पहले व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, अन्यथा जनता का आक्रोश झेलना पड़ सकता है। उन्होंने शासन-प्रशासन और विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की कि जल संस्थान के अलग फीडर की विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रखी जाए और उसमें कटौती न की जाए।

### नैनीताल रोपवे में एनडीआरएफ-एसडीआरएफ की मॉक ड्रिल, त्वरित और समन्वित बचाव कार्यों की तैयारी को परखा

# हवा में फंसे पर्यटकों का सुरक्षित रेस्क्यू, पर्यटन सुरक्षा पर जोर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** पर्यटन नगरी नैनीताल में पर्यटकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए शुक्रवार को मल्लीताल स्थित रोपवे क्षेत्र में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अग्निशमन विभाग द्वारा संयुक्त मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस अभ्यास का उद्देश्य रोपवे में तकनीकी खराबी जैसी आपात स्थिति के दौरान त्वरित और समन्वित बचाव कार्यों की तैयारी को परखना था।

मॉक ड्रिल के तहत यह परिदृश्य तैयार किया गया कि रोपवे अचानक सात नंबर स्टाफ हाउस के समीप रुक गया है और उसमें चार पर्यटक



मल्लीताल रोपवे क्षेत्र में आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान रेस्क्यू करते जवान।

हवा में फंसे हुए हैं। सूचना मिलते ही एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और फायर सर्विस की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। प्रशिक्षित जवानों ने विशेष उपकरणों और रस्सियों की मदद से यात्रियों को सुरक्षित नीचे उतारा। इसके बाद उन्हें प्राथमिक उपचार देकर एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया।

एनडीआरएफ के द्वितीय कमांडर राजेश जोशी ने बताया कि इस प्रकार के नियमित अभ्यास से आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया और विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित होता है। उन्होंने कहा कि नैनीताल जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल पर इस तरह की तैयारियां अत्यंत आवश्यक हैं, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति में पर्यटकों की सुरक्षा में कोई कमी न रहे। गौरतलब है कि वर्ष 2025 में भी रोपवे पर इसी प्रकार का वास्तविक रेस्क्यू अभ्यास किया गया था, जिसमें टीमों ने सफलतापूर्वक यात्रियों को सुरक्षित निकाला था। इस बार की ड्रिल में भी टीमों की दक्षता और समन्वय देखने को मिला। ड्रिल के दौरान इंस्पेक्टर फार्मासिस्ट सुशील कुमार, एफएसओ देवेंद्र सिंह नेगी, एसआई भावना बिष्ट, हेड कांस्टेबल महेंद्र भंडारी, चंदन रौतेला, जगदीश बिष्ट, हेड कांस्टेबल चंद्र बहादुर थापा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### पर्यटन के लिहाज से अहम पहल

नैनीताल में हर वर्ष बड़ी संख्या में पर्यटक रोपवे का आनंद लेने आते हैं। ऐसे में इस तरह की मॉक ड्रिल न केवल सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करती है, बल्कि पर्यटकों में यह विश्वास भी बढ़ाती है कि किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन पूरी तरह तैयार है।

# नैनीताल में अव्यवस्था पर होटल एसोसिएशन नाराज, पार्किंग और ट्रैफिक में सुधार की मांग

### होटल एसोसिएशन का सुझाव, नियमों में संशोधन कर निजी भूमि पर पॉकेट पार्किंग को अनुमति दे प्राधिकरण

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** सरोवर नगरी नैनीताल में लगातार बढ़ रहे पर्यटकों के दबाव के बीच बुनियादी सुविधाओं की कमी अब गंभीर समस्या बनती जा रही है। इसी को लेकर नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने पर्यटन अधिकारी को विस्तृत सुझाव पत्र भेजते हुए शहर की प्रमुख समस्याओं और उनके समाधान की मांग उठाई है।

होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट का कहना है कि नैनीताल में वर्तमान समय की सबसे बड़ी समस्या पार्किंग व्यवस्था है। शहर में न केवल पर्यटकों के वाहनों का दबाव बढ़ रहा है, बल्कि लगभग 5,000 से अधिक स्थानीय निवासियों के वाहन भी सड़कों पर हैं, जिससे स्थिति और जटिल हो गई है। ऐसे में मेट्रोपोल और तल्लीताल टैक्सी स्टैंड के पास बहुप्रतीक्षित पार्किंग निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू करने की मांग की गई है। साथ ही, प्राधिकरण के नियमों में संशोधन कर निजी भूमि पर छोटी-छोटी पॉकेट पार्किंग को अनुमति देने का सुझाव भी दिया गया है।



नैनीताल में लगे जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

### कैंची धाम के लिए विशेष योजना की मांग

नैनीताल आने वाले अधिकांश पर्यटक कैंची धाम के दर्शन के लिए भी जाते हैं। ऐसे में एसोसिएशन ने कैंची–रतिघाट बाईपास के शीघ्र निर्माण की आवश्यकता बताई है। दीर्घकालिक समाधान के रूप में नैनीताल और भवाली से कैंची धाम तक रोपवे निर्माण का सुझाव दिया गया है। फिलहाल के लिए हल्द्वानी, नैनीताल, भीमताल और भवाली से मिनी बस शटल सेवा शुरू करने की मांग रखी गई है, जिससे ट्रैफिक दबाव कम किया जा सके।

**गैस आपूर्ति संकट से जूझ रहा पर्यटन व्यवसाय :** खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के कारण गैस आपूर्ति प्रभावित होने से होटल और रेस्टोरेंट व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं। आरोप है कि स्थानीय गैस एजेंसियों की धीमी कार्यप्रणाली के चलते पहले उधम सिंह नगर से गैस आपूर्ति ली जाती थी, लेकिन अब एसओपी के नाम पर इस पर रोक लगाई जा रही है। इस समस्या के समाधान के लिए ऊधमसिंह नगर की गैस एजेंसियों से पुनः आपूर्ति की अनुमति देने या स्थानीय एजेंसियों को पर्याप्त सप्लाई सुनिश्चित करने के निर्देश देने की मांग की गई है।

**पर्यटन के सतत विकास पर जोर :** होटल एसोसिएशन का मानना है कि यदि समय रहते इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो नैनीताल का पर्यटन प्रभावित हो सकता है। उन्होंने प्रशासन और पर्यटन विभाग से समन्वय बनाकर ठोस और दीर्घकालिक रणनीति तैयार करने की अपील की है, ताकि नैनीताल आने वाले पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिले और स्थानीय अर्थव्यवस्था भी मजबूत हो सके।

### ट्रैफिक प्रबंधन पर भी उठे सवाल

होटल एसोसिएशन के सचिव वेद साह ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को अव्यवस्थित बताते हुए कहा कि हाईकोर्ट के निर्देशों के तहत जुलाई 2017 के बाद पंजीकृत टैक्सी, बाइक और स्कूटी के शहर में प्रवेश पर रोक को सख्ती से लागू किया जाए, जबकि स्थानीय निवासियों को इसमें राहत दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब शहर की पार्किंग फुल हो जाती है, तो पर्यटकों को बाईपास पर रोका जाता है, लेकिन वहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। एसोसिएशन ने बाईपास क्षेत्र को व्यवस्थित करने के लिए सुरक्षित पार्किंग, भोजनालय, शौचालय, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और आकर्षक सौंदर्यीकरण की मांग की है, ताकि पर्यटक वहां रुककर भी अच्छा अनुभव ले सकें। साथ ही, पर्यटकों को सीधे डायवर्ट करने के बजाय बाईपास तक लाकर शटल सेवा के माध्यम से शहर में प्रवेश दिलाने की व्यवस्था लागू करने पर जोर दिया गया है। "मित्र पुलिस" की भावना के अनुरूप पर्यटकों के साथ व्यवहार सुधारने की भी बात कही गई है।

### अवैध होमस्टे और होटल पर भी जताई चिंता

दिग्विजय बिष्ट ने बताया कि नैनीताल में लगभग 400 से अधिक पंजीकृत होटल, गेस्ट हाउस और होमस्टे हैं, जबकि इससे अधिक संख्या में अवैध और अपंजीकृत इकाइयां संचालित हो रही हैं। इन पर कार्रवाई कर या तो पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए या उन्हें बंद कराया जाए, ताकि पर्यटन का वास्तविक आंकड़ा सामने आ सके और व्यवस्थाएं बेहतर बनाई जा सकें।



विकास कार्यों का निरीक्षण करते ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट।

# ब्लॉक प्रमुख ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने देवीधुरा पटवाडांगर–बोहरागांव–बेल क्षेत्र में निर्माणाधीन विकास कार्यों और पीएमजीएसवाई के तहत चल रहे मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। नाईशिला में शिविर का आयोजन भी किया गया।

निरीक्षण के दौरान पटवाडांगर से नाईशिला सड़क लंबे समय से क्षतिग्रस्त पाई गई, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। इस पर ब्लॉक प्रमुख ने पीएमजीएसवाई अधिकारियों को एक माह के भीतर सड़क की मरम्मत और गुणवत्तापूर्ण सुधार कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने डामरीकरण और सुरक्षा दीवार निर्माण की मांग रखी, जिस पर उन्होंने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। ब्लॉक प्रमुख ने बोहरागांव में ग्राम पंचायत और कृषि विभाग के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। मोना बाना क्षेत्र में 18 लाख रुपये खर्च होने के बावजूद पेयजल आपूर्ति शुरू न होने पर उन्होंने नाराजगी जताई और 15 दिनों में व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। शिक्षा एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई, जिस पर ब्लॉक प्रमुख ने स्पष्टीकरण तलब करते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्राम प्रधान प्रेमा बर्गली, ललिता मलाडा, कै. प्रताप नगरकोटी, सुरेंद्र सिंह, क्षेपंस. संदीप गोस्वामी, बंटी, हिमांशु पांडे, धर्मेंद्र रावत, चम्पा बिष्ट, मथुरा दत्त पांडे, संजय गेडा, धीरेन्द्र सिजवाली, दिवान तड़ागी, संजय किरौला, गंगा सिंह रजवार रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने दिया धरना

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का गुस्सा एक बार फिर सड़कों पर देखने को मिला। अपनी लंबित मांगों को लेकर कार्यकत्रियों ने सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का कहना है कि वे लंबे समय से मानदेय बढ़ाने की मांग कर रही हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि 2 अप्रैल से वे दोबारा आंदोलनरत हैं, बावजूद इसके उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई है। कार्यकत्रियों ने कहा कि वर्तमान में उन्हें मात्र 9,300 रुपये प्रतिमाह मानदेय मिल रहा है, जो परिवार के भरण-पोषण के लिए बेहद कम है। उन्होंने सरकार से मानदेय बढ़ाकर 18,000 से 24,000 रुपये प्रतिमाह करने की मांग की। उनका कहना है कि आज खेतों में कार्य करने वाला मजदूर भी लगभग 700 रुपये प्रतिदिन कमा रहा है, जबकि उन्हें उससे भी कम पारिश्रमिक मिल रहा है। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें पिछले दो महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। कार्यकत्रियों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका, मिनी कर्मचारी संगठन की ब्लॉक अध्यक्ष दीपा थापा, सचिव ममता भंडारी, कोषाध्यक्ष प्रीति विद्यार्थी, मीडिया प्रभारी मीरा भारती समेत अन्य कार्यकत्रियां व सहायिकाएं मौजूद रहीं।



रामनगर में आंदोलन के दौरान सभा को संबोधित करती एक कार्यकत्री।

## झपटमारों ने महिला का मंगलसूत्र छीना

**रामनगरः** ग्राम पीरुमदारा क्षेत्र में बाइक सवार तीन अज्ञात लोगों ने एक बुजुर्ग महिला के साथ झपटमारी करने का मामला प्रकाश में आया है। झपटमारी बुजुर्ग महिला के गले से और मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गए।

पीड़ित महिला दुर्गा देवी ने पुलिस को सौंपी अपनी तहरीर में बताया कि वह गुरुवार शाम अपने घर के बाहर पेड़-पौधों को पानी दे रही थीं, तभी बाइक सवार तीन लोग वहां पहुंचे और उनके गले से मंगलसूत्र झपटकर फरार हो गए। पीरुमदारा चौकी प्रभारी वीरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपियों की पहचान कर ली जाएगी। उन्होंने बताया आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जीडीजेएम की आस्था बनीं टॉपर

संवाददाता, चोरगलिया

**अमृत विचारः** जीडीजेएम स्कूल चोरगलिया ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के कक्षा 10 के परिणामों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

विद्यालय की छात्रा आस्था बोहरा ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। उनके साथ जय रौतेला 95 प्रतिशत, आशीष सुयाल 93.6 प्रतिशत, वैशाली 91.8 प्रतिशत, शौर्य प्रताप सिंह 91.4 प्रतिशत, गरिमा बजेठा 91.2 प्रतिशत और तमन्ना पनेरु 91 प्रतिशत सहित कुल 9 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय की निदेशिका ममता जांगी ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम बच्चों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के अथक प्रयास और अभिभावकों के विश्वास का प्रतिफल है। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बच्चों की सफलता पर बधाई दी।



ज्योतिका पंवार।



तानिया बेलवाल।



चित्रा कुंवर।

### मदर्स ग्लोरी पब्लिक स्कूल का शत-प्रतिशत परिणाम

**रामनगर :** मदर्स ग्लोरी पब्लिक स्कूल में कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में शत–प्रतिशत रहा। विद्यालय की ज्योतिका पवार ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। चित्रा कुंवर ने 96 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान और तानिया बेलवाल ने 94 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त आदित्य सिरारी ने 92 .2%, दीक्षा अधिकारी 92%, वैष्णवी खुल्बे 92%, कुसुम 91 .2%, दृष्टि मठपाल 91%, वैष्णवी फुलारा 91%, मनीष कडाकोटी 91%, आरुषि बिष्ट 90 .4%, प्रकृति मेहरा 90 .4% और अंश गुप्ता 90 .2% सहित अनेक विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मीना पांथरी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ब्लॉक प्रमुख ने सीडीओ को समस्याएं बताईं

**भीमताल :** भीमताल विधानसभा के अंतर्गत ओखलकांडा ब्लॉक एकमात्र ऐसा ब्लॉक है, जहां आज तक क्षेत्र पंचायत की बैठक करने के लिए जनप्रतिनिधियों के बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं है। वर्तमान में यहां एक हॉल का निर्माण चल रहा है, लेकिन धन की कमी के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। जिसको लेकर ओखलकांडा ब्लॉक प्रमुख डी. रूबाली ने सीडीओ से मुलाकात कर उन्हें समस्या से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि हॉल के साथ-साथ कई कक्षों का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिसके लिए अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता है। सीडीओ ने आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

# पूजा, शुभम व गौतम ओवरऑल चैंपियन

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचारः** राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में महिला वर्ग में पूजा भट्ट और पुरुष वर्ग में संयुक्त रूप से शुभम व गौतम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. नवीन भगत व खेल प्रभारी डॉ. सत्यानंद भगत ने किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में किरण ने प्रथम, प्रियंका ने द्वितीय और हर्षिता बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, बालक वर्ग में शुभम प्रथम, योगेश जोशी द्वितीय और सचिन बधानी तृतीय स्थान पर रहे। अंत में पूजा भट्ट ने छात्रा वर्ग में तथा शुभम और गौतम ने संयुक्त रूप से छात्र वर्ग में चैंपियनशिप जीती। विजेता खिलाड़ियों को प्राचार्य प्रो. नवीन भगत और खेल प्रभारी डॉ. सत्यानंद भगत द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो. अंजली पुनेरा, डॉ. भावना जोशी, डॉ. आलोक पांडे, डॉ. सुमन, डॉ. अर्जुन, डॉ. प्रखर, डॉ. तनुजा, कमला भट्ट, भावना दुम्का, भुवन चंद्र भट्ट, महेंद्र नेगी, गोधन कार्की, सुंदर जोशी, रजा आदि मौजूद रहे।



कॉलेज में ओवरऑल चैंपियनों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

## रामनगर में युवक का शव मिलने से सनसनी

**रामनगरः** भवानीगंज क्षेत्र की बड़ी नहर के पास शुक्रवार को एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान सोनू (35), पुत्र दिवानी राम, निवासी लुटाबड़, कोतवाली रामनगर के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, मृतक सोनू शराब का आदी था। प्रथम दृष्टया अधिक शराब का सेवन करने से उसकी मौत होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है। पंचनामा की कार्रवाई की जा रही है।



कालाढूंगी में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते उक्रांद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### काबिज भूमि पर मालिकाना हक देने की मांग

**कालाढूंगी :** यूकेडी कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को 12 सूत्रीय मांग पत्र भेजा। कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर सरकार से शीघ्र कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में चकलुवा में पुलिस चौकी स्थापित करने तथा विदरामपुर और प्रतापपुर चकलुवा में 30 वर्षों से अधिक समय से काबिज भूमि पर मालिकाना हक प्रदान करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। पूर्व विधायक डॉ. नारायण जंतवाल के नेतृत्व में दर्जनों यूकेडी कार्यकर्ताओं ने कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर आवाज उठाई और एसडीएम बिपिन चंद्र पंत को ज्ञापन सौंपा। विस प्रभारी रवि बोरा, जिलाध्यक्ष प्रताप चौहान, उपाध्यक्ष भुवन बिष्ट, केंद्रीय प्रवक्ता अशोक बोहरा, उत्तम बिष्ट, महेंद्र पाल, नंदन सिंह, पुष्कर सिंह, प्रमोद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### एपीएस की उन्नति ने हासिल किए 96% अंक



**हल्द्वानी :** उन्नति दुम्का ने सीबीएसई हाई स्कूल परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। वह आदर्श प्रोग्रेसिव स्कूल, लामाचौड़ की छात्रा हैं। उन्नति ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उनके पिता पं. मोहन शास्त्री ज्योतिषाचार्य हैं। उनकी उपलब्धि से परिवार और स्कूल में खुशी का माहौल है। पं. मोहन शास्त्री ने बताया कि उन्नति की इस मेहनत और लगन ने यह साबित किया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद निरंतर प्रयास से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है।

### कार्तिक ने 98% अंक के साथ पाई उपलब्धि



**हल्द्वानी :** व्हाइटहॉल स्कूल के छात्र कार्तिक डालाकोटी ने सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 98 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और स्कूल में खुशी का माहौल है। कार्तिक की माता प्रभा गृहणी हैं जबकि उनके पिता मनोज डालाकोटी एक शोरूम में कार्य करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद कार्तिक ने अपनी लगन और मेहनत से यह मुकाम हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन और क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# गैस बुकिंग के दो हफ्ते बाद भी नहीं मिला डीएसी, उपभोक्ता परेशान

## होटल-रेस्टोरेंट ने बढ़ाई कई व्यंजनों की कीमतें, घर-घर डिलीवरी की व्यवस्था भी चरमराई

- **शहर में घरेलू गैस के साथ ही कमर्शियल का संकट गहराया**
- **लोग सिलेंडरों के लिए लंबी लाइनों में खड़े रहने को मजबूर**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत लगातार बनी हुई है। गैस सिलेंडर की बुकिंग करने के दो सप्ताह बीत जाने के बावजूद उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। कई जगह गाड़ी देरी से पहुंचने पर लोग लंबी लाइनों में खड़े रहने को मजबूर हैं, जबकि घर-घर डिलीवरी की व्यवस्था भी चरमराई हुई है।

डहरिया निवासी नेहा जोशी ने बताया कि बुकिंग के 12 दिन बाद भी डीएसी नंबर नहीं मिला है। कई बार एजेंसी में संपर्क करने के बाद भी कोई सही जवाब नहीं मिलता। उन्होंने बताया कि सरस मार्केट स्थित एजेंसी में जाने के बाद उन्हें डीएसी नंबर मिला। इसी तरह एक अन्य महिला ने बताया कि गाड़ी घर-घर नहीं आ रही है, जिससे सिलेंडर लेकर इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि गैस एजेंसियों की लापरवाही के चलते आम जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इधर, गैस संकट का असर अब होटल और रेस्टोरेंट व्यवसाय पर भी साफ दिखाई देने लगा है। ढाबा और रेस्टोरेंट संचालक बढ़ती लागत के कारण खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ाने को मजबूर हैं। मटर पनीर, बटर चिकन सहित कई कॉमन डिशेज की कीमतों में इजाफा कर दिया गया है। रेस्टोरेंट संचालकों का कहना है कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोत्तरी और आपूर्ति में अनियमितता के कारण यह कदम उठाना पड़ा है।

गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुचारू नहीं होने से आम जनता के साथ ही व्यापारी वर्ग में असंतोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने शीघ्र गैस आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है।



शहर के एक रेस्टोरेंट में रेट लिस्ट में डिशेज की कीमतों की सूची में संशोधन करते संचालक।

### डिश का नाम और रेट

| डिश का नाम | पहले | नए |
|---|---|---|
| तंदूरी चिकन | 320 | 340 |
| अफगानी चिकन | 400 | 420 |
| मटन चावल | 400 | 500 |
| फिश करी | 300 | 360 |
| काली मिर्च चिकन | 440 | 480 |
| चिकन चावल | 300 | 360 |

### डिलीवरी मैन के व्यवहार को लेकर नाराजगी

**हल्द्वानी :** शहर में डिलीवरी मैन के व्यवहार को लेकर भी लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि शिकायत करने पर भी संतोषजनक जवाब नहीं मिलता और कई बार अभद्रता का सामना करना पड़ता है। आरोप लगाया कि डिलीवरी के निर्धारित दिन डिलीवर मैन अपने फोन स्विच ऑफ कर देते हैं, जिससे उपभोक्तओं को गाड़ी के पहुंचने के समय के बारे में जानकारी नहीं मिल पाती है।

# गैस की अनियमित आपूर्ति के खिलाफ सभासद का धरना



गैस कार्यालय के बाहर सांकेतिक धरना देते सभासद मनोज साह जगाती व अन्य।

संवाददाता, नैनीताल

- **व्यवस्था में सुधार न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी**

**अमृत विचार:** शहर में रसोई गैस की अनियमित आपूर्ति से नाराज सभासद मनोज साह जगाती ने गैस कार्यालय के बाहर सांकेतिक धरना दिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल्द व्यवस्था दुरुस्त न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

धरने के दौरान सभासद ने कहा कि होम डिलीवरी का शुल्क लेने के बावजूद उपभोक्ताओं को सुबह से शाम तक सड़कों पर सिलेंडर लेकर खड़ा रहना पड़ रहा है। गैस वितरण का कोई निश्चित समय नहीं होने से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जिलाधिकारी द्वारा भीड़ न लगाने की अपील की जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर उनके निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि लोग गैस लेने के लिए स्वयं न आएं तो उन्हें डिलीवरी नहीं मिल पाती है।

सभासद ने आरोप लगाया कि पहले जनता को डीएसी के लिए परेशान किया गया और अब गैस वितरण को लेकर लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। धरने में फरहान सहित अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र गैस आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा।

# नए विद्यार्थियों को मिला अकादमिक मार्गदर्शन

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के आदर्श अध्ययन केंद्र की ओर से नवप्रवेशित शिक्षार्थियों के लिए शुक्रवार को दीक्षारम्भ कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. विशाल शर्मा ने किया। उन्होंने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। इसके बाद कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। प्रो. जितेन्द्र पांडे ने कौशल विकास और मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स का महत्व बताया, जबकि डॉ. राजेश मठपाल ने प्रायोगिक और कार्यशाला आधारित शिक्षण की उपयोगिता पर जोर दिया। कुलपति प्रो. लोहनी ने विवि की सुविधाओं, छात्रवृत्ति योजनाओं, डिजिलॉकर और हैलो हल्द्वानी एफएम जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को स्व-अध्ययन सामग्री के साथ अन्य संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने की सलाह दी। प्रो. गिरिजा पांडे ने प्रवेश प्रक्रिया और अध्ययन केंद्रों की जानकारी दी और डॉ. सुमित प्रसाद ने परीक्षा प्रणाली को समझाया। डॉ. मनीषा पंत, प्रो. गगन सिंह, प्रो. आशुतोष भट्ट, डॉ. प्रदीप पंत, डॉ. प्रियंका शर्मा, डॉ. मनोज पांडे, डॉ. गोपाल दत्त, कमला राठौर, डॉ. मीनाक्षी राणा, डॉ. दीपा बिष्ट रहीं।

# रजनीश भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष बने

**हल्द्वानी :** भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान ने बताया कि एक माह पूर्व जिला, नगर, तहसील, ब्लॉक तथा विधानसभा की सभी कार्यकारिणियों को भंग कर दिया गया था। बीती 17 मार्च को प्रदेश अध्यक्ष अमरीश कपिल ने नफीस अहमद खान को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया।

इधर, जिलाध्यक्ष ने लालकुआं में सेंचुरी कॉलोनी निवासी रजनीश कांत को जिला उपाध्यक्ष बनाया है। रजनीश लंबे समय से नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के विचारों से प्रभावित हैं। उनकी नियुक्तिपर प्रदेश अध्यक्ष कपिल, सिराज अहमद, जीतराम, रितिक कांत, पीआर टम्टा, आरआर लोहिया, सखावत हुसैन, अनवर अंसारी, सुंदरलाल बौद्ध, महेश चंद्र आर्य, आकाश भारती, शालिनी भारती, आफताब आलम, नादिर सैफी, बीएल आर्य, बालकिशन राम, इरशाद अहमद, मनोज रहे।

# चोरगलिया में 24 घंटे प्रसव सेवा शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** चिकित्सा स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग, जनपद नैनीताल की ओर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चोरगलिया में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन डॉ. एचसी पंत ने किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने शिविर में आई गर्भवती महिलाओं, बच्चों और वृद्धजनों का स्वागत करते हुए कहा कि चोरगलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को अब प्रसव केंद्र के रूप में विकसित कर दिया गया है।

यहां तीन नर्सिंग अधिकारी और दो एएनएम की तैनाती की गई है, जिससे अब क्षेत्र में 24 घंटे प्रसव सेवा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में गर्भवती महिलाओं की जांच, टीबी स्क्रीनिंग, ब्लड प्रेशर, शुगर जांच और कैंसर स्क्रीनिंग जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। स्वास्थ्य शिविर के दौरान महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, टीबी की स्क्रीनिंग की गई व निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। सीएमओ ने शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की जानकारी भी दी। चोरगलिया में 24 घंटे प्रसव सेवा शुरू होने पर जनप्रतिनिधियों ने खुशी जताई। इस मौके पर ज्योति चौसाली, दीपक चौसाली, पूनम जागी, गीता बुधनी, नितेश बुधनी और गजेंद्र प्रसाद ने स्वागत किया। यहां जिला कार्यक्रम प्रबंधक मदन मेहरा, डॉ हरीश पांडे (प्रभारी चिकित्सा अधिकारी), डॉ त्रिलोक सिंह, डॉ. शांति चौहान, डॉ. जयमाला, डॉ. निधि, डॉ अरविंद पाठक व अन्य स्वास्थ्य कर्मी रहे।



चोरगलिया में आयोजित शिविर में मौजूद टीम व जांच को पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

# रमणिका ने मेहनत, समर्पण से साधा लक्ष्य

- **सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में काठगोदाम स्थित इंस्पिरेशन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल की मेधावी छात्रा रमणिका जोशी ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र को किया गौरवान्वित**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में काठगोदाम स्थित इंस्पिरेशन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल की मेधावी छात्रा रमणिका जोशी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

रमणिका ने कुल 500 में से विषयवार प्रदर्शन में उन्होंने अंग्रेज़ी में 100, सामाजिक विज्ञान में 99 तथा अतिरिक्त विषय इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में 100 अंक प्राप्त किए। इस उल्लेखनीय परिणाम ने यह सिद्ध कर दिया है कि मेहनत, अनुशासन और समर्पण से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

रमणिका जोशी के पिताजी मनमोहन जोशी, जो स्वयं इंस्पिरेशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता हैं और मां नीलम जोशी, जो निर्मला कॉन्वेंट विद्यालय में अध्यापिका हैं, बेटी की इस उपलब्धि से अत्यंत प्रसन्न हैं। रमणिका जोशी की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक दीपक बलूटिया, डॉ. गीतिका बलूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर एवं उप-प्रधानाचार्या ममता तनेजा ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं तथा आगे भी इसी तरह कड़ी मेहनत करते हुए सफलता प्राप्त करने को प्रेरित किया है।



रमणिका के साथ पिता मनमोहन जोशी (बाएं) और स्कूल प्रिंसीपल अनुराग माथुर (दाएं)।

### जरूरतमंद लोगों की करना चाहती हैं सेवा



**हल्द्वानी :** रमणिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, शिक्षकों तथा दादा-दादी, माता-पिता एवं चाचा-चाची के मार्गदर्शन को दिया है। भविष्य की योजनाओं के विषय में रमणिका ने बताया कि वह सिविल सेवाओं के माध्यम से समाज, विशेष रूप से जरूरतमंद लोगों की सेवा करना चाहती हैं।

# खेल प्रशिक्षकों ने की वेतन की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** जनपद नैनीताल के आउटसोर्स खेल प्रशिक्षकों ने अपनी लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर बुधवार को विभिन्न जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने प्रताप बिष्ट, गजराज बिष्ट, दीपा दरम्वाल, ध्रुव रौतेला, शंकर कोरंगा, अनिल कुमार डब्बू और नवीन वर्मा से भेंट कर अपनी मांगें रखीं। प्रशिक्षकों ने बताया कि पिछले पांच माह से वेतन लंबित होने के कारण उन्हें गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। समय पर मानदेय न मिलने से परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है।

उन्होंने शीघ्र वेतन भुगतान की मांग की। इसके अलावा प्रशिक्षकों ने शासनादेश के अनुरूप खेल शिविरों को समय पर शुरू कराने की मांग की, ताकि खिलाड़ियों का प्रशिक्षण प्रभावित न हो और खेल गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित हो सकें।

उन्होंने सभी प्रशिक्षकों को जनपदीय स्तर पर नियुक्ति देने, 11 माह के स्थान पर 12 माह तक शिविर संचालित करने तथा आउटसोर्स के बजाय संविदा आधार पर नियुक्ति की मांग भी उठाई। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने प्रशिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान सुरेश चंद पांडे, टीएस जीना, श्याम भट्ट, त्रिलोक जीना, विनय जोशी, पूनम सिरौला, रितिका जोशी और काव्या ठाकुर सहित अन्य प्रशिक्षक भी मौजूद रहे।



मांगों को लेकर दर्जा मंत्री नवीन वर्मा को ज्ञापन सौंपते आउटसोर्स खेल प्रशिक्षक।

# मुक्केबाज चमके, आठ क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** 8वीं बालक व बालिका यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप में उत्तराखण्ड के बॉक्सरों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

टीम ने कोच कमल जगाती, जीवन लाल, रेखा पांडे और निवेदिता के नेतृत्व में शानदार खेल दिखाया, जिसमें चार बालक और चार बालिका मुक्केबाजों ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले राउंड में प्रवेश किया। बालक वर्ग में 54-57 किलो भार वर्ग में बबीता का मुकाबला आंध्र प्रदेश की खिलाड़ी से होगा। 60-65 किलो वर्ग में रिया जोशी आंध्र प्रदेश के खिलाफ रिंग में उतरेंगी। 70-75 किलो में माही बिष्ट हरियाणा की खिलाड़ी से भिड़ेंगी, जबकि इसी वर्ग में सैम का मुकाबला हरियाणा से होगा। बालक वर्ग में भी प्रदेश के चार मुक्केबाजों ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। 47-50 किलोभार वर्ग में प्रियांशु वर्मा असम के खिलाड़ी से भिडेंगे। 65-70 किलो में दीपेश अधिकारी मणिपुर, 75-80 किलोग्राम वर्ग में रक्षित जोशी असम के मुक्केबाज से भिड़ेंगे, जबकि 70-75 किलोग्राम वर्ग में रजनीश यादव अपनी चुनौती पेश करेंगे। बॉक्सिंग के जनक मुखर्जी निर्वाण, प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव गोपाल खोलिया, कोषाध्यक्ष नवीन टम्टा, कोच अजय कुमार, पुष्पा कार्की धर्मवाल, मनोज कुमार और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी संजय अधिकारी सहित कई लोगों ने टीम को बधाई दी।

# घर-घर गंगाजल व ग्रंथ बांटेंगे पनेरू

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस नेता हरीश पनेरू ने शराब के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने साफ कहा कि शराब के दम पर चुनाव जीतने वालों का विरोध किया जाएगा और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।

एक प्रेस वार्ता में पनेरू ने कहा कि प्रदेश में नशे का कारोबार लगातार बढ़ रहा है और खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में पैसे और शराब के बल पर चुनाव प्रभावित किए जा रहे हैं। उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा बताया। पनेरू ने ऐलान किया कि वह लोगों को जागरूक करने के लिए घर-घर जाकर गंगाजल, हनुमान चालीसा और गीता जैसे धार्मिक ग्रंथ वितरित करेंगे। उनका कहना है कि इसका उद्देश्य लोगों को आध्यात्मिक रूप से जोड़ना और नशे के खिलाफ जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल आम जनता तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, विधायक, कमिश्नर समेत सभी जनप्रतिनिधियों तक भी पहुंचाया जाएगा। पनेरू ने कहा कि "देवभूमि में नशे के सहारे राजनीति स्वीकार नहीं की जाएगी और 2027 चुनाव में यही मेरा मुख्य एजेंडा रहेगा। इस पहल के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ परिवारों को टूटने से बचाने का प्रयास किया जाएगा, खासकर महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे नशे का बहिष्कार करें और स्वच्छ व जागरूक समाज के निर्माण में सहयोग दें।



प्रेस वार्ता करते कांग्रेस नेता हरीश पनेरू। ● अमृत विचार

# सुपरवाइजर और प्रगणकों को जनगणना के टिप्स दिए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जनगणना-2027 के लिए तहसील बेतालघाट के सुपरवाइजर एवं प्रगणकों का प्रशिक्षण शुक्रवार को ब्लॉक सभागार में संपन्न हुआ। चार्ज अधिकारी पंकज जोशी ने सुपरवाइजर एवं प्रगणकों से लग्न एवं निष्ठा के साथ जनगणना करने का आह्वान किया।

रजिस्टार कानूनगो बनवारी लाल ने नजरी नक्शे के बारे में बताया। मास्टर ट्रेनर एम नेगी ने ऑनलाइन माध्यम से प्रश्नों के उत्तर एवं महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। फील्ड ट्रेनर महेंद्र सिंह भाकुनी ने बताया कि जनगणना संबंधी सवाल पूछने व जवाब मोबाइल एप में फीड करने की ट्रेनिंग दी। सुपरवाइजर एवं प्रगणकों घर-घर जाकर उत्तरदाताओं से मकान के संबंध में संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने को लेकर लघु नाटिका प्रस्तुत की। नोडल अधिकारी राजेंद्र पांडे ने सभी सुपरवाइजर एवं प्रगणकों को घर-घर में जाकर जनता से किए जाने वाले व्यवहार, अनुशासन आदि की जानकारी दी। नोडल अधिकारी राजेंद्र पांडे ने बताया कि उत्तरदाताओं को भली भांति संतुष्ट करें कि उनकी जानकारी पूर्णतया गोपनीय रहेगी। सहायक चार्ज अधिकारी असलम अली, विनोद कुमार, एस सनवाल, देवीदत्त, अनुज खुल्बे, विजय कुमार, मोहित, सानू, बीना, प्रेमा, हरिश्चंद्र, राजेंद्र कुमार, अल्ताफ हुसैन, प्रेमा, हेमा, शिखा रानी रहे।

**चिंताजनक** | चार महीने से सैलरी नहीं, कोच नदारद, स्टेडियम सूने, 15 अप्रैल से शुरू होने वाला नया खेल सत्र अभी तक नहीं आ सका पटरी पर

# वेतन संकट से खेल व्यवस्था बेपटरी, खिलाड़ियों का भविष्य अधर में

- **जिले में तैनात 34 कोचों में से केवल दो ही नियमित**
- **वेतन न मिलने से कोचों ने अब स्टेडियम आना किया बंद**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** खेल विभाग की लापरवाही का खामियाजा अब सीधे खिलाड़ियों को भुगतना पड़ रहा है। 15 अप्रैल से शुरू होने वाला नया खेल सत्र अभी तक पटरी पर नहीं आ सका है, क्योंकि विभाग में तैनात कोच पिछले चार महीने से वेतन न मिलने के कारण प्रशिक्षण देने से पीछे हट गए हैं। नतीजतन, स्टेडियमों में सन्नाटा पसरा है और सैकड़ों खिलाड़ियों का भविष्य अधर में लटक गया है।

जानकारी के अनुसार नैनीताल जिले में तैनात 34 कोचों में से केवल दो ही नियमित हैं, जबकि अधिकांश संविदा कोचों को नवंबर से वेतन नहीं मिला है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे कोचों ने अब स्टेडियम आना बंद कर दिया है, जिससे प्रशिक्षण व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। खेल विभाग की ओर से खिलाड़ियों को दिए जाने वाले नए सत्र के फॉर्म भी बंद कर दिए गए हैं। रोजाना अभिभावक अपने बच्चों के लिए फॉर्म लेने पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। इससे अभिभावकों में भी भारी रोष है।

अब तक खिलाड़ियों को क्रिकेट, फुटबॉल, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, हॉकी, वॉलीबॉल और शूटिंग जैसे खेलों का प्रशिक्षण हल्द्वानी स्टेडियम और गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में दिया जाता था। यहां हल्द्वानी में 300 से अधिक और गौलापार में 500 से ज्यादा खिलाड़ी नियमित अभ्यास के लिए पहुंचते थे, लेकिन वर्तमान हालात में उनकी तैयारी पूरी तरह रुक गई है।अभिभावकों का कहना है कि बच्चे प्रतियोगिताओं में मेडल जीतने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, लेकिन प्रशिक्षण के अभाव में उनका मनोबल टूट रहा है।

वहीं, कई कोच आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और परिवार चलाना भी मुश्किल हो गया है। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जल्द ही वेतन भुगतान और प्रशिक्षण व्यवस्था बहाल नहीं की गई, तो इसका सीधा असर राज्य की खेल प्रतिभाओं पर पड़ेगा। अब सबकी निगाहें खेल विभाग पर टिकी हैं कि वह इस गंभीर स्थिति से कैसे निपटता है।



हल्द्वानी स्टेडियम। ● अमृत विचार

### बड़ा सवाल, कैसे बनेगा खेल प्रदेश?

एक तरफ सरकार राज्य को खेल हब बनाने की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं होने के बावजूद कोचों को वेतन के लिए मोहताज रखा जा रहा है। यदि जल्द ही वेतन जारी नहीं हुआ और प्रशिक्षण सत्र शुरू नहीं किया तो आगामी प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर इसका सीधा असर पड़ना तय है।

> खेल निदेशालय को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत करा दिया गया है। बजट प्राप्त होते ही सभी कोचों का लंबित वेतन जारी कर दिया जाएगा और जल्द ही खिलाड़ियों का प्रशिक्षण भी नियमित रूप से शुरू करा दिया जाएगा।
>
> **-निर्मला पंत**, जिला क्रीड़ाधिकारी

## सिटी ब्रीफ

### 10वीं में सेंट जेवियर का उत्कृष्ट प्रदर्शन





**खटीमा :** सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र आयुष दिगारी ने 98, विशाल सिंह ने 96.02 तथा यशिका दिगारी ने 96% अंक हासिल कर सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम तीन स्थान हासिल किए। स्कूल प्रबंधक फादर पीटर, प्रधानाचार्या सिस्टर टेरेसा एंटनी ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### गले से खींचा सोने का लॉकेट, आरोपी धरा

**रुद्रपुर :** ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के मछली बाजार में झपटमारों ने एक युवक को अपना निशाना बनाया। कृष्णा कॉलोनी निवासी अजय पाल ने बताया कि गुरुवार देर शाम तीन युवकों ने उन्हें घेर लिया और उनके गले से सोने का ''ओम'' लॉकेट और मोबाइल छीनकर भागने लगे। अजय के शोर मचाने पर स्थानीय लोगों की मदद से एक आरोपी को गोल मढैया के पास दबोच लिया गया, जबकि उसके दो साथी फरार होने में कामयाब रहे। पकड़े गए युवक को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके फरार साथियों की तलाश में जुट गई है।

### वार्ड-13 में दो सड़कों का किया शिलान्यास

**बाजपुर :** नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने वार्ड संख्या-13 में दो नई टाइल्स सड़कों का विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर का चहुंमुखी विकास और जनसुविधाएं मुहैया कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी वार्डों में बिना भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सड़कों के साथ-साथ सफाई व्यवस्था और डेंगू-मलेरिया से बचाव के लिए कीटनाशक छिड़काव पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। चेयरमैन ने जनता से शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में सुनील कुमार, कुलदीप सिंह और पप्पू सक्सेना सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### महिला को जान से मारने की धमकी दी

**किच्छा :** सोशल मीडिया अज्ञात व्यक्ति द्वारा पीड़िता से गाली गलौज कर महिला व उसके पति की हत्या करने की धमकी दिए जाने पर पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किच्छा कोतवाली के अंतर्गत ग्राम गिद्धपुरी निवासी मोनिका पत्नी धर्मेंद्र ने बताया कि उसके इंस्टाग्राम अकाउंट पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा गाली गलौज कर पीड़िता एवं उसके पति को जान से मारने की धमकियां दी जा रही है। पीड़िता के अनुसार लगातार मिल रही धमकियों के चलते पीड़िता एवं उसके परिवार में भय का माहौल कायम हो गया है। पीड़िता ने धमकी वाले मैसेज का स्क्रीनशॉट लेकर कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत दी है।

### संगठन की मजबूती पर चर्चा

**सितारगंज :** भाजपा नेता सुरेश गंगवार ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें राज्यसभा सांसद बनने पर शुभकामनाएं भी दीं। शुक्रवार को भाजपा नेता सुरेश गंगवार ने नई दिल्ली स्थित कार्यालय में उनसे मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिला ऊधमसिंह नगर के विभिन्न राजनीतिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही, जिले में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा आगामी रणनीतियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने क्षेत्रीय पार्टी की स्थिति से अवगत कराया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

**सूचना**

मैं विलासो देवी पत्नी स्व. प्रेम सिंह, निवासी तोता बेरिया बैरिया दौलत बाजपुर (उधम सिंह नगर) अपने पुत्र बालकिशन, उसकी पत्नी भूरो से संबंध विच्छेद करते हुए समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही हूं। भविष्य में अपने कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# नोटिस मिलने से संजय व मस्जिद कॉलोनी के लोग भड़के

## लोग बोले-हम अतिक्रमणकारी नहीं, वर्षों से कर रहे हैं निवास, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में पहुंचे कलेक्ट्रेट, ज्ञापन सौंपा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पंतनगर क्षेत्र की संजय कॉलोनी और मस्जिद कॉलोनी में रहने परिवारों को विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अतिक्रमण का नोटिस दिए जाने के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। नोटिस से आहत कॉलोनी के लोग पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा। साथ ही प्रशासन के माध्यम से सरकार से न उजाड़े जाने की मांग उठाई।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे कॉलोनी के लोगों ने कहा कि वे पिछले लगभग 60-65 वर्षों से इस भूमि पर निवास कर रहे हैं। यहां रहने वाले अधिकांश परिवारों के पास वोटर आईडी, राशन कार्ड, जाति एवं स्थायी निवास प्रमाण पत्र सहित विद्युत बिल जैसे सभी आवश्यक दस्तावेज मौजूद हैं, जो उनके लंबे समय से निवास करने का प्रमाण हैं। इतने वर्षों में उन्हें कभी भी किसी प्रकार का बेदखली नोटिस नहीं दिया गया, लेकिन अचानक 13 अप्रैल को पंतनगर विश्वविद्यालय के परिसंपत्ति अधिकारी ने घर-घर नोटिस चस्पा कर 30 अप्रैल तक मकान खाली करने का अल्टीमेटम दिया गया है।



एडीएम पंकज उपाध्याय को ज्ञापन देने से पूर्व लोगों की समस्या बताते पूर्व विधायक राजेश शुक्ला। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि नोटिस में चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय सीमा तक मकान खाली नहीं करने पर प्रशासन द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। इससे खर्च भी परिवारों से वसूला जाएगा। इससे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है। कॉलोनी के लोगों का स्पष्ट कहना है कि वे अतिक्रमणकारी नहीं हैं और दशकों से यहां शांतिपूर्वक निवास कर रहे हैं। ऐसे में बिना पुनर्वास के उन्हें हटाना अन्यायपूर्ण होगा। वहीं पूर्व विधायक शुक्ला ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी कि मेरे रहते किसी भी सूरत में संजय कॉलोनी और मस्जिद कॉलोनी को उजड़ने नहीं दिया जाएगा। यदि प्रशासन को कोई कार्रवाई करनी है तो पहले यहां के निवासियों के लिए समुचित विस्थापन की व्यवस्था की जाए।

पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार वर्षों से निवास कर रहे लोगों को बिना पुनर्वास के नहीं हटाया जा सकता है। हल्द्वानी के बनभूलपुरा और बिंदुखत्ता का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भी सरकार द्वारा सर्वे कर पुनर्वास और मालिकाना हक देने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है, जबकि पंतनगर के ये निवासी न तो वन भूमि पर हैं और न ही स्पष्ट रूप से विश्वविद्यालय की भूमि पर, बल्कि वर्षों से निष्प्रयोज्य भूमि पर बसे हुए हैं।

इस अवसर पर अल्केश सिंह, सुमित कुमार, राजू ठाकुर, नींबू लाल, छोटे लाल, राज देवी, मोनू गुप्ता, फिरोज, निसार, मुन्ना देवी, हरीश पाल, हरेंद्र यादव, छोटू गिरी, रहीम, रईस, अनिल वर्मा, कमलेश, जहीर, रिजवाउद्दीन, सुभान, शरीफ वारसी, विवेक, वीरेंद्र, विश्वकर्मा, कुमरेश, धर्मेंद्र, फातिमा, सद्दाम, समीर, राजेश यादव, सावित्री देवी आदि उपस्थित थे।



ज्ञापन देने से पूर्व कलेक्ट्रेट में नाराजगी जताते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### मस्जिद व मजार हटाने के नोटिस का विरोध

**रुद्रपुर :** ग्राम मजरा ठंडा नाला कुपा गूलरभोज के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ग्रामीणों ने सिंचाई खंड रुद्रपुर के अधिशासी अभियंता की ओर से जारी नोटिस को न्याय के विरुद्ध बताते हुए उसे निरस्त करने या पर्याप्त समय देने की मांग उठाई। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम मजरा ठंडा नाला कुपा में एक मस्जिद और दो मजारों पर 16 अप्रैल नोटिस चस्पा किया और इसे अतिक्रमण बताया। साथ ही 17 अप्रैल तक हटाने को कहा गया है। नोटिस में भूमि संबंधी दस्तावेज या न्यायालय का कोई स्थगन आदेश होने पर 18 अप्रैल से पहले प्रस्तुत करने को कहा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि नोटिस जारी करने की तिथि 15 अप्रैल अंकित है, जबकि इसे 16 अप्रैल को चस्पा किया गया। उन्हें केवल एक दिन का समय दिया गया जो अनुचित है। ग्रामीणों ने कहा कि इस मामले में एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। जिसमें 27 जनवरी 2026 को यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। बावजूद इतनी कम अवधि में कार्रवाई का नोटिस देना न्यायोचित नहीं है। उन्होंने ज्ञापन में नोटिस को निरस्त करने या कम से कम 15 दिन का समय देने की मांग उठाई। ताकि वे अपने दस्तावेज प्रस्तुत कर सकें। इस अवसर पर मो. दीन, टोनी पठान, मो. युसुफ अली, हसन, शेदूदीन, माशूक अली, इस्पाक, अल्ताफ, दिलशाद, लियाकत आदि मौजूद रहे।

## चुघ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से की राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा



राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलते भारत भूषण चुघ।

**रुद्रपुर:** भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से रुद्रपुर के वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यसभा सांसद की शपथ लेने पर शुभकामनाएं दीं। शुक्रवार को वरिष्ठ भाजपा नेता चुघ ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के विधानसभा क्षेत्र व दूसरे क्षेत्र में एक माह तक प्रचार किया। चुघ ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई। जिस पर उन्होंने स्नेहाशीष देते हुए कहा कि केंद्र और उत्तराखंड में भाजपा की सरकार है। जल्द ही उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव होना है। ऐसे में सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। चुघ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से आशीर्वाद लिया जिस पर उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



रुद्रपुर डिपो परिसर में खुशी मनाते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### रोडवेज कर्मचारी यूनियन के मनोज अध्यक्ष बने

**रुद्रपुर :** उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन कुमाऊं मंडल का वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस दौरान हुए चुनाव में मनोज यादव को अध्यक्ष एवं प्रीतम दास को मंत्री चुना गया। शुक्रवार को रुद्रपुर डिपो परिसर में चुनाव हुए। इसमें अध्यक्ष और मंत्री के अलावा कुलविंदर सिंह व जसपाल सिंह को उपाध्यक्ष, धर्मपाल कंबोज व चंद्र प्रकाश को संयुक्त मंत्री, राजू श्रीवास्तव को संगठन मंत्री और कृष्ण गोपाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा कृष्ण राजवार को कार्यालय सचिव और मनमोहन सिंह को प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मनिंदर सिंह, संतोष सिंह, ग्रीस रस्तोगी एवं संतोष सैनी को क्षेत्रीय सदस्य चुना गया। मनमोहन सिंह, गोपेश्वर श्रीवास्तव, बलदेव सिंह, गुरवेल सिंह, अशोक कुमार, नरदेव सिंह, शशि भूषण को प्रांतीय सदस्य मनोनीत किया गया। चुनाव प्रक्रिया में चुनाव अधिकारी सरदार हरजिंदर सिंह, नवीन लोहनी, धीरज गुप्ता के साथ प्रांतीय उप महामंत्री लोकेश पालीवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष गोपेश्वर श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# शराब की दुकान को लेकर प्रदर्शन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** दुर्गा सन सिटी कॉलोनी की महिलाओं और स्थानीय लोगों ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोशित महिलाओं ने जनहित में प्रस्तावित मदिरा की दुकान नहीं खोले जाने की मांग उठाई। बाद में महिलाओं और स्थानीय लोगों ने अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा को ज्ञापन सौंपा।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र की महिलाओं ने कहा कि दिनेशपुर रोड स्थित कॉलोनी के प्रवेश द्वार पर कई कोचिंग सेंटर संचालित हैं। जहां प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं आते-जाते हैं। इसी स्थान पर बच्चे स्कूल बस और अन्य वाहनों का इंतजार करते हैं। महिलाएं बाजार जाने के लिए सवारी पकड़ती हैं। ऐसे में यहां शराब की दुकान खुलने से असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ने की आशंका है, जिससे विशेषकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर खतरा पैदा हो सकता है।



कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

महिलाओं ने बताया कि कॉलोनी में दो मंदिर हैं। जहां नियमित रूप से श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। शराब का ठेका खुलने से धार्मिक वातावरण भी प्रभावित होगा। उन्होंने मदिरा की दुकान को आबकारी नियमों के विरुद्ध बताते हुए रिहायशी क्षेत्र और सार्वजनिक प्रवेश द्वार के करीब दुकान खोलने पर आपत्ति जताई। इस अवसर पर पुष्पा, अनीता, सरिता, मधु आदि कॉलोनी के लोग उपस्थित थे।

# वेटनरी हॉस्पिटल में दो अल्ट्रासाउंड मशीनें सील

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय टीम ने जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर के वेटनरी हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान चिकित्सालय में 6 पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन पाई गईं। इसमें 2 मशीनें पुरानी व अनुपयोगी होने के कारण नियमानुसार सील कर दी गईं। शेष 4 अल्ट्रासाउंड मशीनें जानवरों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए सुचारू रूप से उपयोग में लाई जा रही हैं।

शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वेटरनरी हॉस्पिटल के निरीक्षण के दौरान मेडिसिन विभाग, सर्जरी विभाग और ऑब्स एंड गायनी विभाग का भी गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान विभागों में अल्ट्रासाउंड मशीन के उपयोग की प्रक्रिया एवं जानवरों के उपचार की व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

इस दौरान जिला नोडल अधिकारी डॉ.एसपी सिंह ने बताया कि निरीक्षण की यह कार्रवाई जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से की जा रही है। ताकि निरीक्षण में पता चल सके कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता किस स्तर की है। इस अवसर पर वेटनरी हॉस्पिटल के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रकाश भट्ट के अलावा टीम में जिला समन्वयक प्रदीप महर, गोपाल आर्य आदि उपस्थित रहे।

# 6लाख बच्चों को खिलाएंगे एल्बेंडाजोल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर जनपद में स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 7 मई मुख्य दिवस के रूप में 1 से 19 वर्ष तक के 6,03,960 बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। दवा खाने से वंचित रह गए बच्चों को 14 मई को मॉप-अप राउंड के दौरान दवा दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने जनपद में 6,03,960 बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाने का लक्ष्य रखा हुआ है।

जनपद में बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग की ओर यह अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत जनपद के सभी सरकारी, गैर-सरकारी, प्राइवेट विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, मदरसों, डिग्री कॉलेजों, पॉलिटेक्निक संस्थानों और अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थानों में 1 से 19 वर्ष तक की आयु के बच्चों व किशोरों को एल्बेंडाजोल की गोली निशुल्क खिलाई जाएगी।

जबकि 1 से 2 वर्ष के बच्चों को आधी गोली (पीस कर) और 2 से 3 वर्ष तक के बच्चों को एक गोली (पीसकर) एवं 3 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एक पूरी गोली चबाकर खानी होगी। स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों और शिक्षकों से अपील करते हुए इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने को कहा है।

### बच्चों के लिए क्यों जरूरी है एल्बेंडाजोल की गोली

**रुद्रपुर :** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार पेट में कीड़े (कृमि संक्रमण) होने से बच्चों में खून की कमी (एनीमिया), कुपोषण और थकान जैसी समस्याएं हो जाती हैं। इससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। एल्बेंडाजोल की यह गोली बच्चों को इन समस्याओं से बचाकर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है।

> जनपद में 7 मई और 14 मई को 1 से 19 वर्ष तक की आयु के 603960 बच्चों व किशोरों को एल्बेंडाजोल की गोली निशुल्क खिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने इस बार जनपद में 6,03960 बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाने का लक्ष्य रखा है। **-डॉ.केके अग्रवाल**, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ऊधमसिंह नगर

## पड़ोसी युवक पर दुष्कर्म की कोशिश का आरोप

**रुद्रपुर:** एक महिला ने पड़ोसी युवक पर दुष्कर्म की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि शोर मचाने पर आरोपी उससे हाथापाई कर भाग गया। रम्पुरा निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसका पति पंजाब में काम करता है। वह बच्चों के साथ घर पर अकेली रहती है। बृहस्पतिवार की रात वह अपने बच्चों के साथ सो रही थी। गर्मी के कारण उसने दरवाजा खोला हुआ था। आधी रात को पड़ोस में रहने वाला युवक छत के रास्ते उसके घर में घुस आया। आरोप है कि उसने दरवाजा अंदर से बंद कर दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने उससे हाथापाई की। उसकी जेठानी समेत अन्य लोग आए तो आरोपी अपना फोन, जूता और गले की चेन छोड़कर भाग निकला।

# एलायंस क्लब के कन्याल बने अध्यक्ष

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** एलायंस क्लब खटीमा का अधिष्ठापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई और उन्होंने कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान आगामी वर्ष के लिए क्लब द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गई।

निजी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह का शुभारंभ ध्वज वंदन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। नवनियुक्त पदाधिकारियों में अध्यक्ष मनोज कन्याल, सचिव बादल सक्सेना और कोषाध्यक्ष कमल गहतोड़ी को पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर मधु कुमार ने शपथ दिलाई। इस दौरान घनश्याम अग्रवाल, डॉ. महेंद्र प्रताप पांडे और पंकज टम्टा ने उपाध्यक्ष, नवनीत अरोरा ज्वाइंट सेक्रेटरी, कुलदीप राणा टेल ट्विस्टर, अकबर हुसैन टेमर, राकेश कुमार रॉक्सी पीआरओ, मो आमिल मेंबरशिप चेयरमैन बनाया गया। नई टीम में विश्वजीत पाल, दीपक चंद और अंशदीप गंभीर डायरेक्टर रहेंगे। इस मौके पर अमित मिश्रा, अमित सक्सेना, डॉ. अनुज गुप्ता, अरबाज अंसारी, बाबा बीजे, कुंदन ज्याला, डॉ. आरिफ खान, किशन पाल, मनोज भट्ट, मोहित अरोड़ा, राशिद अंसारी, संदीप कांडपाल, परमजीत खनका, सुमित बंसल और विशाल सक्सेना ने भी क्लब की सदस्यता ली। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एवं निवर्तमान अध्यक्ष जितेंद्र पारूथी ने नई टीम को बधाई दी।



नवनियुक्त अध्यक्ष मनोज कन्याल को दायित्व सौंपते पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर।

**राहत** | पोर्टल की क्षमता 10 हजार से बढ़ाकर की 5 लाख कुंतल, आयोग के उपाध्यक्ष ने दी जानकारी

# राज्य सरकार ने दूर की किसानों की पीड़ा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड किसान आयोग के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नामधारी ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं की कटाई और सरकारी खरीद प्रक्रिया में आ रही तकनीकी बाधाओं को दूर करने के सरकार के प्रयासों को साझा किया। उन्होंने कहा कि किसानों की पीड़ा को समझते हुए सरकार ने तत्काल कदम उठाते हुए पोर्टल की क्षमता को 10 हजार से बढ़ाकर 5 लाख कुंतल कर दिया है।

शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता के दौरान आयोग के उपाध्यक्ष नामधारी ने कहा कि पूर्व में सरकारी खरीद पोर्टल की तकनीकी सीमा बेहद कम थी। मात्रा 10 हजार कुंतल होने के कारण तराई के हजारों किसान अपनी उपज का ऑनलाइन पंजीकरण और विक्रय नहीं कर पा रहे थे। किसानों की इस पीड़ा को समझते हुए सरकार ने तत्काल कदम उठाते हुए पोर्टल की क्षमता को बढ़ा दिया है। यह निर्णय न केवल प्रशासनिक सुधार है, बल्कि उन छोटे और मंझोले किसानों के लिए वरदान साबित होगा जो अपनी फसल को बिचौलियों के हाथों औनेपौने दाम पर बेचने को मजबूर थे।



पत्रकारों को जानकारी देते आयोग के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नामधारी। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि अब अधिक से अधिक किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का सीधा लाभ उठा सकेंगे। । उन्होंने किसानों के समक्ष आ रही खाद और उर्वरक की आपूर्ति की समस्या पर भी सरकार का रुख स्पष्ट किया। उपाध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार इस विषय को प्राथमिकता के आधार पर देख रही है।

### सरकारी कांटों पर शुरू हुई गेहूं खरीद

**सितारगंज :** सितारगंज स्थित नवीन मंडी में बने खाद्य विभाग के दो कांटों पर गेहूं खरीद शुरू हो गई है। इस बार शासन ने कांटों को पांच हजार क्विंटल गेहूं खरीदने का लक्ष्य दिया है। वहीं, खरीद शुरू होने से किसानों ने राहत की सांस ली है। बताते चलें कि सरकारी कांटों पर गेहूं खरीद न होने से किसानों ने एसएमओ कार्यालय में तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन किया था। वहीं, शुक्रवार को खरीद शुरू होते ही किसानों ने राहत की सांस ली। वह अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचने लगे। किसानों का कहना है कि सरकारी खरीद शुरू होने से उन्हें उचित मूल्य मिल सकेगा और बिचौलियों पर निर्भरता भी कम होगी।

## डीएम ने भूरारानी में काटी गेहूं की फसल

**रुद्रपुर:** जनपद में गेहूं की फसल की उत्पादकता जांच के लिए जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने खेत में पहुंचकर फसल काटी। इस दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व ग्राम भूरारानी में काश्तकार अशोक गांधी के खेत में पड़ताल कर फसल काटी। शुक्रवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत एवं फसलों की उपज का अनुमान लगाने के लिए तहसील रुद्रपुर के राजस्व ग्राम भूरारानी में जिलाधिकारी ने काश्तकार अशोक गांधी के खेत में पड़ताल कर स्वयं गेहूं फसल कटाई की। गेहूं के 43.30 वर्गमीटर त्रिभुजाकार प्लाट में 17.900 किलोग्राम गेहूं उपज मिली। उन्होंने बताया कि फसल कटाई प्रयोग पूरे जनपद, प्रदेश, देश में सरकार की ओर से कराए जाते हैं। इस अवसर पर तहसीलदार दिनेश कुटौला, मदन बिष्ट आदि मौजूद रहे।



विकास भारती स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों के साथ प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता एवं शिक्षक।

### यशी ने 95.4 प्रतिशत अंकों के साथ किया टॉप

**बाजपुर :** विकास भारती स्कूल के कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल छा गया। मेधावियों में यशी ने 95.4% अंक पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, सायना बी ने 92% और फातिमा नूर ने 91.2% अंक प्राप्त कर क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। इनके अलावा वंशिका, नमनप्रीत, मिस्कात, निशिका, उन्नति और समीक्षा सहित कई अन्य विद्यार्थियों ने भी 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर अपनी प्रतिभा साबित की। प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता ने इस गौरवशाली उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी मेधावियों, शिक्षकों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को मिष्ठान खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ब्रीफ न्यूज

## गोदाम में चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**बाजपुर :** पुलिस ने गोदाम में हुई चोरी का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया कॉस्मेटिक सामान, लोहे का बक्सा, तराजू-बांट और लोहे के सरिये बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मझरा-प्रभु निवासी कार्तिक कश्यप, अरुण सागर और मोहित मेहता के रूप में हुई है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक विक्रम सिंह धामी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों को पं. दीनदयाल पार्क के पास से दबोचा। पुलिस ने बरामद सामान को सील कर तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

## विधिक शिविर में बच्चों को किया जागरूक

**खटीमा :** तहसील विधिक सेवा समिति सचिव व न्यायाधीश आशीष तिवारी द्वारा सर्राफ पब्लिक स्कूल में कैंप का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य अजय बंसल की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में सचिव महादेवा ने नशे के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। लोक अदालत में निपटाए जाने वाले विवादों के बारे में भी बताया। प्रधानाचार्य ने सभी का धन्यवाद प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मीरा देवी, मानवती, भगवती राणा, भगवत गोस्वामी, विनोद सहित 150 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर पति को पीटा

**किच्छा :** लालपुर क्षेत्र की अर्जुन नगर कॉलोनी में घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ और मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता के अनुसार, आरोपी सलमान और हसनैन ने घर में घुसकर उससे बदसलूकी की। विरोध करने पर आरोपियों ने अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें महिला के पति का पैर टूट गया और उनकी ढाई वर्षीय पुत्री भी घायल हो गई। पुलिस ने छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता का आरोप है कि केस दर्ज होने के बाद से आरोपी लगातार रिपोर्ट वापस लेने के लिए जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे परिवार दहशत में है।

## मेले से बाइक चोरी

**सितारगंज :** चोरों ने मेले में खड़ी बाइक चुरा ली। वहीं, मामले में पुलिस ने चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। गांव पिपलिया, गदरपुर निवासी गौरीशंकर ने बताया कि 13 अप्रैल को वह शक्तिफार्म स्थित जय बाबा तारकनाथ धाम मंदिर परिसर में मेला देखने गया था। उसने बाइक को मेले के पास स्थित सोहन शील के घर के सामने खड़ा किया था। बताया कि मेला देखकर जब वह लौटा तो उसे बाइक नियत स्थान पर नहीं मिली।



दिनेशपुर में श्री हरि नाम संकीर्तन प्रस्तुत करती कीर्तन मंडली। ● अमृत विचार

## हरिनाम संकीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

**दिनेशपुर :** श्री महाप्रभु महानाम संकीर्तन में कीर्तन मंडलियों द्वारा हरे कृष्णा- हरे कृष्णा, हरे रामा-हरे रामा हरे- हरे.....भजन से माहौल भक्तिमय कर दिया, भजन सुनकर श्रद्धालु अपने स्थान पर झूम उठे। शुक्रवार को वार्ड- तीन चंदनगढ़ में पुजारी मुकुंदनंद गोस्वामी के सानिध्य में प्रात: छह बजे से 16 प्रहर व्यापी हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। इससे पूर्व गुरुवार की देर शाम को महिलाएं अनुष्ठान स्थल पर एकत्र हुईं। महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। श्रीहरि गोपाल संप्रदाय, श्रीकृष्ण सखा संप्रदाय, श्रीगोपाल संप्रदाय, श्रीकृष्णदास संप्रदाय, श्रीजगन्नाथ संप्रदाय आदि कीर्तन मंडलियों ने नगर को श्री कृष्ण भक्ति से सराबोर कर दिया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर, नपं पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क, अनीता विश्वास, प्रशांत मालाकार, नारायण मंडल, कालीपद विश्वास, प्रणव शील, भोला विश्वास, विश्वजीत मंडल आदि मौजूद रहे।

### मजदूर संगठनों और यूनियनों के पदाधिकारियों में आक्रोश, श्रमिकों की रिहाई और फर्जी मुकदमे रद्द करने की मांग

# नोएडा और गुड़गांव में श्रमिकों के उत्पीड़न से आक्रोश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** नोएडा, गुड़गांव, पानीपत, मानेसर सहित कई औद्योगिक इलाकों में चल रहे मजदूर आंदोलन पर दमन ढाने के खिलाफ श्रमिक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले विभिन्न मजदूर संगठनों व यूनियनों ने गांधी पार्क में सभा करके अखिल भारतीय प्रतिरोध दिवस मनाया। इस दौरान मानेसर व नोएडा में गिरफ्तार पुरुष महिला मजदूरों, इंकलाबी मजदूर केंद्र व बिगुल मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं की तत्काल रिहाई और फर्जी मुकदमे रद्द करने की मांग उठाई।



गांधी पार्क में सभा को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

शुक्रवार को सभा को संबोधित करते हुए एक्टू के राष्ट्रीय सचिव केके बोरा ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लागू किए गए मजदूर विरोधी श्रम संहिताओं के दुष्परिणाम अभी से सामने आने लगे हैं। तमाम मालिकान ने मजदूरों से 12-12 घंटे काम कराना शुरू कर दिया। इससे परेशान होकर पहले तेल रिफाइनरियों में और फिर तमाम औद्योगिक क्षेत्रों में मामूली सी मजदूरी में काम कराने के खिलाफ मजदूरों का गुस्सा फूट रहा है।

सीएसटीयू के केंद्रीय महासचिव मुकुल ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा तीन अपराधिक कानूनों में संशोधनों का सबसे गलत इस्तेमाल सरकार ने मजदूर आंदोलन को दबाने के लिए किया है। जिसके तहत हड़ताल जैसे मजदूरों के अधिकार को प्रतिबंधित कर दिया गया है। हड़ताल करने वाले मजदूरों को 60 दिन जेल में रखने के प्रावधान को लागू करते हुए कई दिनों से मजदूरों को जेल में डाल दिया गया है। इंकलाबी मजदूर केंद्र के शहर कोषाध्यक्ष दिनेश ने कहा कि महंगी होती गैस, महंगी होती शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था के बीच अगर मजदूर मात्र 20 हजार की मांग कर रहे हैं तो सरकार को उनकी मांगे मानने में क्या हर्ज है।

भाकपा(माले) के जिला सचिव ललित मटियाली ने कहा कि हमारी मांग है कि मजदूरों और उनके नेताओं पर दमन ढाना बंद किया जाए। गिरफ्तार मजदूरों को तुरंत रिहा किया जाए। इस अवसर पर अनिता अन्ना, निरंजन लाल, धीरज जोशी, सौरभ, हीरा राठौर, हरेंद्र सिंह, आइसा प्रदेश सचिव धीरज कुमार, उत्तम दास, महेंद्र राणा, सेवाराम, मुनीब यादव, नागेंद्र यादव, वीरेंद्र नेगी, रामप्रवेश, उमाशंकर यादव, संजय पांडेय, कमलेश ढाली, विजेंद्र, कमल सिंह, प्रकाश बोरा, मृत्युंजय, आकाश भारती सहित कई श्रमिक मौजूद थे।

# प्राधिकरण की आय में 48 फीसदी वृद्धि, रुद्रपुर में बनेंगे भव्य प्रवेश द्वार

### डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में हुई बोर्ड बैठक में 32 प्रस्तावों पर विचार विमर्श

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** आयुक्त कुमाऊं मंडल एवं जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक रावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्राधिकरण की 22वीं बोर्ड बैठक आयोजित हुई। कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित बजट और जनपद के सौंदर्यीकरण से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं पर मुहर लगाई गई।

बैठक के दौरान अध्यक्ष दीपक रावत ने बताया कि प्राधिकरण के वित्तीय आंकड़ों में इस वर्ष उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में राजस्व आय में 48 प्रतिशत की वास्तविक वृद्धि दर्ज की गई है। आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भी सकारात्मक लक्ष्य रखते हुए आय में 27.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रावधान किया गया है। बैठक में भविष्य की विकास योजनाओं का प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। इसके तहत रुद्रपुर शहर के प्रवेश द्वारों पर भव्य हाईवे एंट्री गेट का निर्माण किया जाएगा। साथ ही शहर के प्रमुख पार्कों के पुनर्विकास और सिविल कार्यों के लिए आधुनिक डिजाइनों को प्रदर्शित किया गया, जिससे शहर को एक नई और आकर्षक पहचान मिलेगी। बोर्ड बैठक में कुल 32 मुख्य प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। इनमें चालू वित्तीय वर्ष के बजट अनुमोदन के साथ-साथ 13 नीतिगत प्रस्ताव और 16 मानचित्रों की स्वीकृति का अनुमोदन किया गया। दो महत्वपूर्ण प्रस्तावों को शासन के मार्गदर्शन के लिए भेजा गया है।



बोर्ड बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते मंडलायुक्त दीपक रावत।

### कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने को परियोजनाओं पर चर्चा

**रुद्रपुर :** बैठक में प्राधिकरण की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए नई वेबसाइट और नागरिकों की सहायता के लिए एआई चाटबॉट, वेबसाइट, पीजीआरएस एआई विकसित करने संबंधी तकनीकी परियोजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। मोदी मैदान को एक अत्याधुनिक बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम के रूप में विकसित किया जायेगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एथलेटिक ट्रैक, क्रिकेट पिच और विभिन्न इनडोर व आउटडोर खेलों की सुविधाएं दी जाएंगी। स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए आधुनिक चेंजिंग रूम, दर्शकों के लिए विशाल गैलरी और खेल आयोजनों के लिए उन्नत तकनीकी बुनियादी ढांचे का निर्माण प्रस्तावित है।

### सीएम की घोषणाओं को मिली वित्तीय स्वीकृति

**रुद्रपुर :** बैठक में मुख्यमंत्री घोषणा के तहत खटीमा क्षेत्र के विकास के लिए 1497.46 लाख की लागत वाली विकास योजनाओं को बोर्ड द्वारा प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। प्राधिकरण द्वारा कुमाऊं कॉमर्स और कुटीर परियोजना प्राधिकरण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके अलावा सीएम घोषणा के तहत ग्राम फाजलपुर महरोला तहसील रुद्रपुर में यातायात नगर परियोजना के लिए 46.88 एकड़ भूमि पर जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण ने 7204.07 लाख का प्रारंभिक ड्राइंग, डिजाईन व डीपीआर तैयार की गयी है। जिसको हुडको से वित्तीय प्रबंधन कर आगणन शासन को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया।

### ये अधिकारी रहे मौजूद

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, उपाध्यक्ष प्राधिकरण जय किशन, सचिव पंकज उपाध्याय, मुख्य कोषाधिकारी डॉ.पंकज कुमार शुक्ल, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, रविंद्र बिष्ट, डीजीसी राजस्व मनोज तिवारी, सिविल बरीत सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा, आर्किटेक्ट इंजीनियर्स और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## शादी का झांसा देकर चार साल तक किया शारीरिक शोषण

**रुद्रपुर:** एक महिला ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने के आरोप लगाए हैं। उसने एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

शुक्रवार को एसएसपी कार्यालय में दिए शिकायती पत्र में एक महिला ने कहा है कि उसके तीन बच्चे हैं। गूलरभोज निवासी युवक से उसका चार साल से प्रेम प्रसंग चल रहा है। युवक ने उसे आश्वासन दिया था कि वह उसके तीनों बच्चों को अपनाएगा और उससे शादी करेगा। इसके बाद से वह उससे शारीरिक संबंध बनाता रहा।

महिला के अनुसार कुछ दिन पहले उसे पता चला कि युवक का डेढ़ साल पहले विवाह हो चुका है। जब उसने युवक से पूछा तो वह टालमटोल कर स्वयं को अविवाहित बताने लगा। यही नहीं उसने कई बार उसकी पत्नी और पुत्री के संबंध में पूछताछ की तो वह धमकी देने लगा। पांच दिन पहले जब उसने युवक के भाई को कॉल किया था। जिस पर उसके भाई ने कहा कि वह घर से फरार है। अगर उसके साथ कुछ भी होता है तो वह उसे झूठे केस में फंसा देगा। महिला ने मामले की जांच कर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है।

# बंगाली समाज ने फूंका कांग्रेस अध्यक्ष का पुतला



संजय नगर खेड़ा में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पुतला फूंकते बंगाली समाज के लोग।

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** बंगाली समाज ने सोशल मीडिया पर गणेश गोदियाल वॉइस ऑफ उत्तराखंड कांग्रेस नाम के पेज से बंगाली समाज को घुसपैठिया बोलने और ऊधमसिंह नगर में अवैध तरह से बसाकर उत्तराखंड की डेमोग्राफी बदलने जैसे पोस्ट पर बंगाली समाज में आक्रोश व्याप्त है। विरोध में बंगाली समाज ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पुतला दहन किया। साथ ही इस घटिया मानसिकता के लिए प्रदेश अध्यक्ष को बंगाली समाज से माफी मांगने की मांग उठाई।

शुक्रवार को संजयनगर खेड़ा में बंगाली समाज के बंगाली महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार साह ने कहा बंगाली समाज इसका तराई की बसावट में बहुत अहम योगदान है। जिन्होंने अपनी धर्म आस्था से समझौता न करते हुए अपने ही देश में शरणार्थी होने को विवश होने को मजबूर हुए। साथ ही ऊधमसिंह नगर व उसके आसपास क्षेत्र में आकर बसे। गणेश गोदियाल व कांग्रेस पार्टी की सोशल मीडिया एक्टिविटी चलाने वाले पेज में की गई शर्मनाक पोस्ट जिसमें बंगाली समाज को घुसपैठिया बताया गया।

मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष केके दास ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बंगाली समाज के उनके प्रमाण पत्र में लिखा जाने वाला पूर्वी पाकिस्तान शब्द को हटाने का कार्य किया।

इस अवसर पर रोबिन विश्वास, शिवकुमार राय, सुदीप डे, विशाल शील, अखिल विश्वास, मिंटू जोरदार, अम्ल मंडल, बृजेंद्र मंडल, अखिल सेन, अजीत गायन, प्रमोद ढाली, नरेश, हंसू विश्वास, विशाल, गणेश मंडल, सुरेश मंडल, विधान, सुधांशु, निधि हलदार आदि मौजूद रहे।

# दरऊ चौक पर कट खोलने की मांग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** किच्छा के व्यस्त दरऊ चौक पर बंद किए गए कट को खोलने की मांग को लेकर किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एनएचएआई के परियोजना निदेशक कार्यालय पर नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने परियोजना निदेशक अचल जिंदल का घेराव कर कट को जनहित में शीघ्र खोलने की मांग उठाई।

शुक्रवार को प्रदर्शन के दौरान किच्छा विधायक बेहड़ ने कहा कि दरऊ चौक क्षेत्र का सबसे व्यस्त चौराहा है और कट बंद होने से लोगों को लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। मजबूरी में कई लोग गलत दिशा से सड़क पार कर रहे हैं। इससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को पहले भी कई बार उठाया गया, लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही कट नहीं खोला गया तो जनता के साथ मिलकर आंदोलन तेज किया जाएगा। इस अवसर पर दर्शन कोली, राजेश प्रताप सिंह, अरुण शुक्ला, संजय जुनेजा, दलजीत सिंह, रमेश तिवारी, सर्वेश कुमार सिंह, गुरदास काडला, प्रेम आर्य, गुलशन सिंधी, राजीव अग्रवाल, सुनीता कश्यप आदि मौजूद रहे।



एनएचएआई कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते किच्छा विधायक बेहड़ और कार्यकर्ता।

## बैंक खाते से उड़ाए दो लाख रुपये

**सितारगंज:** एक जालसाज ने दो दिनों के भीतर सात ट्रांजेक्शन कर एक व्यक्ति के बैंक खाते से दो लाख रुपये साफ कर दिए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड नंबर 10, बलिनगर निवासी अली का बैंक ऑफ बड़ौदा की सितारगंज शाखा में बचत खाता है। अली ने बताया कि 15 अप्रैल को उनके मोबाइल पर संदिग्ध ट्रांजेक्शन के पांच मैसेज आए, जिसमें कुल एक लाख रुपये कटने की सूचना मिली। अगले दिन 16 अप्रैल को ठगों ने फिर से पचास-पचास हजार रुपये के दो ट्रांजेक्शन किए। खाते से कुल दो लाख रुपये गायब होने के बाद जब पीड़ित बैंक पहुंचा, तो वहां निकासी की पुष्टि हुई।

# कांग्रेस की छवि खराब करने में लगे हैं विरोधी

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में चुनावी सरगर्मी के बीच राजनीतिक साजिश का बड़ा मामला सामने आया है। पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन व कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार के साथ वरिष्ठ नेताओं ने एक संयुक्त प्रेस वार्ता कर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा राजनीतिक लाभ के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर बंगाली समुदाय को भड़काने की कोशिश का आरोप लगाया।

शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने बताया कि बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर गणेश गोदियाल के नाम से बनी एक फर्जी फेसबुक आईडी से लगातार आपत्तिजनक पोस्ट साझा की जा रही हैं। इन पोस्ट में कथित रूप से उत्तराखंड की ''डेमोग्राफी'' बदलने और बंगाली समुदाय को लेकर भड़काऊ व भ्रामक बातें लिखी गई हैं। उन्होंने कहा निष्पक्ष जांच के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को वरिष्ठ कांग्रेसियों द्वारा एक ज्ञापन सौंपा गया है। कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार का आरोप है कि यह सब चुनावी माहौल को खराब करने और समाज में वैमनस्य फैलाने की सोची-समझी साजिश है। उन्होंने कहा जबकि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भी इस मामले पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि उन्होंने बंगाली समुदाय या किसी भी समुदाय के खिलाफ ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। यह पूरी तरह से उन्हें और कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने की साजिश है। उन्होंने फर्जी आईडी बनाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जिपं पूर्व उपाध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता त्रिनाथ विश्वास ने कहा कि उत्तराखंड शांतिप्रिय प्रदेश है। यहां सभी समुदाय मिलजुल कर रहते हैं। कुछ लोग राजनीतिक स्वार्थ के लिए बंगाली समुदाय की भावनाओं को आहत कर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ना चाहते हैं। उन्होंने ने कहा पुलिस को तत्काल इस फर्जी आईडी को ट्रेस कर दोषियों को गिरफ्तार करना चाहिए। बंगाली कल्याण समिति के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तारक बाछाड़ ने कहा कि चुनाव आयोग को भी इस मामले का संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। इस मौके पर कांग्रेस युवा नेता किशोर हालदार, ब्लॉक अध्यक्ष चंदन सिंह नयाल, वरिष्ठ नेता श्याम सिंह देऊपा, प्रेम सिंह, मनोज देवराड़ी आदि मौजूद रहे।



पत्रकारों से वार्ता करते पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन व प्रदेश महामंत्री ममता हालदार।

सख्ती

### मंडी समिति ने फल-सब्जियों के थोक और फुटकर दामों की निगरानी के लिए दो सचल दल गठित किए

# फल-सब्जियों के मनमाने दाम वसूलने पर लगेगी रोक

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड के निर्देश पर काशीपुर मंडी समिति ने फल-सब्जियों के थोक और फुटकर दामों की निगरानी के लिए दो सचल दल गठित किए हैं। बोर्ड अध्यक्ष ने थोक और फुटकर मूल्यों में बड़े अंतर पर नाराजगी जताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। प्रभारी सचिव योगेश तिवारी ने स्पष्ट किया कि सभी व्यापारियों को दुकान पर रेट लिस्ट लगाना अनिवार्य होगा। साथ ही, आमजन को राहत देने के लिए मंडी परिसर में एक नियंत्रित खुदरा दुकान भी खोली जाएगी। सचिव ने स्वयं बाजार का निरीक्षण किया।



काशीपुर में फल सब्जी की दुकान पर जांच करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### महंगाई कम करने को अधिकारियों ने चलाया अभियान

**जसपुर :** लगातार बढ़ती महंगाई को कम करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री के निर्देश पर सीएम के निर्देश अभियान चलाकर मंडी समिति ने 48 फुटकर व्यापारियों के लाइसेंस बनाए। शुक्रवार को एसडीएम एवं प्रशासक राहुल शाह की अध्यक्षता में चलाए अभियान में मंडी सचिव शैलेंद्र माहरा एवं अन्य कर्मियों ने अभियान के तहत फुटकर व्यापारियों से 20-25 प्रतिशत से अधिक मुनाफा न वसूलने की हिदायत देते हुए महंगाई नियंत्रण में सहयोग करने को प्रेरित किया।

### अधिक मूल्य वसूलने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी

**बाजपुर/सितारगंज :** फल-सब्जियों के थोक एवं फुटकर दामों में बढ़ती असमानता को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में बाजपुर और सितारगंज मंडी समितियों ने सचल दलों का गठन कर औचक निरीक्षण शुरू कर दिया है। बाजपुर मंडी सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि सभी विक्रेताओं के लिए दुकानों पर रेट लिस्ट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। थोक दरों की तुलना में अधिक मूल्य वसूलने वाले मुनाफाखोरों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, सितारगंज मंडी सचिव विनोद पलड़िया ने बताया कि मंडी निरीक्षक के नेतृत्व में गठित टीमें रोजाना बाजारों की समीक्षा करेंगी। बिना लाइसेंस व्यापार करने वालों को तीन दिन की चेतावनी दी गई है। प्रशासन की इस कार्यवाही की दैनिक रिपोर्ट निदेशालय को भेजी जाएगी, जिससे आम जनता को महंगाई से राहत मिलने की उम्मीद है।

### नानकमत्ता में भी सचल दल गठित

**नानकमत्ता :** फल-सब्जियों के थोक और फुटकर दामों में मनमानी रोकने के लिए मंडी समिति ने सख्त कदम उठाते हुए सचल दल का गठन किया है। यह दल प्रतिदिन बाजार में कीमतों की निगरानी करेगा। यदि कोई व्यापारी तय दर से अधिक मूल्य वसूलता पाया गया, तो उस पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। मंडी सचिव ने बताया कि बाजार में पारदर्शिता लाने के लिए अब सभी फुटकर विक्रेताओं को मंडी स्तर से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा।

# बच्चों को आग से बचाव के गुर सिखाए

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** शांतिपुरी नंबर दो सत्संग आश्रम सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अग्निशमन विभाग द्वारा विद्यार्थियों के साथ अग्नि सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल अभ्यास कराया गया।

इस दौरान छात्र-छात्राओं को आग लगने की स्थिति में सतर्क रहने और सुरक्षित तरीके से बाहर निकलने के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के तहत अग्निशमन विभाग की टीम ने बच्चों को घबराने के बजाय धैर्यपूर्वक स्थिति का सामना करने और सुरक्षित निकास के तरीकों का प्रशिक्षण दिया। साथ ही विभिन्न प्रकार के अग्निशमन यंत्रों के उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान जैसे ही अलार्म बजा, विद्यार्थियों को कतारबद्ध तरीके से सुरक्षित स्थान तक पहुंचने का अभ्यास कराया गया। इसके अलावा आग के प्रकार और उन्हें बुझाने में उपयोग होने वाले उपकरणों व रसायनों की भी विस्तृत जानकारी दी गई। अग्निशमन टीम ने विद्यार्थियों को फायर ब्रिगेड सहित अन्य आपातकालीन सेवाओं के टोल-फ्री नंबरों की जानकारी भी दी, ताकि आपात स्थिति में तुरंत सहायता ली जा सके। स्कूल के प्रबंधक प्रमोद कुमार वर्मा एवं प्रधानाचार्य बृजमोहन कुनियाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें किसी भी आपदा से निपटने के लिए तैयार करते हैं।



सेंट लामार्ट स्कूल में मॉक ड्रिल के दौरान अग्नि सुरक्षा की जानकारी लेते बच्चे।

## सिटी ब्रीफ

### संयुक्त रूप से कराएंगे विभिन्न कार्यक्रम

**काशीपुर** : केवीएस प्रीमियर ग्रुप की ओर से सीएसआर के तहत केवीएस फाउंडेशन, रोटरी क्लब ऑफ काशीपुर, रोटरी क्लब ऑफ बरेली साउथ के संयुक्त रूप से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। ग्रुप के जीएम मार्केटिंग दीपक कुमार यादव ने बताया कि शनिवार को दोपहर करीब एक बजे देबांबर धाम गढीइंद्रजीत प्रतापपुर में स्मार्ट कंप्यूटर क्लास के लिए छह कंप्यूटर एवं इलेक्ट्रॉनिक पैनल की स्थापना की जाएगी। करीब तीन बजे से रामनगर रोड देवस्थली में फेलिसिटेशन सेरेमनी होगी।

### बाइक फिसलने से दो लोग हुए चोटिल

**काशीपुर** : बाइक फिसलने से दो युवक चोटिल हो गए। खड़कपुर देवीपुरा निवासी सूरज और आवास विकास निवासी गौरव बाइक पर सवार होकर बाजार की ओर जा रहे थे। रास्ते में अचानक बाइक फिसल गई। सड़क पर गिरकर दोनों चोटिल हो गए। राहगीरों ने उन्हें एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया।

### जसपुर के पत्रकार शौकत राही का निधन

**जसपुर** : पत्रकार रहे शौकत राही का लंबी बीमारी के चलते शुक्रवार को निधन हो गया। वह 52 वर्ष के थे। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। शौकत राही की मौत पर पत्रकारों समेत विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक डा. शैलेंद्र मोहन सिंघल, पालिकाध्यक्ष नौशाद सम्राट, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल, डॉ. एमपी सिंह, खड़क सिंह, हरिओम सिंह, आबिद नूरी, जाकिर नूरी, मो. मोहसिन, डा. सुदेश, अनीस मिर्जा, जावेद अख्तर, असद, अनीस तूफान, दिनेश कौशिक, शहजाद सिद्दीकी, अशोक सिद्धू, समीर परवेज, विजय, नीरज, वसीम ने शोक जताया है।


शौकत राही (फाइल)।

### रेलवे स्टेशन पर पार्किंग वसूली को लेकर हंगामा

**बाजपुर** : रेलवे स्टेशन के बाहर शुक्रवार को कथित पार्किंग शुल्क वसूली को लेकर यात्रियों और संचालकों के बीच जमकर विवाद हुआ। आरोप है कि बिना आधिकारिक आईडी कार्ड के कुछ लोग वाहन चालकों से मनमाना शुल्क वसूल रहे हैं। मामला तब बढ़ा जब एक व्यक्ति द्वारा वीडियो बनाने पर वसूलीकर्ताओं ने मोबाइल छीनने का प्रयास किया। वाहन चालकों का कहना है कि ये लोग वाहन खड़ा करते समय रसीद नहीं देते और विरोध करने पर अभद्र व्यवहार करते हैं। साथ ही, वाहनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी से भी पल्ला झाड़ लेते हैं।

### स्मैक के साथ यूपी के दो तस्कर गिरफ्तार

**काशीपुर** : कुंडा कोतवाली पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ अभियान चलाते हुए दो युवकों को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश के ठाकुरद्वारा क्षेत्र के निवासी हैं, जो नशे की खेप लेकर उत्तराखंड की सीमा में दाखिल हो रहे थे। कुंडा कोतवाली के उपनिरीक्षक गणेशदत्त भट्ट ठाकुरद्वारा बॉर्डर के समीप ढाडी नदी पुल पर सघन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो संदिग्धों को रोका गया। तलाशी लेने पर समीर खान (निवासी मनिहारन फतेह उल्लाह गंज, ठाकुरद्वारा) के पास से 4.09 ग्राम और उसके साथी अजीम के पास से 4.00 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे खुद भी नशे के आदी हैं और मुनाफे के लिए ठाकुरद्वारा से स्मैक लाकर काशीपुर में बेचने की फिराक में थे।

# पूर्व विधायक के खिलाफ चौहान समाज लामबंद

## महारानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति स्थापना पर विवाद, वर्तमान विधायक के समर्थन में आए चौहान समाज के लोग

- पूर्व विधायक सिंघल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचार**: वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति स्थापना को लेकर शुरू हुआ विवाद अब राजनीतिक और सामाजिक मोड़ ले चुका है। वर्तमान विधायक आदेश सिंह चौहान के प्रयासों का विरोध करने और उनके विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में चौहान समाज ने पूर्व विधायक शैलेंद्र मोहन सिंघल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

चौहान सभा समिति का आरोप है कि ठाकुर मंदिर चौक पर लंबे समय से रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति लगाने की योजना चल रही थी, लेकिन पूर्व विधायक ने कुछ लोगों के साथ मिलकर वहां महाराजा अग्रसेन की मूर्ति लगाने की जिद शुरू कर दी। समिति ने आरोप लगाया कि पूर्व विधायक द्वारा नारी शक्ति के सम्मान में बाधा डाली जा रही है और आगामी चुनावों के मद्देनजर जातियों के बीच विवाद पैदा कर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

समिति के सदस्यों ने कड़ा ऐतराज जताया कि पूर्व विधायक ने प्रेस वार्ता के दौरान विधायक आदेश सिंह चौहान के लिए ''गुंडा'' शब्द का प्रयोग किया और आजादी की लड़ाई लड़ने वाली वीरांगना की मूर्ति लगाने के प्रयास को ''गुंडागर्दी'' करार दिया। समाज का कहना है कि एक तरफ प्रधानमंत्री नारी सशक्तिकरण की बात कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ पूर्व विधायक का यह कृत्य महिलाओं का अपमान है। शुक्रवार को आक्रोशित समाज के लोगों ने अपर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर शैलेंद्र मोहन सिंघल के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की।

इस अवसर पर डॉ. वी.पी. सिंह, रविंद्र चौहान, दिग्विजय सिंह, योगेंद्र सिंह और प्रेम राज सिंह आदि उपस्थित रहे।


काशीपुर में अपर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपने जाते चौहान सभा के लोग।


जसपुर में मशाल रैली निकलते अग्रवाल समाज के लोग। ● अमृत विचार

### स्वीकृत परियोजना में अवरोध उत्पन्न करने का विरोध

**जसपुर** : ठाकुर मंदिर के समीप वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति स्थापना का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। विधायक निधि से स्वीकृत इस परियोजना में कुछ स्थानीय लोगों द्वारा अवरोध उत्पन्न किए जाने पर क्षेत्रवासियों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। शुक्रवार को आक्रोशित नागरिकों ने एसडीएम राहुल शाह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जसपुर नगर क्षेत्र में महिलाओं के सम्मान और प्रेरणा के प्रतीक के रूप में एक भी प्रतिमा स्थापित नहीं है। ऐसे में देश की महान वीरांगना की मूर्ति के मार्ग में बाधा डालना न केवल विकास विरोधी है, बल्कि नारी शक्ति का भी अनादर है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो क्षेत्र की जनता उग्र आंदोलन के लिए विवश होगी। इस मौके पर जसविंदर सिंह, मनीष कुमार, सुरेंद्र सिंह, शेर अली, मुजाहिद हुसैन, जाहिद, शरीफ हुसैन, असलम, शाहिद, अहसान, हरविंदर, कमल आदि मौजूद रहे।

### अग्रवाल समाज ने निकाली मशाल रैली

**जसपुर** : वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति स्थापना को लेकर उपजे विवाद के विरोध में स्थानीय अग्रवाल समाज के लोगों ने अपनी दुकानें बंद कर विरोध जताया। साथ ही नगर में मशाल रैली निकाली। इस दौरान अग्रवाल समाज ने जमकर नारेबाजी की। समाज के लोगों ने पूर्व विधायक डॉ शैलेन्द्र मोहन सिंघल के नेतृत्व में नगर के मुख्य मार्गो से रैली निकाली। रैली के दौरान विधायक आदेश सिंह चौहान के विरोध में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान अंकुर बंसल, अनुराग अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, डॉ आशु सिंघल, सिद्धार्थ सिंघल, गौरव राजन, विनोद अरोरा, अवलोक जैन, सौरभ गर्ग, आदि मौजूद रहे।

# डंपर से बिजली का तार टूटने पर बढ़ा विवाद

- युवक पर सरिया से हमला, पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचार**: डंपर से बिजली का तार टूटने जैसी मामूली बात ने बाजपुर के ग्राम गोबरा में खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। आरोप है कि बीच-बचाव करने आए एक युवक पर पड़ोसियों ने घर में घुसकर सरिया और डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने मामले में पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर में अमरजीत कुमार ने बताया कि 12 अप्रैल की शाम नदी की ओर से आ रहे एक डंपर से पड़ोसी मोहित कुमार के घर का बिजली का तार टूट गया था। मोहित द्वारा डंपर चालक के साथ गाली-गलौज किए जाने पर अमरजीत का भाई सुरजीत कुमार बीच-बचाव करने पहुंचा। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर मोहित ने अपने परिजनों को बुला लिया। अमरजीत का आरोप है कि मोहित कुमार, नरेंद्र, शिवम उर्फ सोनू, महेश कुमार और शुभम डंडे व सरिया लेकर मौके पर पहुंचे और सुरजीत पर हमला कर दिया। जान बचाने के लिए सुरजीत घर के भीतर भागा, लेकिन आरोपी पीछे-पीछे घर में घुस आए। इस दौरान मोहित ने सुरजीत के सिर पर सरिया से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

परिजनों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल सुरजीत को तुरंत सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के आपराधिक इतिहास का हवाला देते हुए भविष्य में भी जान का खतरा जताया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांचों नामजद आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### जसपुर में स्मैक तस्कर दबोचा

**जसपुर**: नशा तस्करों के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्कर के पास से 03.04 ग्राम स्मैक बरामद की है। चौकी इंचार्ज भूपाल राम पौरी ने पुलिस टीम के साथ गाट के दौरान मोहल्ला जटवारा निवासी शारिक पुत्र मो.अली को 03.04 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# कन्यादान योजना के तहत विवाह कराया

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचार**: समाज सेवा की दिशा में अनूठी पहल करते हुए ''श्री कायस्थ सभा'' द्वारा संचालित श्री चित्रगुप्त कन्यादान योजना के अंतर्गत प्रथम कन्या का विवाह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। संस्था संरक्षक अशोक कुमार सक्सेना के नेतृत्व में समिति द्वारा परिवार का विधिवत सत्यापन करने के उपरांत इस विवाह को स्वीकृति दी गई थी।

समारोह के दौरान संस्था की ओर से नववधू को 5100 का चेक प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त समाजसेवियों के सहयोग से गृहस्थी का आवश्यक सामान जैसे वॉशिंग मशीन, सोफा, कूलर, गैस चूल्हा और डिनर सेट आदि भेंट स्वरूप दिए गए। संस्था अध्यक्ष अभिताभ सक्सेना (एडवोकेट) ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया, जबकि सचिव राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि योजना में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है ताकि भविष्य में अधिक से अधिक जरूरतमंद कन्याओं की सहायता की जा सके। इस पुनीत कार्य में ए.के. माथुर, संजय सक्सेना, गीता सक्सेना और अन्य गणमान्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

इस दौरान संस्था संरक्षक मुकेश सक्सेना एडवोकेट, संजय सक्सेना, सुनीता सक्सेना, कविता सक्सेना, अपूर्व चित्रांश एडवोकेट, देवम सक्सेना आदि कायस्थ बंधु उपस्थित रहे।


काशीपुर में विवाह समारोह में मौजूद श्रीकायस्थ सभा के लोग। ● अमृत विचार

### उद्योगों के समीप खेतों में लगी आग

**बाजपुर**: ग्राम विक्रमपुर में गुरुवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब उद्योगों के समीप स्थित खेतों और खाली प्लॉटों में अचानक भीषण आग लग गई। तेज हवाओं के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे पास स्थित फैक्ट्रियों और गेहूं की तैयार फसलों पर खतरा मंडराने लगा। औद्योगिक इकाई भगवती, तिपाड़िया और एक मुर्गी दाना फैक्ट्री के पास खाली पड़े प्लांट में उगी झाड़ियों में अचानक लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग बड़े क्षेत्र में फैल गई। स्थिति बिगड़ती देख उद्योगों के कर्मचारियों और ग्रामीणों ने तुरंत आग बुझाने का मोर्चा संभाला और दमकल विभाग को सूचित किया। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# आठ सड़कों का किया शिलान्यास

- वार्ड वासियों ने महापौर दीपक बाली का किया स्वागत

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचार**: महापौर दीपक बाली ने वार्ड संख्या 23 अल्ली खां पश्चिमी में 41 लाख 97 हजार की लागत से बनने वाली 2 सड़कों और वार्ड संख्या 37 पक्का कोट पूर्वी में 1 करोड़ 2 लाख 75 हजार की लागत से बनने वाली 6 सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सड़कों का शिलान्यास होने से खुश वार्ड वासियों ने अपने बीच पहुंचे महापौर दीपक बाली का जोरदार स्वागत किया।

शिलान्यास अवसर पर पार्षद वैशाली गुप्ता, पार्षद रवि प्रजापति, पार्षद नजमा बेगम, पार्षद मोनिश आशी, शक्ति केंद्र संयोजक शराविया बेगम, वरिष्ठ भाजपा नेता ईश्वर चंद्र गुप्ता, राजेंद्र सैनी, जसवीर सिंह सैनी, चौधरी समरपाल सिंह, बूथ अध्यक्ष नसरीन, योगेश कुमार सक्सेना, नरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

महापौर दीपक बाली ने नगर निगम द्वारा शहर में कराए जा रहे विकास कार्यों में जनता से सहयोग मांगा और सफाई के मामले में उन्होंने कहा कि जब तक जनता जागरुक होकर साथ नहीं देगी तब तक कितने भी प्रयास कर लो शहर साफ नहीं हो सकता।


काशीपुर में सड़क का शिलान्यास करते मेयर दीपक बाली साथ में वार्ड पार्षद।


काशीपुर बार एसोसिएशन में आंबेडकर जयंती मनाते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### अधिवक्ताओं ने मनाई आंबेडकर जयंती

**काशीपुर** : बार एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार को बार एसोसिएशन सभागार में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े हर्षोल्लास से मनाई गई। इस मौके पर अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने ऐसा संविधान दिया जिससे पूरे विश्व ने सीख ली। संचालन कर रहे बार एसोसिएशन के सचिव यशवंत सिंह चौहान ने कि महामानव डॉक्टर भीमराव आंबेडकर ने संविधान में ऐसे ऐसे मोती पिरोए हैं जो हमें एक सूत्र में बांधे हुए हैं। इस मौके पर बार एसोसिएशन उपाध्यक्ष विधु शेखर शर्मा, उपसचिव अंकित चौधरी, कोषाध्यक्ष बी सी नौटियाल, आय व्यय निरीक्षक गौरव मेहरोत्रा, पुस्तकालय अध्यक्ष राकेश प्रजापति व कार्यकारिणी सदस्य प्रीति कश्यप, पंकुल गुप्ता शुभम उपाध्याय नरगिस रणजीत सिंह, कैलाश कुमार, केदार सिंह, प्रीति शर्मा, शैलेंद्र कुमार मिश्रा, अब्दुल सलीम, आनंद रस्तोगी एडवोकेट, कश्मीर सिंह, उमेश जोशी, भास्कर त्यागी आदि मौजूद रहे।

# दिन में रोशन और रात में अंधेरे में डूबा रहता है फ्लाईओवर

- एनएचएआई की लापरवाही उजागर, लोगों में रोष

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचार**: शहर के बाजपुर रोड स्थित फ्लाईओवर पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। विडंबना यह है कि इस फ्लाईओवर पर लगी स्ट्रीट लाइटें दिन भर जलती रहती हैं, जबकि रात के समय जब राहगीरों को इनकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है, तब ये बंद रहती हैं।

बाजपुर रोड से रामनगर और जसपुर रोड को जोड़ने वाले इस व्यस्त फ्लाईओवर पर दिन-रात ट्रैफिक का दबाव रहता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि दिन में लाइटें जलने से जहां सरकारी धन और बिजली की बर्बादी हो रही है, वहीं रात में अंधेरा होने के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इस संबंध में कई बार शिकायत के बावजूद एनएचएआई के अधिकारियों ने सुध नहीं ली है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने कहा कि एनएचएआई के अधिकारियों से पत्राचार कर जवाब मांगा जाएगा। वहीं, एनएचएआई के अधिशासी अभियंता आशुतोष ने इसे गंभीर समस्या बताते हुए कहा, "इसकी जल्द जांच कराई जाएगी। बिजली बिल के नुकसान के साथ-साथ राहगीरों की सुरक्षा सर्वोपरि है, व्यवस्था को जल्द दुरुस्त किया जाएगा।"


फ्लाई ओवर पर दिन में जलती स्ट्रीट लाइट।


आईएमटी में डॉ. नवप्रीत कौर का स्वागत करतीं अध्यक्ष डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय।

### हेल्थ गाइड फॉर गर्ल्स विषय पर हुआ टॉक शो

**काशीपुर** : सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज के प्रांगण में विगत दिवस काशीपुर की जानी-मानी गायनोलोजिस्ट डॉक्टर नवप्रीत कौर सहोता द्वारा संस्थान की छात्राओं की सेहत से संबंधित एक टॉक शो में उनके स्वास्थ्य संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। संस्थान की प्राचार्य डॉक्टर निमिषा अग्रवाल ने बताया कि डॉक्टर सहोता ने संस्थान की यूजी, पीजी एवं विधि की छात्राओं को उनके स्वास्थ्य संबंधित बहुत सारी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। डॉक्टर निमिषा ने बताया कि यह टॉक शो इनर व्हील क्लब काशीपुर के द्वारा विशेष रूप से आयोजित किया गया था। इससे पूर्व टॉक शो का शुभारंभ इनर व्हील क्लब काशीपुर की अध्यक्ष डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, सचिव डॉक्टर निमिषा अग्रवाल एवं डॉक्टर नवप्रीत कौर सहोता ने मां सरस्वती एवं संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय गुड़िया के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

## आस्था

### ग्राम महेशपुरा में चौथे श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन हुआ

# श्याम संकीर्तन महोत्सव पर मंगल कलश यात्रा निकाली

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचार**: ग्राम महेशपुरा में आयोजित चौथे श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के उपलक्ष्य में शुक्रवार को भव्य निशान एवं मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा का शुभारंभ महेशपुरा स्थित देवी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद श्रद्धालु हाथों में श्याम बाबा के निशान और महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़ीं। यात्रा महेशपुरा की गलियों से होते हुए दोराहा पहुंची और वहां से बड़ा अखाड़ा शिव मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। भक्ति गीतों पर झूमते श्रद्धालुओं से वातावरण गुंजायमान रहा। इस धार्मिक आयोजन में पूर्व प्रधान राकेश गुप्ता, बीडीसी सुरेश सैनी, सतेंद्र कुमार, सोनू कश्यप, अमन चंद्रा, राकेश कश्यप और सौरभ राणा आदि उपस्थित रहे।


बाजपुर के ग्राम महेशपुरा में निशान एवं मंगल कलश शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।


बाजपुर के श्री शिव दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

### शिव दुर्गा मंदिर के स्थापना दिवस पर गूंजे जयकारे

**बाजपुर** : कृष्णा नगर वार्ड नंबर-12 स्थित श्री शिव दुर्गा मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रथम विशाल भंडारा एवं हवन पूजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर आहुतियां दीं और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ अजय शास्त्री एवं अजय शुक्ला के सानिध्य में विधि-विधान से किए गए हवन-पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मंदिर कमेटी अध्यक्ष रामकिशन, एससी-एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष यशपाल राजहंस, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शुभम पांडे, बजरंग दल के अमन वर्मा, चंद्रभान पांडेय और धीरेंद्र यादव उपस्थित रहे।

# वार्ड-13 को मिली ग्रामीण बिजली से मुक्ति

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचार**: नगरपालिका क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर-13 के निवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई है। लंबे समय से ग्रामीण फीडर से जुड़ी इस क्षेत्र की विद्युत लाइन को अब नगरीय क्षेत्र (टाउन) की लाइन से जोड़ दिया गया है। विद्युत आपूर्ति सुचारु होने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है और उन्होंने इसे अपनी बड़ी जीत बताया है।

समस्या का समाधान होने पर उत्साहित लोगों ने बेरिया रोड पर भाजपा नेता गौरव शर्मा और विद्युत विभाग के एसडीओ गिरीश चंद्र पांडे का जोरदार स्वागत किया और उन्हें मिठाई खिलाकर आभार जताया। स्थानीय निवासियों का कहना था कि ग्रामीण लाइन के कारण उन्हें आए दिन बिजली कटौती और लो-वोल्टेज जैसी समस्याओं से जूझना पड़ता था, जिससे अब उन्हें निजात मिल गई है।

इस अवसर पर भाजपा नेता गौरव शर्मा ने कहा कि निकाय चुनाव के दौरान जनता से किया गया वादा आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और सांसद अजय भट्ट के सहयोग से पूरा हुआ है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जनहित के मुद्दों का समाधान उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस दौरान राकेश मौर्य, विक्रम मेहता, कमल गोयल और बलवंत उप्पल सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।


भाजपा नेता गौरव शर्मा व एसडीओ विद्युत गिरीश चंद्र पांडे को मिठाई खिलाते लोग।

## ब्रीफ न्यूज

### खनन निकासी की मात्रा बढ़ाने की मांग

**टनकपुर :** मां शारदा खनन शक्तिमान यूनियन टनकपुर ने शारदा खनन क्षेत्र में खनन की मात्रा बढ़ाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। यूनियन का कहना है कि वर्तमान में निर्धारित उप खनिज निकासी की मात्रा लगभग तीन लाख 35 हजार घन मीटर रखी गई है, जो अप्रैल माह में ही समाप्त होने की स्थिति में है। ज्ञापन में एक लाख घन मीटर मात्रा और बढ़ाने की मांग की गई है। यूनियन के अध्यक्ष मनोज गुप्ता के नेतृत्व में खनन स्वामियों ने सीएम कैंप कार्यालय के माध्यम से भेजे ज्ञापन में कहा है कि खनन समय से पहले बंद होने पर इससे जुड़े मजदूरों, वाहन स्वामियों और स्थानीय व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। इससे सैकड़ों परिवारों की आजीविका प्रभावित होने की आशंका है। ज्ञापन भेजने वालों में मदन जोशी, जाहिद हुसैन, नसीब, कमलेश शर्मा, पंकज जोशी, रईस अहमद, रहमान, शाहिद, नजीर हुसैन आदि रहे।

### चितई, पेटशाल, बाड़ेछीना और धौलछीना में दर्जा मंत्री गोविंद पिलख्वाल का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# आम जन के कल्याण के लिए करेंगे काम: पिलख्वाल

- दर्जा मंत्री ने सरकार की योजनाएं जन-जन तक पहुंचाने पर दिया जोर
- बोले-भाजपा में हर कार्यकर्ता को मिलता है सम्मान

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** उत्तराखंड सरकार में दर्जा राज्य मंत्री गोविंद पिलख्वाल का शुक्रवार को चितई, पेटशाल, बाड़ेछीना और धौलछीना में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा और गोविंद पिलख्वाल के समर्थन में नारे लगाए तथा उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया।

इस मौके पर दर्जा मंत्री गोविंद पिलख्वाल ने कहा कि सरकार ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी में सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान है और उनकी प्राथमिकता सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाना है। पिलख्वाल ने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए पार्टी नेतृत्व और मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उनकी मेहनत को सम्मान दिया है और भविष्य में भी वह पूरी तरह समर्पित होकर पार्टी हित में कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसका उपयोग वह आम जन के कल्याण के लिए करेंगे।



चितई में दर्जा मंत्री गोविंद पिलख्वाल का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

इस अवसर पर पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, ब्लॉक प्रमुख मीना, मंगल सिंह रावत, सियाल टम्टा, मंजू टम्टा, भगवत आर्या, चंदन सिंह, रवि नेगी, बलदेव आर्या, दिनेश कुमार, बच्ची राम, हेमंत तिलारा, राजेंद्र बिष्ट, भगवत सिंह, गोपाल सिंह, बालम सिंह, गोविंद सिंह, शिवराज सिंह, हरीश बनौला, माया नेगी, राधा नेगी, सुरेश राम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# चम्पावत में 62.33 करोड़ रुपये से बनेगा सिटी सेंटर

संवाददाता, चम्पावत

- मल्टीस्टोरी पार्किंग और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का होगा निर्माण

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री घोषणा के तहत रोडवेज स्टेशन चम्पावत में आधुनिक सुविधाओं से युक्त मल्टीस्टोरी पार्किंग और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स 'सिटी सेंटर चम्पावत' के निर्माण को शासन ने अंतिम मंजूरी दे दी है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 6233.44 लाख रुपये (62 करोड़ 33 लाख 44 हजार रुपये) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। परियोजना के निर्माण कार्य को गति देने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रथम किश्त के रूप में 10 प्रतिशत धनराशि, यानी 623.34 लाख रुपये भी जारी कर दिए गए हैं। यह परियोजना चम्पावत शहर के शहरी ढांचे को आधुनिक स्वरूप देने के साथ स्थानीय व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देगी। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि 'सिटी सेंटर चम्पावत' जनपद के लिए गेम चेंजर साबित होगा। इससे शहर में पार्किंग की समस्या का स्थायी समाधान होगा और लोगों को एक ही स्थान पर आधुनिक बाजार की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप परियोजना को पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

# डॉ. आंबेडकर के विचारों से सशक्त हुई सामाजिक न्याय की अवधारणा

### भाजपा कार्यालय में आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत जिला स्तरीय गोष्ठी आयोजित

संवाददाता अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी विचारधारा और सामाजिक समरसता फैलाने का आह्वान किया गया।

पातालदेवी स्थित कार्यालय में आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की विचारधारा को सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। सह प्रभारी दीपिका बोहरा ने डा. आंबेडकर के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय की अवधारणा उनके विचारों से ही सशक्त हुई है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए प्रधानमंत्री का आभार जताया। वहीं, जिला मंत्री रेखा आर्य ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर उसके मूल सिद्धांतों-सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समानता पर प्रकाश डाला। वहीं पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक समान अवसर पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान नेतृत्व में उनके सपनों को साकार करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र आगरी ने कार्यकर्ताओं से समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर समरसता और संविधान के मूल्यों को प्रसारित करने की अपील की। संचालन दर्शन रावत एवं प्रकाश भट्ट ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर मेयर अजय वर्मा, रघुनाथ सिंह चौहान, रमेश बहुगुणा, किरण पंत, पूनम पालीवाल, रवि रौतेला, बिट्टू कर्नाटक, संदीप श्रीवास्तव, हरीश कनवाल, धर्मेंद्र बिष्ट, राजीव गुरुरानी, मनोज जोशी, मनीष जोशी, जगदीश नगरकोटी, सौरभ वर्मा, सुनील बिष्ट, मदन बिष्ट, अर्जुन बिष्ट, देवेंद्र भट्ट, अमित शाह मोनू, कमला तिवारी, भावना रावत, पूजा मेहता, दीपा जोशी, भावना पांडे, गीता जोशी, मीरा मिश्रा, रेखा आर्य, किरण, निशा बिष्ट, पंकज भाकुनी, चंदन बहुगुणा, नीरज सांगा, राजू धानिक, अशोक जलाल, शुभम रौतेला, गौरभ भंडारी, दिव्या जोशी, निकेश बिष्ट, मोहित, चंद्रशेखर, रोहित भोज, पारस कांडपाल, कोमल जोशी, आशीष डोगरा, खजान पांडे, अभिषेक, नितिन भंडारी, पुष्कर, राजेश तिवारी, अमित मेहता रहे।



अल्मोड़ा में आयोजित गोष्ठी के दौरान मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार


### जंगलों में आग से बढ़ा खतरा, आबादी में आ रहे जंगली जानवर

**बागेश्वर :** तापमान में लगातार बढ़ोतरी के साथ जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। जिले के कई जंगलों में आग लगने से जंगली जानवर आबादी की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।

गत सायं लेटी गांव में गुलदार का एक शावक आबादी क्षेत्र में पहुंच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची टीम ने शावक का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। वहीं, नदीगांव क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से गुलदार का जोड़ा दिखाई दे रहा है, जिससे लोगों में दहशत बनी हुई है। बताया जा रहा है कि हाल के दिनों में तापमान में अचानक वृद्धि हुई है, जिसके चलते जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। गत दिवस जोशीगांव और पंतक्वैराली के जंगलों में आग लगी थी, जिसे बाद में बुझा लिया गया। वहीं शुक्रवार सुबह जौलकांडे के जंगलों में भी आग लगने की घटना सामने आई।

ग्रामीणों का कहना है कि शाम होते ही गुलदार आबादी की ओर आ रहा है, जिससे लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। नागरिकों ने वन विभाग से गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

# फार्मेसी अधिकारियों ने किया प्रदर्शन



अल्मोड़ा में सांकेतिक प्रदर्शन करते फार्मेसी अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** चारधाम ड्यूटी का यात्रा भत्ता सहित विभिन्न मांगों को लेकर फार्मेसी अधिकारियों का विरोध जारी है। शुक्रवार को फार्मेसी अधिकारियों ने काला फीता बांधकर कार्य किया और सरकार के खिलाफ सांकेतिक प्रदर्शन किया।

इस दौरान फार्मेसी अधिकारियों ने कहा कि पिछले दो वर्षों से उन्हें चारधाम ड्यूटी का यात्रा भत्ता नहीं मिला है। बार-बार मांग करने के बावजूद भी भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे अधिकारियों में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि फार्मेसी अधिकारी स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माने जाते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें अपने ही अधिकारों के लिए भटकना पड़ रहा है। फार्मेसी अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही यात्रा भत्ता जारी नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

इस दौरान जीएस कोरंगा, सुमन चम्याल, पवन जोशी, डीके पांडेय, श्याम लाल, जेएस देवड़ी, जेएस मनराल, श्वेता शैली, गुंजन वर्मा, पंकज और प्रकाश सहित कई फार्मेसी अधिकारी मौजूद रहे।

### भुगतान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

**अल्मोड़ा :** चार धाम यात्रा ड्यूटी के भत्ते का भुगतान को लेकर लैब टेक्नीशियनों ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को उत्तराखंड मेडिकल लैब टैक्नीशियन के पदाधिकारियों ने सीएमओ से कर ज्ञापन सौंपा। जल्द भुगतान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन में कहा कि साल 2025 की चार धाम यात्रा ड्यूटी के भत्तों का भुगतान अब तक नहीं हो सका है। जबकि भुगतान की मांग को लेकर कई बार शासन प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक लंबित बिलों का भुगतान नहीं किया गया है। एक सप्ताह के भीतर बिलों का भुगतान नहीं होने पर कार्य बहिष्कार पर चले जाने की चेतावनी दी। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष देवेंद्र दोसाद, सचिव महेंद्र सिंह बिष्ट, आनंद सिंह बिष्ट, प्रमोद चंद्र जोशी, चंद्रखेशर करगेती, विनोद बिष्ट, नंदकिशोर सकलानी, संजय भट्ट, दीवान राम, निरंजन भट्ट, पुष्पा बिष्ट, नरेश चौहान समेत अन्य मौजूद रहे।



डिग्री कॉलेज बनबसा में आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं व शिक्षक।

### योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बनबसा, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय बनबसा में उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखंड द्वारा संचालित देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत एक दिवसीय ओरिएंटेशन (जागरूकता) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ. राजीव कुमार (समाजशास्त्र विभाग) के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता देवभूमि उद्यमिता योजना के प्रोजेक्ट अधिकारी जयेन्द्र ने विद्यार्थियों को उद्यमशीलता के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने छात्रों को नौकरी तलाशने के बजाय रोजगार सृजनकर्ता बनने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य प्रोफेसर आनंद प्रकाश सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि छात्रों में बौद्धिक क्षमता, नवाचार और उद्यमिता का विकास भी आवश्यक है। कार्यक्रम में डॉ. राजीव कुमार, छात्रा अनुष्का, प्राध्यापक हेम कुमार गहतोड़ी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जर्जर सड़कों की मरम्मत की मांग

- केमू स्टेशन से घिंघारिखाल मार्ग की बदहाल स्थिति पर जताई नाराजगी, दुर्घटनाओं की आशंका

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** नगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रानीखेत क्षेत्र की जर्जर सड़कों की मरम्मत को लेकर संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि केएमयू स्टेशन से घिंघारिखाल सहित अन्य क्षेत्रीय सड़कों की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है।

कार्यकर्ताओं ने बताया कि सड़कों पर गड्ढों की भरमार, टूटी सतह और जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण आम जनता, वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि यह मार्ग स्थानीय निवासियों, व्यापारियों और पर्यटकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन लंबे समय से इसकी अनदेखी की जा रही है, जो जनहित के खिलाफ है।



रानीखेत में जर्जर सड़कों को लेकर ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

ज्ञापन में मांग की गई कि सड़कों की शीघ्र मरम्मत, गड्ढों की भराई और जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। ज्ञापन देने वालों में नगर पालिका अध्यक्ष अरुण रावत, महिला नगर अध्यक्ष नेहा शाह मेहरा, कुलदीप कुमार, व्यापार मंडल उपसचिव विनीत चौरसिया, मीडिया प्रभारी सोनू सिद्दीकी, जीतन जयाल, प्रदीप रावत सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### कंपनी कर्मचारी से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**अल्मोड़ा:** सड़क के डामरीकरण के दौरान दो पक्षों में मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित कंपनी के कर्मचारी की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार दान सिंह, निवासी बाड़ेछीना ने दन्या थाने में एक तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि वह खेती-धूरा मोटर मार्ग पर डामरीकरण कार्य में वर्क एजेंट के रूप में जिम्मेदारी निभा रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर मनीष पांडे ने उनके साथ विवाद शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने उन पर पावड़ी से हमला कर दिया। जिससे उनके शरीर में गहरी चोटें आई है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंप आरोपी पर कार्रवाई की मांग की। इधर, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# उर्वरकों की कालाबाजारी को लेकर प्रशासन सख्त

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** डीएम मनीष कुमार की अध्यक्षता में चम्पावत में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की हुई। बैठक में जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था और कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उर्वरकों की आपूर्ति और वितरण प्रणाली की सतत निगरानी की जाए। किसी भी स्तर पर कालाबाजारी या अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर और उचित दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आयोजित बैठक में कृषि, पुलिस और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने एसएसबी अधिकारियों को सीमावर्ती क्षेत्रों में उर्वरकों की अवैध आवाजाही और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए सघन अभियान चलाने तथा नियमित जांच करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। जिलाधिकारी ने कृषि और सहकारिता विभाग को मांग के अनुरूप उर्वरकों की निरंतर आपूर्ति करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को समस्या का सामना न करना पड़े। बैठक में सीडीओ डॉ. जीएस खाती, एडीएम कृष्णनाथ गोस्वामी आदि रहे।

### गैराड़ में तेंदुए ने दो गायों को निवाला बनाया, दहशत

**बैरती अल्मोड़ा:** क्षेत्र में एक बार फिर से तेंदुए का आतंक बढ़ गया है। शुक्रवार दोपहर गांव में गौशाला के बाहर घात लगाए तेंदुए ने दो गाय मार डालीं। इनमें जीवन चन्द पुत्र टीका राम तथा नन्दन राम पुत्र जैत राम की गाय शामिल हैं। जीवन की गाय दूध देने वाली थी जबकि नंदन राम की गाय गाभिन थी।

पूर्व प्रधान महेश आर्या ने बताया कि इलाके में बाघ के बढ़ते आतंक से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। वन विभाग को अवगत करा दिया गया है। क्षेत्रवासियों ने इस क्षेत्र में गश्त तेज कर तेंदुए के बढ़ते आतंक से निजात दिलाने तथा प्रभावित दोनों ग्रामीणों को मुआवजा देने की मांग वन विभाग से की है।

# महिला रामलीला के मंचन का निर्णय

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** सांस्कृतिक समिति रानीखेत की बैठक में मई माह के अंतिम सप्ताह में महिलाओं की रामलीला प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही प्रतियोगिता की नियमावली भी तय की गई। इसके अलावा एक और दो मई को महिलाओं और छात्राओं के लिए ऐपण एवं रंगवाली पिछोड़ी कार्यशाला आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया।

समिति अध्यक्ष विमल सती की अध्यक्षता में हुई बैठक में मई माह के विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि कार्यशाला में स्थानीय कला को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं और छात्राओं को ऐपण और रंगवाली पिछोड़ी बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि महिलाओं की रामलीला प्रतियोगिता में क्षेत्र की महिला प्रतिभागी टीमों को रामलीला संवाद और प्रसंगों के साथ आमंत्रित किया जाएगा। प्रतिभागी टीमों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्राइज मनी के रूप में प्रथम पुरस्कार 11 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 4 हजार रुपये और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। सर्वश्रेष्ठ अभिनय और गायन के लिए भी एकल पुरस्कार दिए जाएंगे। बैठक में सांस्कृतिक समिति के गौरव भट्ट, दीपक पंत, ज्योति साह, गीता जोशी, अभिषेक कांडपाल, पंकज साह, सौरभ अग्रवाल, शुभम अग्रवाल आदि रहे।



रानीखेत में महिला रामलीला की तैयारी को लेकर हुई बैठक में आयोजक मंडल के सदस्य।

### पेट्रोल पंप पर स्थानीय लोगों से भेदभाव का आरोप

**बनबसा:** पूर्व टैक्सी यूनियन अध्यक्ष हरीश भट्ट ने इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के सेल्समैन पर स्थानीय लोगों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि सेल्समैन स्थानीय लोगों को 200 रुपये से अधिक का तेल देने से मना कर रहा है, जबकि नेपाली नंबर के वाहनों को 500 रुपये से अधिक का तेल दिया जा रहा है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ नेपाली नागरिकों को केन में भी तेल दिया जा रहा है। हरीश भट्ट ने कहा कि इस स्थिति से स्थानीय टैक्सी संचालकों और आम लोगों में रोष व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# जनसमस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: एडीएम

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** एडीएम युक्ता मिश्र ने शुक्रवार को सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में एडीएम ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण प्रशासन की जवाबदेही का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बरती जाए और प्रत्येक प्रकरण में की गई कार्रवाई का स्पष्ट विवरण पोर्टल पर दर्ज किया जाए। साथ ही जिन मामलों में विलंब हो रहा है, उनके कारणों की समीक्षा कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



अल्मोड़ा में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करतीं एडीएम युक्ता मिश्र।



अवसर, प्रकृति, मजबूरी, आदत, कारण, जुनून और इच्छा, इन सात वजहों से ही हम सभी काम करते हैं।

अरस्तु, दार्शनिक

## एक ऐतिहासिक कदम

2023 में पारित महिला आरक्षण कानून के लागू करने की अधिसूचना जारी करना एक ऐतिहासिक कदम है। यह पहली बार है, जब महिला प्रतिनिधित्व को संवैधानिक गारंटी मिली है। पर इसके क्रियान्वयन को परिसीमन और ताजा अथवा 2011 की जनगणना से जोड़ने ने इसे राजनीतिक रणनीति के दायरे में भी ला खड़ा किया है। संवैधानिक प्रावधान स्पष्ट करते हैं कि लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण तभी व्यावहारिक होगा, जब सीटों का पुनर्विन्यास हो। सरकार ने इसे 2026 के बाद संभावित परिसीमन से इसीलिए जोड़ा है, क्योंकि बिना परिसीमन के वर्तमान 543 सीटों के ढांचे में आरक्षण लागू करना कठिन है, क्योंकि या तो पुरुषों की सीटें घटानी होंगी या सीटों का पुनर्वितरण करना होगा, दोनों ही राजनीतिक रूप से संवेदनशील विकल्प हैं।

परिसीमन होने तक यह लागू नहीं किया जा सकता, फिर भी इस अधिसूचना को सरकार का इस मसले पर गंभीरता सुखद संकेत समझ सकते हैं, हालांकि सरकार महिला सशक्तीकरण का मजबूत संदेश तो देती है, पर इसे भविष्य की प्रक्रिया से जोड़ना उसे तत्काल जवाबदेही से बचाता है। घोषणा अभी, क्रियान्वयन और कभी, की नीति से वह चुनावी राजनीति में लाभ ले सकती है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में, जहां महिला मतदाता निर्णायक भूमिका निभा रही हैं, यह कदम भाजपा को बढ़त देगा। महिलाओं के बीच यह संदेश जाएगा कि सत्ता पक्ष उनके प्रतिनिधित्व को लेकर गंभीर है, भले ही उसका ठोस परिणाम तत्काल न दिखे, परंतु बड़ा सवाल 2029 का है। जनगणना 2026 में, उसके आंकड़े 2028 तक और फिर परिसीमन की लंबी प्रक्रिया। इस पूरी कवायद को देखते हुए 2029 के चुनावों में आरक्षण लागू हो पाना व्यावहारिक रूप से कठिन दिखता है। इससे यह संदेह उपज सकता है कि यह मुद्दा एक दीर्घकालिक राजनीतिक पूंजी के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। इसको इस तर्क से बल मिलता है कि देश के अधिकांश दल महिला आरक्षण के समर्थक हैं, पर वास्तविकता यह है कि न तो लोकसभा और न ही अधिकांश विधानसभाओं में किसी दल ने स्वेच्छा से 33 फीसद टिकट महिलाओं को दिए हैं। यह 'कथनी और करनी' के बीच की खाई को उजागर करता है। यूपी व उत्तराखंड जैसे राज्यों में महिला आरक्षण लागू होने से निश्चित ही महिलाओं सांसदों-विधायकों की संख्या बढ़ेगी, पर प्रतिनिधित्व की गुणवत्ता यानी उनकी वास्तविक राजनीतिक स्वतंत्रता और निर्णय क्षमता तभी सुधरेगी, जब दलों की आंतरिक संरचना भी बदले। सरकार महिलाओं के आरक्षण का वादा तो करती है, पर ओबीसी और एसटी महिलाओं के हिस्से का प्रश्न अनुत्तरित छोड़ देती है। बिना जातीय जनगणना के यह तय करना कि आरक्षण के भीतर आरक्षण कैसे होगा, एक जटिल चुनौती है।

बेशक महिला आरक्षण कानून एक ऐतिहासिक अवसर है, पर इसकी विश्वसनीयता, सफलता उसके समयबद्ध और पारदर्शी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी। यदि यह मात्र राजनीतिक घोषणाओं तक सीमित रहा, तो यह उम्मीदों पर पानी फेर देगा, लेकिन यदि इसे गंभीरता से लागू किया गया, तो यह भारतीय लोकतंत्र को और अधिक समावेशी और संतुलित बना सकता है।

### प्रसंगवश

## ब्रेन-ईटिंग अमीबा: गर्मी के साथ बढ़ता अदृश्य खतरा

यह कोई विज्ञान कथा नहीं है और न ही किसी दूर देश की डरावनी कहानी, जिसे पढ़कर हम यह मान लें कि ऐसा हमारे यहां नहीं हो सकता। यह खतरा हमारे आसपास मौजूद है। उस पानी में, जो हमारी प्यास बुझाता है, हमारे बच्चों के खेलने का साधन बनता है और हमारे घरों तक चुपचाप पहुंचता है। दुनिया भर में वैज्ञानिक जिस जीवाणु को लेकर चेतावनी दे रहे हैं, उसे आम भाषा में 'ब्रेन ईटिंग अमीबा' कहा जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम Naegleria fowleri है और यह गर्म पानी में पनपने वाला एक खतरनाक सूक्ष्म जीव है।

यह अमीबा मुख्यतः झीलों, तालाबों, नदियों और गर्म पानी के स्रोतों में पाया जाता है। जब पानी का तापमान बढ़ता है, तब इसकी सक्रियता भी बढ़ जाती है। यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ती वैश्विक गर्मी के साथ इसके मामलों की चर्चा अधिक होने लगी है। यह जीव आमतौर पर तब खतरनाक बनता है, जब दूषित पानी नाक के रास्ते शरीर के भीतर प्रवेश करता है। इसके बाद यह सीधे मस्तिष्क तक पहुंच सकता है और वहां गंभीर संक्रमण पैदा करता है, जिसे चिकित्सकीय भाषा में Primary Amebic Meningoencephalitis (PAM) कहा जाता है।



धनीश शर्मा

लेखक

ब्रेन-ईटिंग अमीबा द्वारा होने वाला संक्रमण PAM के रूप में अत्यंत दुर्लभ, लेकिन घातक होता है। यह केवल नाक के रास्ते शरीर में प्रवेश करके मस्तिष्क तक पहुंचता है, पीने से या व्यक्ति-से-व्यक्ति में नहीं फैलता। संक्रमण के शुरुआती लक्षण आमतौर पर पानी में संपर्क के 1–12 दिनों के भीतर दिखाई देते हैं, जैसे तेज सिरदर्द, बुखार, उल्टी और गर्दन में अकड़न और यह जल्दी गंभीर स्थिति में बदल सकता है। PAM की मृत्यु दर लगभग 97% से अधिक है। भारत में हाल के वर्षों में, विशेषकर केरल में, इस अमीबा के मामलों और मौतों की संख्या दर्ज हुई है, जिससे जागरूकता बढ़ाना आवश्यक हो गया है।

इस बीमारी की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इसके शुरुआती लक्षण सामान्य संक्रमण जैसे ही दिखाई देते हैं। तेज सिरदर्द, बुखार, उल्टी, गर्दन में अकड़न और भ्रम जैसी समस्याएं अचानक शुरू हो सकती हैं, लेकिन बीमारी बहुत तेजी से बढ़ती है और कई मामलों में कुछ ही दिनों में गंभीर स्थिति पैदा कर देती है। यही कारण है कि डॉक्टर इसे अत्यंत घातक संक्रमणों में गिनते हैं।

यह भी सच है कि इसके मामले बहुत कम होते हैं। लाखों लोगों के पानी में जाने के बावजूद संक्रमण के मामले बेहद सीमित संख्या में सामने आते हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य विशेषज्ञ सावधानी बरतने की सलाह देते हैं। अमूमन लोग गर्मियों में तालाब, स्विमिंग पूल और अन्य जगहों को सुरक्षित समझकर नहा लेते हैं, जबकि वास्तव में ये सभी स्रोत दूषित पानी होने पर ब्रेन-ईटिंग अमीबा के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं, इसलिए केवल साफ और अच्छी तरह मेंटेन किए गए जल स्रोत का ही उपयोग करना सुरक्षित माना जाता है। स्विमिंग करते समय नोज़ क्लिप का इस्तेमाल करना और साफ-सुथरे स्विमिंग पूल का चयन करना भी एक साधारण, लेकिन प्रभावी उपाय हो सकता है।

भारत गर्मी का मौसम लंबा होता जा रहा है और जल स्रोतों पर दबाव बढ़ रहा है, वहां इस विषय पर जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। कई बार लोग बिना जानकारी के तालाबों या गर्म पानी वाले स्रोतों में नहाते या तैरते हैं। यदि पानी साफ नहीं है या लंबे समय से स्थिर है, तो जोखिम बढ़ सकता है, इसलिए स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है कि वे लोगों को समय-समय पर चेतावनी और जानकारी दें। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## 'सामूहिक एकांत' की तरफ बढ़ रहा है भारतीय समाज





डॉ. शिवम् भारद्वाज

असिस्टेंट प्रोफेसर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अभिभावकों से यह अपील कि बच्चे मोबाइल की लत से दूर रहें, हमारे समय की एक गहरी मनोवैज्ञानिक और सामाजिक चिंता को सामने लाती है। यह उस दौर का संकेत है, जहां दुनिया 'ग्लोबल विलेज' से सिमटकर सचमुच 'डिजिटल हथेली' में आ गई है। आज सूचना, मनोरंजन और संवाद- सब कुछ एक क्लिक की दूरी पर उपलब्ध है। कभी ज्ञान के लिए पुस्तकालयों की शरण लेनी पड़ती थी, संवाद के लिए पत्र लिखे जाते थे और मनोरंजन सामूहिक अनुभव हुआ करता था। आज यह सब एक छोटे से स्क्रीन में समाहित है। इस सुविधा ने जीवन को सरल अवश्य बनाया है, लेकिन इसके साथ एक सूक्ष्म परिवर्तन भी हमारे भीतर प्रवेश कर चुका है। हमारी चेतना, धैर्य और उस गहरे संतोष में, जो मानसिक संतुलन का आधार होता है।

आज किसी भी घर का दृश्य देखें तो एक अजीब-सा 'सामूहिक एकांत' दिखाई देता है। लोग साथ बैठते हैं, परंतु प्रत्येक व्यक्ति अपनी-अपनी स्क्रीन में डूबा रहता है। यह केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि मानव मस्तिष्क की जैविक प्रवृत्तियों के सुनियोजित दोहन का उदाहरण है। हमारे मस्तिष्क में 'डोपामिन' नामक रसायन हमें नई उत्तेजनाओं और पुरस्कारों की ओर आकर्षित करता है। जब भी हमें कोई नई या सुखद अनुभूति मिलती है- प्रशंसा, उपलब्धि या अचानक मिला आनंद—डोपामिन सक्रिय होता है और मस्तिष्क उसी अनुभव को दोहराने की इच्छा करता है।

> आज किसी भी घर का दृश्य देखें तो एक अजीब-सा 'सामूहिक एकांत' दिखाई देता है। लोग साथ बैठते हैं, परंतु प्रत्येक व्यक्ति अपनी-अपनी स्क्रीन में डूबा रहता है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने इसी तंत्र को अपनी संरचना का आधार बना लिया है। कुछ सेकेंड के छोटे वीडियो या 'रील्स' बिना किसी अतिरिक्त प्रयास के बार-बार नई उत्तेजना प्रदान करते हैं। एक वीडियो समाप्त होते ही मस्तिष्क अगले 'डोपामिन शॉट' की अपेक्षा करने लगता है और इस तरह एक अंतहीन क्रम शुरू हो जाता है। परिणामस्वरूप व्यक्ति अनजाने में घंटों स्क्रीन पर स्क्रॉल करता रहता है। यह अनुभव उस मृगतृष्णा के समान है, जिसमें दूर से चमकता पानी दिखाई देता है, लेकिन पास पहुंचने पर वह केवल रेत साबित होता है। समय के साथ यह त्वरित मनोरंजन आनंद के बजाय थकान, बेचैनी और एक प्रकार के आंतरिक खालीपन में बदलने लगता है, फिर भी मन उसी चक्र का अभ्यस्त हो जाता है।

इस निरंतर उत्तेजना का सबसे गहरा प्रभाव हमारी एकाग्रता पर पड़ता है। मानव मस्तिष्क स्वाभाविक रूप से गहराई में जाकर विचार करने और किसी विषय को समझने की क्षमता रखता है, लेकिन जब उसे हर कुछ सेकंड में नया दृश्य, नई ध्वनि और नई सूचना मिलने की आदत पड़ जाती है, तो उसके लिए ठहरकर सोचना कठिन हो जाता है। परिणामस्वरूप लंबी पुस्तकें, गंभीर लेख और गहन चिंतन उबाऊ प्रतीत होने लगते हैं। विभिन्न अध्ययनों में भी यह संकेत मिला है कि बढ़ते स्क्रीन समय के साथ ध्यान अवधि में गिरावट आई है। यह केवल समय की बर्बादी का प्रश्न नहीं, बल्कि हमारी आलोचनात्मक सोच, निर्णय क्षमता और बौद्धिक परिपक्वता पर भी प्रभाव डालता है।

यहीं पर डिजिटल युग का सबसे बड़ा विरोधाभास सामने आता है। हमारे पास उत्तेजना के साधन पहले से कहीं अधिक हैं, लेकिन संतोष का स्तर घटता जा रहा है। इसे समझने के लिए डोपामिन और सेरोटोनिन के अंतर को देखना उपयोगी है। डोपामिन त्वरित उत्तेजना और पुरस्कार से जुड़ा है, जबकि सेरोटोनिन स्थिरता, संतुलन और गहरे संतोष से संबंधित है। डिजिटल संसार मुख्यतः डोपामिन आधारित अनुभव प्रदान करता है, इसलिए वह हमें लगातार नई उत्तेजनाओं की ओर खींचता है।

इसके विपरीत, वे अनुभव जो मनुष्य को भीतर से समृद्ध करते हैं, जैसे प्रकृति के बीच समय बिताना, किसी के साथ गहरी बातचीत करना, कोई कला सीखना या शांत होकर अपने विचारों के साथ समय बिताना, ये सेरोटोनिन से जुड़े होते हैं। इन अनुभवों में त्वरित आकर्षण नहीं होता, लेकिन वे धीरे-धीरे मन को स्थिर और संतुष्ट बनाते हैं। विडंबना यह है कि आधुनिक जीवन में उत्तेजना के साधन तो बढ़ते जा रहे हैं, परंतु संतोष के स्रोत लगातार कम होते प्रतीत होते हैं।

इसका अर्थ यह नहीं है कि तकनीक स्वयं में समस्या है। तकनीक मानव बुद्धि की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसने शिक्षा, चिकित्सा, ज्ञान और संचार के क्षेत्र में असंख्य संभावनाएं खोली हैं। समस्या तब उत्पन्न होती है, जब सुविधा धीरे-धीरे आदत में और आदत निर्भरता में बदल जाती है, इसलिए समाधान तकनीक के त्याग में नहीं, बल्कि उसके संतुलित उपयोग में निहित है।

डिजिटल जीवन के बीच कुछ सरल अनुशासन विकसित किए जा सकते हैं, जो मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक हों। जैसे- भोजन का समय केवल भोजन और संवाद के लिए हो, शयनकक्ष को विश्राम का स्थान बनाए रखा जाए, समय-समय पर 'डिजिटल उपवास' किया जाए और दिन का कुछ हिस्सा बिना किसी डिजिटल व्यवधान के रचनात्मक या बौद्धिक गतिविधियों को दिया जाए। बच्चों के संदर्भ में यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि उन्हें केवल स्क्रीन से दूर रखने का प्रयास न किया जाए, बल्कि उन्हें खेल, पुस्तक, संगीत और प्रकृति जैसे अनुभवों से जोड़ा जाए, ताकि वे जीवन के वास्तविक आनंद को पहचान सकें।

आज की सबसे बड़ी चुनौती यही है कि हम डिजिटल आकर्षण की इस चमकदार दुनिया के बीच भी उस धीमी और गहरी आवाज को सुनते रहें, जो हमें भीतर से संतुलित और सजग बनाती है। यदि हम लगातार उत्तेजना के शोर को अपने भीतर हावी होने देंगे, तो वह हमारे धैर्य, हमारी गहराई और हमारी मानवीय संवेदनाओं को प्रभावित करेगा, परंतु यदि हम सजगता के साथ तकनीक का उपयोग करें, तो वही तकनीक ज्ञान, सृजन और सार्थक संवाद का माध्यम बन सकती है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



अपने यहां जब कोई भी शुभ काम होता है, उसको नजर न लग जाए, इसलिए काला टीका लगाने की परंपरा है। मैं आपका धन्यवाद करता हूं। काला टीका लगाने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। (दरअसल संसद में डीएमके सांसद काले कपड़े पहनकर सदन में पहुंचे थे।)

-नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

543 में से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण क्यों नहीं दे रहे? अगर पद खोने का डर नहीं, तो कुछ लोग इसमें अपना पद खो दें, ताकि महिलाएं और ओबीसी वर्ग आ सके। ये आज ही कर दें, शुभ काम हो जाएगा। काला टीका भी काम आ जाएगा।

-प्रियंका गांधी
कांग्रेस सांसद



## हिमालय की आबोहवा पर थार का 'जैविक प्रहार'



पंकज चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार

हिमालय की जिन बर्फीली चोटियों को हम शुद्धता और जीवनदायिनी हवा का प्रतीक मानते आए हैं, वे अब एक अदृश्य और खतरनाक सूक्ष्मजीव हमले की गिरफ्त में हैं। हाल के वर्षों में यह देखा गया है कि रेगिस्तानी इलाकों से उड़कर आने वाली धूल केवल पहाड़ों का परिदृश्य ही नहीं बदल रहीं, बल्कि वहां की आबोहवा में घातक बीमारियों का जहर भी घोल रही हैं। यह धूल अपने साथ सूक्ष्म बैक्टीरिया और ऐसे पैथोजन्स (रोगजनक) ला रही है, जो हजारों किलोमीटर दूर के रेगिस्तानों से उड़कर हिमालय की ऊंचाई तक पहुंच रहे हैं। यह स्थिति न केवल हिमालय के संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र को बिगाड़ रही है, बल्कि वहां रहने वाली आबादी के लिए एक गंभीर स्वास्थ्य संकट भी पैदा कर रही है।

हिमालय, जिसे 'दुनिया का तीसरा ध्रुव' कहा जाता है, वर्तमान में एक अनोखी चुनौती का सामना कर रहा है। रेगिस्तान की धूल का हिमालय तक पहुंचना कोई सामान्य घटना नहीं है, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन और मानवीय हस्तक्षेप का एक मिला-जुला परिणाम है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण थार और मध्य पूर्व के रेगिस्तान अधिक शुष्क हो रहे हैं। मिट्टी की नमी खत्म होने से धूल हल्की होकर हवा में आसानी से उठ जाती है। सर्दियों और बसंत के दौरान चलने वाली ये हवाएं धूल के कणों को हजारों किलोमीटर दूर से उठाकर हिमालय की ऊंचाइयों तक ले आती हैं।

> हिमालय की जिन बर्फीली चोटियों को हम शुद्धता और जीवनदायिनी हवा का प्रतीक मानते आए हैं, वे अब एक अदृश्य और खतरनाक सूक्ष्मजीव हमले की गिरफ्त में हैं।

अरावली पर्वतमाला, जो थार की धूल के लिए एक प्राकृतिक अवरोध का काम करती थी, अब खनन और वनों की कटाई के कारण कमजोर हो गई है। इससे धूल को आगे बढ़ने का सीधा रास्ता मिल गया है। यह जल चक्र के असंतुलन, ग्लेशियर के तेजी से पिघलने का कारक तो है ही। धूल के कणों में अक्सर खनिज और पोषक तत्व होते हैं, हालांकि यह सुनने में अच्छा लग सकता है, लेकिन हिमालय की 'ओलिगोट्रोफिक' (कम पोषक तत्व वाली) झीलों में इनका गिरना शैवाल के अनियंत्रित विकास को बढ़ावा दे सकता है, जिससे जलीय जीवन खतरे में पड़ जाता है। इसके साथ हिमालय के स्वस्थ परिवेश में अब उन बैक्टीरिया का निवास हो बढ़ रहा है, जो हिमालय के पर्यावास को दूरगामी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

इस चिंताजनक स्थिति की आधिकारिक पुष्टि प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका 'साइंस ऑफ द टोटल एनवायरनमेंट' (15 दिसंबर 2025 अंक) में प्रकाशित एक अध्ययन से हुई है। अंतरा प्रमाणिक, सनत कुमार दास और उनके सहयोगियों द्वारा पूर्वी हिमालय के पहाड़ी इलाकों में किए गए इस 'मेटाजेनोमिक विश्लेषण' से पता चला है कि थार रेगिस्तान से आने वाली धूल के साथ भारी मात्रा में विदेशी बैक्टीरिया हिमालय पहुंच रहे हैं। शोध के अनुसार, हिमालय की कुल बैक्टीरिया आबादी का 80 प्रतिशत हिस्सा स्थानीय नहीं है, बल्कि वह वायु के बहाव के साथ उड़कर वहां पहुंचा है। यह बाहरी हस्तक्षेप हिमालय की प्राकृतिक सूक्ष्मजीव विविधता को 60 प्रतिशत तक बाधित कर रहा है और वहां की हवा को बीमारियों का एक 'ग्लोबल कनवेयर बेल्ट' बना रहा है।

वैज्ञानिक आंकड़ों के अनुसार, गर्मियों के दिनों में जब रेगिस्तानी हवाएं तेज होती हैं, तब हिमालयी वायुमंडल में बैक्टीरिया की सांद्रता सामान्य से कई गुना बढ़कर 6.7 लाख प्रति घन मीटर तक पहुंच जाती है। अंतरिक्ष आधारित निगरानी और विश्लेषण से पता चला है कि पूर्वी हिमालय के ऊपर दो से तीन किलोमीटर की ऊंचाई पर धूल की एक मोटी परत जमा हो रही है, जिसका सीधा स्रोत थार रेगिस्तान है। इस धूल के साथ आने वाले बैक्टीरिया में एक-तिहाई हिस्सा ऐसे सूक्ष्मजीवों का है, जो त्वचा में संक्रमण पैदा करते हैं। इसके अलावा, पहाड़ों की तलहटी से ऊपर उठने वाली हवाएं लगभग 45 प्रतिशत ऐसे बैक्टीरिया ला रही हैं, जो श्वसन तंत्र को प्रभावित करते हैं, जबकि ऊपरी वायुमंडल से नीचे आने वाली हवाओं में आधे से ज्यादा बैक्टीरिया पेट और पाचन तंत्र को बीमार करने वाले पाए गए हैं।

हैरानी की बात यह है कि हिमालय के अपने स्थानीय बैक्टीरिया, जो अब कुल आबादी का मात्र 20 प्रतिशत रह गए हैं, वे भी संक्रमण फैलाने में पीछे नहीं हैं। वे लगातार श्वसन और त्वचा संबंधी बीमारियों का कारण बन रहे हैं, लेकिन रेगिस्तानी धूल के आगमन से इन बाहरी और अनूठे बैक्टीरिया की मौजूदगी में 40 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह स्थिति संकेत देती है कि भविष्य में हिमालयी क्षेत्रों में रहने वाली आबादी और वहां आने वाले पर्यटकों के लिए स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां और अधिक जटिल होने वाली हैं।

यह शोध केवल पर्यावरणीय बदलाव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक वैश्विक चेतावनी है। जिस तरह से वायुमंडलीय प्रक्रियाएं हजारों किलोमीटर दूर से जीवन और बीमारियों को ढो रही हैं, वह हिमालयी वातावरण की संवेदनशीलता को दर्शाता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## कहानी 'हसरत' की

**कल खेल में हम हों न हों गर्दिश में तारे रहेंगे सदा**
**भूलोगे तुम भूलेंगे वो, पर हम तुम्हारे रहेंगे सदा**

कला किसी परिचय की मोहताज नहीं होती। निधन तो कलाकार का होता है, कला तो हमेशा जिंदा रहती है। ऐसे ही कुछ कलाकारों में से एक थे, मशहूर गीतकार हसरत जयपुरी। बचपन से ही शायराना मिजाज वाले हसरत जयपुरी का जन्म 15 अप्रैल 1922 को राजस्थान (जयपुर) में पिता नाज़िम हुसैन और मां फ़िरदौसी बेगम के घर हुआ। नाम रखा गया 'इक़बाल हुसैन'। इनके नाना फ़िदा हुसैन 'फ़िदा' अपने जमाने के मशहूर शायर थे।



राजेश कुमार गुप्ता

ब्लॉगर

उनकी ये विरासत मां के जरिए इन्हें मिली। पर न जाने क्यूं उनकी मां को उनका शायरी करना जरा भी पसंद नहीं था, लेकिन इक़बाल भी कहां मानने वाले थे। तो मां ने हुक्म सुना दिया कि तुम्हें अगर शायरी ही करनी है, तो घर से बाहर जा कर करो। मां के इसी फ़रमान ने बेटे को 'इक़बाल हुसैन' से 'हसरत जयपुरी' बना दिया। 1940 में अपनी जेब में 'हसरत' लिए इक़बाल पहुंच गए मायानगरी।

अब आ तो गए, पर मुंबई पहुंचे हसरत के हाथ में न पैसे थे और ना ही कोई उनकी जान पहचान का व्यक्ति था। कई रातें बिना खाना खाए, फुटपाथ पे भी बितानी पड़ीं। फिर काफी मशक्क़त के बाद बस कंडक्टर की नौकरी मिली, लेकिन उनका दिल तो अटका था शेरो शायरी की तरफ।

कंडक्टरी के साथ-साथ अपने शौक को पूरा करने के लिए हसरत मुशायरों में जाने लगे। एक दिन मुशायरे के दौरान इन पर पृथ्वीराज कपूर साहब की नजर पड़ी। उन्होंने हसरत के लिए अपने बेटे राज कपूर से सिफ़ारिश की। यहीं से इनकी क़िस्मत चमक उठी। उन दिनों राज कपूर अपनी फ़िल्म 'बरसात' की तैयारी में लगे थे। इस फ़िल्म के लिए हसरत ने अपना पहला गीत लिखा। 'जिया बेकरार है छाई बहार है...', और इस गीत के बाद हसरत की जिंदगी का सफर भी सुहाना हो गया।

इसके बाद उन्होंने तमाम फ़िल्मों के लिए गीत लिखे। राज साहब की तो लगभर हर फ़िल्म में उनकी मौजूदगी रही। पहली फ़िल्म के बाद ही हसरत की शंकर जयकिशन और शैलेंद्र के साथ जोड़ी बन गई थी। इनकी टीम ने तमाम फ़िल्मों के गीत को कालजयी बना दिया। फ़िल्मी गीतों के साथ साथ उन्होंने हिंदी व उर्दू में कई किताबें भी लिखीं। उनका शायरी संकलन 'आबशार-ए-ग़ज़ल' के नाम से है।

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## क्या कला बगिया से विदा होंगी मालिनी!

संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा हो रही है, दूसरी तरफ अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं के राजनीति में प्रवेश की चर्चाएं भी होने लगी हैं। उत्तर प्रदेश में लोकगायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी के भाजपा में शामिल होने की चर्चा भी एक बार फिर छिड़ गई है। कला संगीत की विभिन्न विधाओं का धनी उत्तर प्रदेश बहुरंगी लोक संगीत की बगिया भी है। एक बार फिर चर्चा है कि मालिनी राजनीति में आएंगी। इससे क्या लोकसंगीत की बगिया की मालन की संगीत साधना बाधित होगी! इस प्रसिद्ध महिला कलाकार के राजनीति में आने की चर्चाएं गलत साबित हों या सही, ये अलग बात है पर ये सच है कि सक्रिय राजनीति में आने वाला प्रत्येक कलाकार अपनी कला में सक्रिय नहीं रह सका। चाहे रवि किशन हों, मनोज तिवारी या मैथिली ठाकुर।

एक बेटी के विवाह उपरांत विदाई की तरह कला क्षेत्र की किसी हस्ती की राजनीति में एंट्री खुशी और ग़म दोनों देती है। खुशी इस बात की कि कलाकार राजनीति में आकर कला के क्षेत्र को आगे बढ़ाएगा, ग़म इस बात का कि राजनीति में आने के बाद कलाकार की कला साधना बाधित होगी। संसद और विधानसभाओं में एक तिहाई महिलाओं के आरक्षण का कोटा पूरा करने के लिए विभिन्न दल प्रयासरत हैं। दलों में महिला कार्यकर्ताओं की कमी नहीं पर लोकसभा या विधानसभा का चुनाव लड़ने लायक लोकप्रिय महिलाओं की तलाश में दल अलग-अलग क्षेत्रों/पेशों की चर्चित महिलाओं को पार्टी में शामिल करने का प्रयास कर रहे हैं।



सीमा चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार

लोकसभा और विधानसभाओं में एक तिहाई महिलाओं की सीट आरक्षित होने का बहुप्रतीक्षित कानून पास होने के बाद से राजनीतिक दल अपने-अपने दलों में महिलाओं को जोड़ने पर जोर दे रहे हैं। 16 अप्रैल 2026 से शुरू हो रहे संसद सत्र के विशेष सत्र में ये कानून चर्चा का विषय रहेगा। भाजपा महिलाओं को राजनीति में भागीदारी देने के लिए नारी शक्ति वंदन अभियान चला रही है। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में एक कार्यक्रम में सांसद रवि किशन को चुटकी लेते हुए कहा था कि हो सकता है कि गोरखपुर से अगला लोकसभा चुनाव रवि किशन की जगह कोई महिला चुनाव लड़े!

2024 लोकसभा चुनाव से पूर्व चर्चा थी कि मालिनी अवस्थी को भाजपा चुनाव लड़वा सकती है। मुख्यमंत्री के कुछ बयानों के बाद एक बार फिर ऐसी चर्चाओं ने जन्म ले लिया है। कला साधक मालिनी अवस्थी पर उनके नाम और जन्म स्थल का असर दिखता है। मालिनी का अर्थ है-माला पहनने वाली। प्रशंसाओं, आलोचनाओं और चर्चाओं की मालाएं धारण किए मालिनी की जन्म स्थली सुगंध नगरी कन्नौज है। पद्मश्री मालिनी की सक्रियता और प्रशंसा मीडिया की सुर्खियां में बनी रहती हैं, तो सोशल मीडिया और कला क्षेत्रों में इनकी आलोचना की कानाफूसी भी खूब होती है।

कहते हैं कि इनके पति लंबे समय तक प्रभावशाली नौकरशाह रहे, सेवानिवृत्त होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार बन गए, इसलिए कला संस्कृति से संबंधित सरकारी विभाग मालिनी पर मेहरबान रहते हैं। आरोप लगते हैं कि पति का प्रभाव पत्नी को सरकारी कार्यक्रम दिला देता है। यूपी के तमाम प्रतिभाशाली कलाकारों को भुलाकर सांस्कृतिक कार्य विभाग मालिनी के दामन में हर बड़ा कार्यक्रम डाल देता है। भारतेंदु नाट्य स्वर्ण जयंती समारोह में संगीत और रंगमंचीय प्रस्तुति 'मालन अलबेली' में मालिनी छा गईं। प्रशंसाओं की गूंज में आलोचनाएं भी मुखर हुईं, हालांकि ऐसी आलोचनाएं और सवाल हर बड़े कलाकार पर लगते रहे हैं। (यह लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।






यूपी के सीतापुर में एक महिला ने निराश्रित पशुओं के संरक्षण में ऐसा बीड़ा उठाया कि घर की गृहस्थी को तिलांजलि देकर लाखों का फ्लैट ही खरीद डाला। 16 वर्षों से गौवंशों की सेवा करने में लगा परिवार गौमाताओं के लिए पौष्टिक भोजन के साथ फल-सब्जी और पर्याप्त दवाएं भी उपलब्ध करा रहा है। काष्ठा फाउंडेशन की संचालिका भावना सक्सेना बताती हैं कि 16 वर्ष पूर्व उन्हें नंदी चोटिल मिला, सड़क किनारे दो गौमाताएं भी थीं। अधिक जख्म होने के कारण कोई आगे नहीं बढ़ा, परिवार के साथ मिलकर सभी को घर के करीब ले आए, ताकि सेवा की जा सके। तमाम प्रयास के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। तभी से मन बना लिया कि निराश्रित पशुओं के लिए छांव के साथ सारे इंतजाम करने हैं। भावना बताती हैं कि परिवार के सहयोग से पैसे इकट्ठा किए, घर की ज्वेलरी भी बेच दी, बाद में सड़क किनारे एक मकान खरीदा। फ्लैट में गौवंश के साथ 72 निराश्रितों का परिवार है। इनमें नियमित उपचार के साथ फल-सब्जियों का वितरण कराया जाता है। *-जीशान कदीर, सीतापुर*

# बेजुबान पशुओं को मिली जुबां



निराश्रित पशु का अंतिम संस्कार करातीं भावना सक्सेना।

### ठीक होने के बाद लोगों ने अपनाए गौवंश

भावना सक्सेना की पुत्री योशिता निजी कंपनी में कार्यरत हैं। कहती हैं कि ठीक होने के बाद कई गौवंशों को अपनाने के लिए शहर और उसके आसपास के परिवार आगे आए, बताती हैं कि सड़क पर निकलते समय घायल और बीमार पशुओं को लाना दिनचर्या में है। अब तक एक लाख से अधिक गौवंशों की सेवा की जा चुकी है।

### भंडारा और अंतिम संस्कार के लिए परिवार एकजुट

भावना बताती हैं कि परिवार में पुत्र स्वरित और बहू निधि के अलावा पति मुकुल मोहन और पुत्री योशिता मिलकर गौवंशों और निराश्रित पशु (कुत्ता, बिल्ली आदि) के लिए भंडारे का आयोजन करते हैं, शहर और उसके आसपास हादसे का शिकार पशुओं के अंतिम संस्कार का जिम्मा भी दैनिक दिनचर्या में है।

### नाम पुकारते ही दौड़ पड़ते हैं गौवंश

महिला और उनके बच्चों ने हर गौवंश का नाम रखा गया है। राजा, गणेश, गौरी, शंकर, गौरा, यशोदा, ममता, मंत्र, काली, रघु, भरत, आदि, छोटू, चंदू, बिल्लो सहित अन्य नामों से पुकारे जाने वाले गौवंश नाम सुनते ही दौड़ पड़ते हैं।



शहर के आई हॉस्पिटल चौराहे के नजदीक छांव के नीचे मौजूद गौवंश



कुत्ते के बच्चों का रेस्क्यू करतीं योशिता

# अंजा रिंगग्रेन लोवेन

## एक मानवतावादी महिला की कहानी

अंजा रिंगग्रेन लोवेन एक डेनिश मानवतावादी कार्यकर्ता हैं, जिन्हें नाइजीरिया में 'विष्ट बच्चे' (व्हिच चिल्ड्रेन) के रूप में आरोपित बच्चों को बचाने और उनकी पुनर्वास के लिए जाना जाता है। वे लैंड ऑफ होप नामक चैरिटी संगठन की संस्थापक हैं, जो पहले 'दिन नॉधजेल्प' (एक डेनिश नाम है, जिसका शाब्दिक अर्थ है-आपकी आपातकालीन सहायता) के नाम से जाना जाता था। उनका जन्म 4 सितंबर, 1978 को डेनमार्क के फ्रेडरिकशावन शहर में हुआ था। अंजा ने न केवल हजारों बच्चों की जिंदगियां बचाई हैं, बल्कि अफ्रीकी समाज में अंधविश्वासों के खिलाफ जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी कहानी प्रेरणा का स्रोत है, जो दिखाती है कि एक व्यक्ति की दृढ़ इच्छाशक्ति कैसे विश्व स्तर पर बदलाव ला सकती है।



रूफिया खान

शिक्षिका



- **प्रारंभिक जीवन और शिक्षा-** अंजा का बचपन डेनमार्क के एक छोटे से शहर में बीता, जहां वे अपनी मां, बड़ी बहन और जुड़वां बहन के साथ रहती थीं। उनके पिता शराबी थे और मां की असमय मृत्यु ने उनके जीवन को गहरा आघात पहुंचाया। इससे वे अवसाद, चिंता और एनोरेक्सिया जैसी समस्याओं से जूझीं। 1998 में उन्होंने फ्रेडरिकशावन जिम्नेजियम से शिक्षा पूरी की। उसके बाद वे मध्य पूर्व की यात्रा पर गईं और इजरायल के एक किबुट्ज में रहीं, जहां उन्होंने सामुदायिक जीवन का अनुभव प्राप्त किया। 2001 में उन्होंने मर्स्क एयर के साथ स्टूअर्डेस (हवाई जहाज में महिला केबिन क्रू) के रूप में प्रशिक्षण लिया, लेकिन अपनी मां की टर्मिनल बीमारी के कारण नौकरी छोड़ दी। मां की मृत्यु के बाद वे खुदरा क्षेत्र में काम करने लगीं और आरहूस शहर में एक स्टोर मैनेजर बनीं। यह अवधि उनके जीवन की चुनौतियों से भरी थी, लेकिन इन्होंने ही उनकी मानवतावादी यात्रा की नींव रखी।
- **मानवतावादी कार्यों की शुरुआत-** अंजा का मानवतावादी सफर 2008 में तब शुरू हुआ, जब उन्होंने ब्रिटिश डॉक्यूमेंट्री 'व्हिच चिल्ड्रेन' देखी, जिसमें नाइजीरिया में जादू-टोने के आरोप में बच्चों पर होने वाले अत्याचारों को दिखाया गया था। इन बच्चों को परिवार और समाज द्वारा त्याग दिया जाता है, उन्हें यातनाएं दी जाती हैं या यहां तक कि जिंदा जला दिया जाता है। यह दृश्य अंजा के बचपन के सपने, अफ्रीका में काम करने के सपने को साकार करने के लिए प्रेरणा बना। 2009 में उन्होंने डेनिश नेशनल चर्च एड के लिए मलावी में तीन महीने का पर्यवेक्षक कार्य किया, जहां उन्होंने एक स्कूल के नवीनीकरण के लिए धन जुटाया। इसके बाद तंजानिया में एक स्कूल बनाने में मदद की। 2012 में, आरहूस में सेल्सपर्सन की नौकरी छोड़कर, उन्होंने डीआईएनएनोदहजेल्प की स्थापना की। अपनी सारी संपत्ति बेचकर उन्होंने नाइजीरिया में 'विष्ट बच्चों' को बचाने का संकल्प लिया। 2013 में वे पूर्णकालिक रूप से इस कार्य में लग गईं।
- **लैंड ऑफ होप की स्थापना** - 2014 में अंजा ने नाइजीरियाई कानून छात्र डेविड इम्मानुएल उमेम के साथ मिलकर अफ्रीकन चिल्ड्रेंस एड एजुकेशन एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन की सह-स्थापना की। उन्होंने अकवा इबोम राज्य में तीन एकड़ जमीन खरीदी और इंजीनियर्स विदाउट बॉर्डर्स की मदद से लैंड ऑफ होप चिल्ड्रेंस सेंटर का निर्माण किया। यह केंद्र पश्चिम अफ्रीका का सबसे बड़ा ऐसा केंद्र है, जिसमें 100 बच्चों के लिए आवास, अस्पताल, व्यावसायिक स्कूल और कृषि भूमि शामिल है। यहां बच्चों को सुरक्षित वातावरण मिलता है, शिक्षा दी जाती है, स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती है और अंधविश्वासों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं।

संगठन का उद्देश्य न केवल बचाव है, बल्कि बच्चों को उनके परिवारों में पुनर्स्थापित करना भी है। अंजा और उनकी टीम ने अब तक सैकड़ों बच्चों को बचाया है, जो पहले सड़कों पर भटकते या यातनाएं झेलते थे। वे स्थानीय समुदायों में शिक्षा के माध्यम से अंधविश्वासों को समाप्त करने पर काम करती हैं। केंद्र में रहने वाले 95 बच्चे अब स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और कई को उनके परिवारों में वापस लौटाया जा चुका है।

### प्रमुख उपलब्धियां

अंजा के कार्यों को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिसमें सम्मिलित हैं-

- 2016- ओओओएम मैगजीन द्वारा 'दुनिया की सबसे प्रेरणादायक व्यक्ति'।
- 2016- नील्स एबेसन मेडल।
- 2017- पॉल हैरिस फेलोशिप और होप अवॉर्ड।
- 2017- डेन ऑफ द ईयर के लिए नामांकन।
- 2023- रेड क्रॉस ह्यूमन राइट्स अवॉर्ड।

उन्हें दलाई लामा द्वारा 'हीरो' घोषित किया गया है। उनके कार्यों पर कई डॉक्यूमेंट्री भी बनी हैं, जैसे हेल्वेडेस हेल्टे, अंजा ओग हेक्सेबोर्नेने और हेक्सेनकिंडर इन नाइजीरिया (जर्मनी, 2018)। अंजा डेनमार्क की सबसे मांग वाली वक्ताओं में से एक हैं, जहां वे अपनी कहानी, बलिदान और नाइजीरिया के अंधविश्वासों पर व्याख्यान देती हैं।

## जॉब का पहला दिन

# सपनों से हकीकत तक का पहला कदम



जीवन के कालखंड में कुछ तिथियां स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो जाती हैं। 25 मार्च 1995 का दिन मेरे जीवन का एक महत्वपूर्ण और अविस्मरणीय दिन है। इसी दिन मैंने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की अमायन शाखा, जिला भिंड (मध्य प्रदेश) में अपनी पहली नौकरी की शुरुआत की और अपने करियर की पहली औपचारिक दहलीज लांघी। एक 22 वर्षीय युवा के लिए यह दिन उत्साह, गर्व और हल्की-सी बेचैनी का अनूठा संगम था। यह केवल नौकरी का पहला दिन नहीं, बल्कि मेरे सपनों, संघर्षों और आत्मनिर्भरता की दिशा में पहला ठोस कदम था।

सुबह का समय अलग ही उत्साह और घबराहट से भरा हुआ था। मन में अनेक प्रश्न उठ रहे थे- कैसा होगा नया कार्यस्थल, कैसे होंगे सहकर्मी, क्या मैं अपनी जिम्मेदारियों को निभा पाऊंगा? इन सवालों के बीच एक आत्मविश्वास भी था, जो मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहा था। प्रातः 10 बजे मैं अपने बड़े भाई अरविंद त्रिवेदी जी के साथ बैंक पहुंचा। उस समय मन में हजारों विचार उमड़ रहे थे। परिवार के संस्कार और बैंक की साख, दोनों का सम्मान मेरे कंधों पर था। मार्च का महीना बैंकिंग क्षेत्र में 'क्लोजिंग' का समय होता है, इसलिए वातावरण में विशेष व्यस्तता और ऊर्जा थी। जब मैंने शाखा प्रबंधक एस. सोनवणे जी को अपनी जॉइनिंग रिपोर्ट सौंपी, तो वह क्षण केवल पदभार ग्रहण करना नहीं था, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज सेवा का संकल्प भी था। शाखा का वातावरण अनुशासन और कार्यकुशलता से परिपूर्ण था। वरिष्ठ कर्मचारियों आजाद जी, एस.एस. कुशवाहा और आनंद पाल ने मेरा गर्मजोशी से स्वागत किया। उनकी सरलता और सहयोगपूर्ण व्यवहार ने मेरी झिझक को काफी हद तक दूर कर दिया।



अजय त्रिवेदी

उप निदेशक युवा कल्याण

मुझे बैंक के विभिन्न कार्यों जमा-निकासी, खातों का संचालन और ग्राहकों से संवाद के बारे में बताया गया। लेजर, वाउचर और कैश ट्रांजैक्शन जैसी बैंकिंग प्रक्रियाओं से मेरा परिचय उसी दिन प्रारंभ हुआ। यह सब नया था, किंतु सीखने की ललक ने हर चुनौती को सरल बना दिया। अमायन जैसे ग्रामीण क्षेत्र में बैंक केवल वित्तीय संस्था नहीं, बल्कि लोगों के भरोसे का केंद्र होता है। पहले ही दिन मुझे समझ आ गया कि यहां काम केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि लोगों की उम्मीदों का है। उस समय सारा कार्य हस्तलिखित रजिस्टरों में होता था। एक छोटी सी चूक भी बड़ा अंतर उत्पन्न कर सकती थी, इसलिए एकाग्रता अत्यंत आवश्यक थी। मुझे मुख्यतः निरीक्षण और समझने का कार्य सौंपा गया। मैंने ध्यानपूर्वक हर प्रक्रिया को देखा और समझने का प्रयास किया। दोपहर में सहकर्मियों के साथ हुई अनौपचारिक बातचीत ने मुझे एक टीम का हिस्सा होने का एहसास कराया। उसी दिन यह भी समझ आया कि बैंक की नौकरी केवल 'दस से पांच' की ड्यूटी नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है।

सहकर्मियों का सहयोग मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। उन्होंने धैर्यपूर्वक हर बात समझाई, जिससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। दिन के अंत में जब सहकर्मी आनंद ने मुझे रहने और खाने की व्यवस्था में सहयोग का प्रस्ताव दिया, तो मन भावुक हो उठा। मुझे लगा कि मैंने अपने जीवन की एक नई यात्रा आरंभ कर दी है। इस दिन ने मुझे जिम्मेदारी, अनुशासन और समर्पण का महत्व सिखाया।

बाद में, 13 मई 1996 को उत्तर प्रदेश पीसीएस में चयनित होने के बाद, लगभग चौदह महीने की सेवा के पश्चात मैंने बैंक की नौकरी छोड़ दी। किंतु बैंक में बिताया गया पहला दिन आज भी मेरी स्मृतियों में ताजा है। उस दिन ने जो अनुभव और सीख दी, वह जीवन के हर पड़ाव पर मेरे साथ रही। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में बिताया गया समय मेरे व्यक्तित्व के निर्माण की नींव बना और उसी दिन ने मुझे आगे बढ़ने का साहस दिया।

# सभ्यता की अमूल्य धरोहरों को संरक्षण की जरूरत

प्रत्येक वर्ष 18 अप्रैल को विश्व धरोहर दिवस मनाया जाता है। इसे विश्व विरासत दिवस, वर्ल्ड हेरिटेज डे तथा आधिकारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय स्मारक एवं स्थल दिवस (इंटरनेशनल डे फोर मोन्यूमेंट्स एंड साइट्स) कहा जाता है। यह दिवस मानवता की साझा सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इन स्थलों का संरक्षण यूनेस्को विश्व धरोहर सम्मेलन, 1972 के अंतर्गत किया जाता है, जिसे यूनेस्को सदस्य देशों द्वारा स्वीकार किया गया एक महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय समझौता माना जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य विश्वभर के ऐतिहासिक स्मारकों, सांस्कृतिक स्थलों, पुरातात्विक अवशेषों, प्राकृतिक संपदाओं तथा मानव सभ्यता से जुड़ी अमूल्य विरासतों के संरक्षण के प्रति जनचेतना उत्पन्न करना है। वास्तव में धरोहर केवल पत्थरों से बनी इमारतें नहीं हैं, बल्कि वे हमारी संस्कृति, परंपरा, कला, ज्ञान, संघर्ष, इतिहास और सामूहिक पहचान की जीवंत प्रतीक हैं।



सुनील कुमार महला

लेखक

वर्तमान में 10 चयन मानदंड निर्धारित हैं, जिनमें से कम से कम एक को पूरा करना आवश्यक है। इनमें ऐतिहासिक महत्व, स्थापत्य कला, सांस्कृतिक प्रभाव, प्राकृतिक सौंदर्य, जैव विविधता तथा वैज्ञानिक महत्व जैसे पहलू सम्मिलित हैं। विश्व धरोहर मुख्यतः तीन प्रकार की होती है- पहली, सांस्कृतिक धरोहर, जिसमें स्मारक, मंदिर, मस्जिद, चर्च, किले, मूर्तियां, प्राचीन नगर, स्थापत्य कला, भाषा, संगीत, नृत्य और परंपराएं शामिल हैं। दूसरी, प्राकृतिक धरोहर, जिसमें पर्वत, नदियां, समुद्र, वन, वन्यजीव, जैव विविधता और अद्वितीय प्राकृतिक परिदृश्य आते हैं तथा तीसरी, मिश्रित धरोहर, जिनमें सांस्कृतिक और प्राकृतिक दोनों विशेषताएं विद्यमान होती हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि यूनेस्को केवल स्थायी संरचनाओं या प्राकृतिक स्थलों को ही नहीं, बल्कि अमूर्त सांस्कृतिक विरासत को भी मान्यता देता है। भारत की योग परंपरा और कुंभ मेला इसके प्रमुख उदाहरण हैं।

विश्व स्तर पर सबसे अधिक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों वाला देश इटली है, जिसके बाद चीन का स्थान आता है। भारत भी विश्व धरोहर स्थलों की दृष्टि से अग्रणी देशों में सम्मिलित है। यूनेस्को एक विशेष सूची 'वर्ल्ड हेरिटेज इन डेंजर' भी संचालित करता है, जिसमें उन स्थलों को शामिल किया जाता है, जो युद्ध, प्रदूषण, प्राकृतिक आपदा, अतिक्रमण, अत्यधिक पर्यटन, जलवायु परिवर्तन या उपेक्षा के कारण संकट में हों। यदि कोई स्थल संरक्षण मानकों का पालन न करे या उसका मूल स्वरूप गंभीर रूप से बदल जाए, तो उसे सूची से हटाया भी जा सकता है। उदाहरणस्वरूप ओमान का अरेबियन ओरिक्स अभयारण्य तथा जर्मनी की ड्रेसडेन एल्बे घाटी को सूची से हटाया जा चुका है। यहां यह उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2024 तक विश्वभर के 196 देशों में लगभग 1,223 विश्व धरोहर स्थल थे, जिनमें 952 सांस्कृतिक, 231 प्राकृतिक और 40 मिश्रित स्थल शामिल हैं। भारत जैसे प्राचीन और बहुसांस्कृतिक देश में इस दिवस का विशेष महत्व है। अप्रैल 2025 तक भारत में 43 विश्व धरोहर स्थल (34 सांस्कृतिक, 7 प्राकृतिक और 2 मिश्रित) तथा 62 स्थल संभावित सूची में सम्मिलित थे। भारत के प्रमुख धरोहर स्थलों में ताजमहल, आगरा किला, फतेहपुर सीकरी, अजंता-एलोरा गुफाएं, एलीफेंटा गुफाएं, खजुराहो समूह, सांची स्तूप, महाबोधि मंदिर, हम्पी, महाबलीपुरम, जंतर-मंतर, कुतुब मीनार, लाल किला, कोणार्क सूर्य मंदिर, नालंदा, भीमबेटका, सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, पश्चिमी घाट तथा कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान प्रमुख हैं।





विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष एक विशेष थीम घोषित की जाती है। वर्ष 2026 की थीम है-'संघर्षों और आपदाओं के संदर्भ में जीवित विरासत के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया' रखी गई है। इसका आशय यह है कि युद्ध, संघर्ष और प्राकृतिक आपदाओं के समय केवल भवनों और स्मारकों की ही नहीं, बल्कि जीवित विरासतों-जैसे लोक परंपराएं, सामाजिक ज्ञान, सांस्कृतिक पहचान और समुदाय आधारित परंपराएं की भी त्वरित सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। विश्व धरोहर दिवस केवल कैलेंडर की एक तिथि नहीं, बल्कि मानवता की साझा विरासत को सुरक्षित रखने का वैश्विक संकल्प है। यदि हम अपनी धरोहरों की रक्षा नहीं करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियां अपने इतिहास, संस्कृति और पहचान से वंचित हो जाएंगी। अतः विकास के साथ-साथ विरासतों के संरक्षण, संवर्द्धन और सम्मान के लिए हमें दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करना चाहिए।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2550, राज श्री 1960, फॉर्चून कि. 2680, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2360, जय जवान 2095, सचिन 2300, सूरज 2095, अवसर 2065, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2130, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2300, चक्र टिन 2520, ब्लू 2380, आशीर्वाद मस्टर्ड 2420, स्वास्तिक 2505
**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150
**चावल (प्रति कु0)**–डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400,लाडली 4400
**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छौंटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12700
**चीनी**– पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280, सितारगंज 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम** – सोना पक्के आभूषण 153000, सोना गिन्नी 149000, चांदी ( पक्की) 2465 (अनुमानित )

## हल्द्वानी मंडी

**नोट : दाम प्रति क्विंटल में**
**चावल :** शरबती– 3600 मसूरी– 1200 बासमती– 7200–8800 परमल– 1200–3500
**दाल दलहन**–काला चना– 2000–3400 साबुत चना दाल– 1200 मूंग साबुत– 5200 राजमा– 7700–12400 दाल उड़द– 5000 साबुत मसूर दाल– 2400 मसूर दाल– 1600 उड़द साबुत– 10200 काबुली चना– 5000–10600 अरहर दाल– 10200 –12400 लोबिया/करमानी– 1200–1800

# पश्चिम एशिया में तनाव घटने से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 505 अंक चढ़ा

### सेंसेक्स 504.86 अंक उछलकर 78,493.54 पर और निफ्टी 156.80 अंक बढ़कर 24,353.55 पर बंद हुआ

मुंबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और विदेशी निवेशकों की ताजा लिवाली से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 505 अंक की मजबूती दर्ज की गई जबकि निफ्टी 157 अंकों की बढ़त पर रहा। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच कूटनीतिक समाधान की नई उम्मीद और इजराइल-लेबनान के बीच 10 दिन के युद्धविराम से वैश्विक निवेशकों का जोखिम उठाने का रुझान बेहतर हुआ है।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 504.86 अंक यानी 0.65 प्रतिशत उछलकर 78,493.54 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 564.77 अंक तक चढ़ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 156.80 अंक यानी 0.65 प्रतिशत बढ़कर 24,353.55 अंक पर बंद हुआ।

शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 4.84 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,65,64,461.51 करोड़ रुपये (5.02 लाख करोड़ डॉलर) हो गई। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स ने कुल 943.29 अंक यानी 1.21 प्रतिशत की तेजी दर्ज की जबकि एनएसई निफ्टी में कुल 302.95 अंक यानी 1.25 प्रतिशत की बढ़त रही।

व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.76 प्रतिशत उछल गया जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.31 प्रतिशत की बढ़त पर रहा। चौतरफा तेजी के बीच सभी क्षेत्रवार सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियां) खंड में 2.57 प्रतिशत, पूंजीगत उत्पाद खंड में 2.19 प्रतिशत, बिजली खंड में 1.95 प्रतिशत और उपयोगिता खंड में 1.51 प्रतिशत की तेजी रही।




- इजराइल-लेबनान में 10 दिन के युद्धविराम से निवेशकों का जोखिम उठाने का रुझान बेहतर

### ये रहे लाभ में

हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाइटन

### गिरावट वाले शेयर

सन फार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और एचसीएल टेक

### एक्सपर्ट्स की राय

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के. ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव घटने की उम्मीद ने घरेलू बाजार को मजबूती देने का काम किया। इससे कच्चे तेल की कीमतों में संभावित उछाल को लेकर चिंता कम हुई, जिसका असर मुद्रास्फीति और मुद्रा स्थिरता पर पड़ता है।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजार पश्चिम एशिया संकट के समाधान की बढ़ती उम्मीद और एफआईआई के फिर से लिवाल बन जाने से बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 3,043 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,284 शेयरों में गिरावट रही और 166 अन्य अपरिवर्तित रहे।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 382.36 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.07 प्रतिशत गिरकर 96.34 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जिससे बाजार धारणा को समर्थन मिला।एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक नुकसान में रहे। यूरोपीय बाजार दोपहर के कारोबार में बढ़त में थे।

अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे।इससे पहले, बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 122.56 अंक गिरकर 77,988.68 अंक और निफ्टी 34.55 अंक फिसलकर 24,196.75 अंक पर बंद हुआ था।

# विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर फिर 700 अरब डॉलर के पार

मुंबई, एजेंसी

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान 3.82 अरब डॉलर बढ़कर 700.94 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह कहा। इससे पहले तीन अप्रैल को समाप्त सप्ताह में कुल भंडार 9.06 अरब डॉलर बढ़कर 697.12 अरब डॉलर रहा था। पश्चिम एशिया संघर्ष की शुरुआत से पहले इस साल 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, संघर्ष के कारण रुपये पर दबाव बढ़ा और आरबीआई को विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर की बिक्री के जरिये हस्तक्षेप करना पड़ा, जिससे लगातार कई हफ्तों तक भंडार में गिरावट देखी गई थी।



केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार 10 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के लिए, विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) 3.12 अरब डॉलर बढ़कर 555.98 अरब डॉलर पर रही। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर अमेरिकी मुद्राओं की तेजी या गिरावट के प्रभाव को भी शामिल किया जाता है।

### चांदी 5,700 रुपये लुढ़की- सोना 1,600 रुपये टूटा



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू बाजार में कमजोर मांग के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 5,700 रुपये टूटकर 2.53 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि सोना 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 5,700 रुपये यानी 2.2 प्रतिशत टूटकर 2,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। सर्राफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,600 रुपये यानी 1.01 % टूटकर 1,56,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) पर रहा।

सीएम युवा स्वरोजगार योजना

# इटावा के बिलाल बने सफल उद्यमी

- 10 लाख रुपये के ऋण से खड़ा किया प्रिंटिंग प्रेस, अब हर महीने 50-60 हजार कमाई
- पांच लोगों को दिया रोजगार, योगी सरकार की योजनाएं बना रहीं युवाओं को आत्मनिर्भर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में चलाई जा रही योजनाएं अब जमीन पर असर दिखाने लगी हैं। योगी सरकार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' का लाभ लेकर इटावा के गाड़ीपुरा निवासी बिलाल हसन ने न सिर्फ खुद का कारोबार खड़ा किया, बल्कि अन्य लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए हैं।

बिलाल हसन ने जिला उद्योग केंद्र से जानकारी प्राप्त कर इस योजना के तहत 10 लाख रुपये का ऋण लिया और प्रिंटिंग प्रेस व फ्लेक्स का व्यवसाय शुरू किया। सरकारी सहायता और मार्गदर्शन से उन्होंने अपने कारोबार को सफलतापूर्वक स्थापित किया और अब इसे लगातार विस्तार दे रहे हैं। आज बिलाल हर महीने करीब 50 से 60 हजार रुपये की आय अर्जित कर रहे हैं। खास बात यह है कि उन्होंने अपने उद्यम के जरिए 5 अन्य लोगों को भी रोजगार दिया है, जिससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आया है। प्रदेश में संचालित 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए एक मजबूत सहारा बनकर उभरी है।

योजना के तहत विनिर्माण क्षेत्र में अधिकतम 25 लाख रुपये और सेवा क्षेत्र में 10 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही परियोजना लागत के अनुसार अनुदान भी दिया जाता है, जिससे युवाओं के लिए व्यवसाय शुरू करना आसान हो जाता है। सरकार की इस पहल से प्रदेश में छोटे-छोटे उद्योग तेजी से स्थापित हो रहे हैं, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है।

## कंपनी कानून के तहत विवरण दाखिल करने की प्रक्रिया तर्कसंगत बनाएगी सरकार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय संबंधित पक्षों से सुझाव प्राप्त करने के बाद कंपनी कानून के तहत फॉर्म को एकीकृत करने सहित विवरण दाखिल करने की रूपरेखा को युक्तिसंगत बनाने की योजना बना रहा है। इसमें दस्तावेजों के एकीकरण सहित अन्य सुधारों पर विचार किया जा रहा है। मंत्रालय ने यह पहल हितधारकों से सुझाव लेने के बाद शुरू की है। मंत्रालय के अनुसार, भारतीय कॉरपोरेट कार्य संस्थान के माध्यम से विभिन्न शहरों में संबंधित पक्षों के साथ परामर्श प्रक्रिया जारी है, जिसका उद्देश्य कॉरपोरेट अनुपालन ढांचे में सुधार करना है। इस परामर्श का मुख्य उद्देश्य कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय में विवरण जमा करने की प्रक्रिया सरल बनाना, विभिन्न फॉर्म का एकीकरण, डेटा आधारित प्रणाली की ओर बढ़ना, सीधे प्रसंस्करण प्रणाली (एसटीपी) का विस्तार करना और एमसीए21 संस्करण 3 के तहत ऐसे उपयोगकर्ता संपर्क माध्यम को अपनाना है जिसमें जानकारी पहले से भरी हो और उपयोगकर्ता आसानी से संवाद के माध्यम से विवरण भर सके।




# UPI से गलत खाते में गया पैसा, आएगा वापस

कारोबार डेस्क

आज के डिजिटल युग में UPI ने जीवन को बहुत आसान बना दिया है। बैंक आपकी जेब और खाता उंगलियों में है, लेकिन यही सुविधा कभी-कभी बड़ी परेशानी तब बन जाती है, जब आपका पैसा गलती से किसी अनजान अकाउंट में चला जाता है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल क्या UPI से गलत भेजा गया पैसा वापस मिल सकता है या सदा के लिए गया? हां! पैसा वापस आ सकता है लेकिन सही समय पर सही कदम उठा लिए जाएं तो...




### 5 बिन्दुओं में समझें

- UPI में Undo ऑप्शन नहीं होता
- इसलिए तुरंत एक्शन लेना ज़रूरी
- बैंक और NPCI दोनों को शिकायत करें।
- ऐसे मामलों में 24 घंटे अत्यधिक महत्वपूर्ण होते हैं।
- जरूरत पड़े तो RBI और बैंकिंग लोकपाल तक जाएं

### पैसा तुरंत वापस क्यों नहीं आता

- UPI एक सहमति आधारित सिस्टम है अर्थात आपने स्वयं ही पिन डालकर या बायोमेट्रिक से ट्रांजेक्शन को एप्रूव किया है।
- इसलिए बैंक खुद से पैसा वापस नहीं ले सकता, लेकिन कानूनी और सिस्टम प्रोसेस से आपको पैसा वापस मिल सकता है।
- यह 3 बातों पर निर्भर करेगा। 1. आपने कितनी जल्दी शिकायत की। 2. बैंक और सिस्टम की तत्परता। 3. सामने वाले का रवैया कैसा है।

### आसानी से समझें

- Step 1: गोल्डन मिनट में क्या करें?
  –जैसे ही गलती पता चले, तुरंत सामने वाले को कॉल/मैसेज करें। यूपीआई में ऐप में नाम वेरिफाई करें। कई मामलों में सामने वाला पैसा खुद वापस कर देता है।
- Step 2: सबूत तैयार करें, तुरंत ये करें–
  –ट्रांजेक्शन स्क्रीनशॉट लें
  –ट्रांजेक्शन आईडी नोट करें।
  –तारीख और समय को नोट कर लें।
  **यही आपका सबसे बड़ा सबूत है**
- Step 3 : बैंक को तुरंत सूचना दें
  –अपने बैंक को तुरंत अलर्ट करें। कस्टमर केयर पर कॉल करें या ब्रांच विज़िट करें। बैंक ट्रांजेक्शन ट्रेस करेगा। फिर दूसरे बैंक को रिक्वेस्ट भेजेगा। ध्यान रखें कि ये हमारी ज़िम्मेदारी नहीं कहें तो भी फॉलो करें।
- Step 4 : NPCI पर शिकायत करें
  –NPCI वेबसाइट खोलें। UPI कंप्लेंट सेक्शन में जाएं। गलत ट्रांसफर ऑप्शन चुनें। इसके बाद डिटेल्स भरें। इसका फायदा ये है कि मामला सीधे सिस्टम में एस्केलेट हो जाता है।

### क्या होगा

- बैंक पर दबाव बनेगा। इससे समाधान जल्दी मिलेगा।
- ये पूरी प्रक्रिया फ्री होती है

**ध्यान रखें-** UPI इर्रिवर्सिबल होता है। पिन डालने पर ट्रांजेक्शन पूरा होता है। बैंक ऑटो रिवर्स नहीं कर सकता, लेकिन लीगल रिकवरी संभव है। रिपोर्टिंग में देरी से मुश्किल हो सकती है। नियम सख्त हैं। तुरंत एक्शन लें।

### और क्या करें

- हमेशा पेमेंट से पहले नाम चेक करें।
- बड़ी रकम भेजने से पहले एक टेस्ट करें।
- UPI हिस्ट्री रेगुलर चेक करें।
- बैंक हेल्पलाइन नम्बर सेव रखें।
- अगर 30 दिन में समाधान नहीं मिला तो RBI Ombudsman यानी रिजर्व बैंक लोकपाल में शिकायत करें।

### काम की बात

- UPI ने जीवन को आसान बनाया है लेकिन जिम्मेदारी भी बढ़ाई है। छोटी सी असावधानी आपकी मेहनत की कमाई को खतरे में डाल सकती है। सही समय पर सही कदम उठाएं और पैसा वापस पायें। बेहतर होगा कि ट्रांजेक्शन सतर्क रहकर करें और पैसा भेजने से पहले दो बार चेक करलें कि प्राप्तकर्ता सही है या नहीं।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# टीएमसी प्रत्याशी और दो अन्य नेताओं के ठिकानों पर इनकम टैक्स के छापे

कोलकाता, एजेंसी।

आयकर विभाग ने रासबिहारी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे तृणमूल कांग्रेस के विधायक देबाशीष कुमार के आवास और भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उम्मीदवारी के प्रस्तावक मिराज शाह के आवास समेत शहर में कई स्थानों पर शुक्रवार को तलाशी अभियान चलाया।

तृणमूल ने आरोप लगाया कि 23 और 29 अप्रैल को मतदान से कुछ दिन पहले की गई छापेमारी का मकसद पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी को परेशान करना और डराना था। आयकर विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आयकर अधिकारियों के विभिन्न समूहों ने सुबह करीब छह बजे कुमार के आवास, चुनाव कार्यालय और उनसे जुड़ी कई अन्य संपत्तियों पर तलाशी शुरू की और छापेमारी जारी है। एक साथ तलाशी अभियान के तहत, दक्षिण कोलकाता के एल्गिन रोड स्थित मिराज शाह के आवास पर भी तलाशी ली गई।




शाह का संबंध एक स्थानीय शिक्षण संस्थान से बताया जाता है और वह विभिन्न धर्मों के उन चार व्यक्तियों में से एक थे, जिन्होंने चुनाव नामांकन में तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो का नाम प्रस्तावित किया था। लगभग उसी समय आयकर विभाग ने देबाशीष कुमार के करीबी सहयोगी और तृणमूल नेता कुमार साहा के कालीघाट स्थित आवास पर भी छापा मारा था।

अधिकारी ने बताया कि ये छापे विधानसभा चुनावों से पहले शहर भर के कई स्थानों पर बिना हिसाब-किताब वाले, बिना ऑडिट किए गए धन के प्रवाह का पता लगाने के लिए चलाए गए एक व्यापक अभियान का हिस्सा थे। कुमार को कथित भूमि धोखाधड़ी मामले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय ने हाल में कई बार तलब किया था। उन्हें एक, तीन और नौ अप्रैल को सॉल्ट लेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में पूछताछ के लिए बुलाया गया था और वह एजेंसी के समक्ष पेश हुए थे।

### बंगाल : पांच साल में कई गुना बढ़ी प्रत्याशियों की संपत्ति, शुभेंदु की घटी

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की जंगीपुर सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार जाकिर हुसैन ने 2021 के विधानसभा चुनावों में 67 करोड़ रुपये की संपत्ति होने की घोषणा की थी और अब पांच साल बाद, 2026 के चुनावी हलफनामे में उन्होंने 133 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति का उल्लेख किया है। पांच सालों में हुसैन की संपत्ति लगभग दोगुना बढ़ी है। संपत्ति में इजाफे के मामले में वह अकेले नहीं है। भाजपा के पुरुलिया विधायक सुदीप कुमार मुखर्जी, जो इस सीट से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं, की संपत्ति 2021 के 45 लाख रुपये से बढ़कर 2026 में 11 करोड़ रुपये पहुंच गई है, यानी संपत्ति में 2,344 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज से दोबारा चुनाव लड़ रहे तृणमूल कांग्रेस के कृष्ण कल्याणी की संपत्ति लगभग 5.8 करोड़ रुपये से बढ़कर 20 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। सबांग से तृणमूल उम्मीदवार मानस रंजन भुनिया ने 2021 के मुकाबले दोगुनी 15 करोड़ रुपये होने का उल्लेख किया है। इसके विपरीत, निवर्तमान विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की चल संपत्ति में गिरावट दर्ज की गई है। नंदीग्राम सीट और भवानीपुर सीट पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चुनौती दे रहे भाजपा नेता के 2026 के चुनाव शपथपत्र से पता चलता है कि उनकी आय 2020–21 में लगभग 8.13 लाख से बढ़कर 2024–25 में 17.38 लाख रुपये हो गई है। हालांकि, शुभेंदु ने अपनी चल संपत्ति लगभग 24.57 लाख रुपये घोषित की है, जो 2021 में दर्ज किए गए 59.31 लाख रुपये से कम है।

# ममता बनर्जी ने दुर्गापुर में किया रोड शो, मांगे वोट

दुर्गापुर (बंगाल), एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को यहां दुर्गापुर में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार के समर्थन में रोडशो किया। इस दौरान लोगों ने सड़क के दोनों तरफ और बालकनी व छतों पर खड़े होकर टीएमसी प्रमुख का अभिवादन किया और मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर उनका अभिवादन स्वीकार किया।

बनर्जी ने स्टील मार्केट से चलना शुरू किया और लगभग दो किलोमीटर दूर भिरिंगी मोड़ तक पहुंचीं। इस दौरान दुर्गापुर और आसपास के निर्वाचन क्षेत्रों के टीएमसी उम्मीदवार उनके साथ थे।पार्टी समर्थकों ने दीदी-दीदी और 'जय बांग्ला' के नारों के बीच फूल बरसाकर व स्कार्फ पहनाकर बनर्जी का अभिवादन किया । रोडशो के दौरान पूरे मार्ग पर टीएमसी के झंडे दिख रहे थे। कई लोगों के हाथों में नीले और सफेद रंग के गुब्बारे थे। पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए 23 और 29 अप्रैल को दो चरण में मतदान होगा, जबकि मतगणना चार मई को होगी। इसके अलावा सुश्री बनर्जी ने कूच बिहार में भी पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने उन्होंने यहां एक चुनावी रैली में कहा कि तृणमूल कांग्रेस देश को बांटने के किसी भी प्रयास विरोध करेगी। वह लोकसभा में पेश परिसीमन विधेयक पर टिप्पणी कर रही थीं।



रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

## द्रमुक को समर्थन राजनीति नहीं, देश के हित में : कमल हासन

**चेन्नई, एजेंसी।** मक्कल निधि मय्यम (एमएनएम) के संस्थापक कमल हासन ने शुक्रवार को कहा कि तमिलनाडु की द्रमुक सरकार को उनकी पार्टी का समर्थन राजनीतिक लालच का मामला नहीं बल्कि देश के कल्याण की एक नेक इच्छा है।

हासन ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे कार्यकर्ता आज यहां इस सरकार की वापसी की नेक इच्छा से आए हैं। यह लालच नहीं है; यह एक नेक इच्छा है, जो देश के लिए आवश्यक है।

कमल हासन ने द्रमुक के साथ अपने गठबंधन को आपसी सम्मान और सुशासन पर आधारित साझेदारी बताया और कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा उनके सुझावों को अपनाने की तत्परता भी उसे समर्थन देने के उनके निर्णय में एक महत्वपूर्ण कारक थी।

### चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में घटाए मतगणना केंद्र

**कोलकाता,एजेंसी।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में मतगणना केंद्रों की संख्या कम कर दी है और सभी 294 निर्वाचन क्षेत्रों के वोटों की गिनती 87 केंद्रों पर की जाएगी। चुनाव आयोग ने आयोग ने मतगणना स्थलों की विस्तृत जिलावार सूची उनके पतों सहित जारी की है। वर्ष 2016 के विधानसभा चुनावों में 90 केंद्रों पर मतगणना की गई थी, जिसे 2021 में बढ़ाकर 108 कर दिया गया था। 2026 में यह संख्या काफी कम हो गई है। राज्य के उत्तर 24 परगना में सबसे अधिक 33 विधानसभा क्षेत्र हैं जिसमें मतगणना आठ केंद्रों पर होगी।

## स्टालिन हर छोटी बात पर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर देते हैं: भाजपा नेता नागेंद्रन

**इरोड, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर केंद्र सरकार की हर पहल और नीति के प्रति विरोध का रुख अपनाने का शुक्रवार को आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री हर छोटी-छोटी बात पर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर देते हैं। इन पांच वर्षों में उन्होंने जनता के लिए कोई योजना नहीं बनाई, सिर्फ अपने परिवार के आराम का ख्याल रखा। वह बस यही कहते आ रहे हैं कि हमारे और दिल्ली के बीच प्रतिस्पर्धा है। नागेंद्रन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के तमिलनाडु दौरे से पहले इरोड में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी 18 अप्रैल को कोयंबटूर में एक भव्य जनसभा को संबोधित करेंगे, जबकि शाह 19 अप्रैल को मोदक्कुरिची निर्वाचन क्षेत्र में रोड शो निकालेंगे।



रोड शो के दौरान अन्नाद्रमुक के पलानीस्वामी।

## जीतकर नशामुक्त करेंगे तमिलनाडु : पलानीस्वामी

**सलेम (तमिलनाडु), एजेंसी।** अन्नाद्रमुक के महासचिव ए.के. पलानीस्वामी ने शुक्रवार को कहा कि विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर तमिलनाडु को नशामुक्त बनाया जाएगा। संगागिरि में चुनाव प्रचार के दौरान पलानीस्वामी ने कहा कि छात्र नशे के आदी हो चुके हैं और अब इस बुराई को खत्म करने का समय आ गया है। अन्नाद्रमुक के सत्ता में आते ही गांजे की बिक्री पूरी तरह से समाप्त कर दी जाएगी। हम तमिलनाडु को नशामुक्त राज्य में बदल देंगे।

उन्होंने आरोप लगाया कि तमिलनाडु में कानून व्यवस्था की स्थिति काफी खराब हो गई है और महिलाओं और आम जनता के लिए कोई सुरक्षा नहीं है। पलानीस्वामी ने कहा कि हालात इतने भयावह हो गए हैं कि दो साल के बच्चे भी सुरक्षित नहीं हैं और वे यौन हिंसा और हत्या का शिकार हो रहे हैं। अगर तमिलनाडु में महिलाओं को सुरक्षित रखना है तो अन्नाद्रमुक को सत्ता में लाना होगा। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले पुलिसकर्मी भी मौजूदा सरकार में सुरक्षित नहीं हैं।

पलानीस्वामी ने कहा कि पिछले छह महीनों में ही छह पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी गई है। पलानीस्वामी ने आरोप लगाया कि नशाखोरों द्वारा हत्या, लूटपाट और यौन हिंसा की घटनाएं हर दिन होती हैं। अन्नाद्रमुक प्रमुख ने कहा कि 525 चुनावी वादे करने के बावजूद द्रमुक उनमें से एक चौथाई भी पूरे नहीं कर पाई है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नेपाल: भारतीय डॉक्टरों के आईवीएफ शिविर पर रोक

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने दो भारतीय चिकित्सकों को काठमांडू के एक होटल में इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) परामर्श शिविर आयोजित करने से रोक दिया है। नियामक निकाय 'नेपाल मेडिकल काउंसिल' ने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि पाया गया कि दोनों चिकित्सकों ने चिकित्सा शिविर के लिए कोई अनुमति नहीं ली है। काउंसिल के रजिस्ट्रार ने कहा, प्रशासन को भारतीय चिकित्सकों को शिविर आयोजन से रोकने को कहा गया था। विदेशी चिकित्सकों को नेपाल में किसी सेवा संचालन से पहले डिग्री पंजीकृत करानी होती है और अनुमोदन लेना होता है।

### खैबर पख्तूनख्वा में गैस पाइपलाइन में विस्फोट, आठ मरे

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के एक औद्योगिक क्षेत्र में बृहस्पतिवार को गैस पाइपलाइन में विस्फोट होने से आठ लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तान में आपातकालीन सेवा मुहैया कराने वाले 'रेस्क्यू 1122' के एक अधिकारी के मुताबिक यह घटना हरिपुर जिले के हत्तर इंडस्ट्रियल एस्टेट में हुई। यह विस्फोट ग्रैंड ट्रंक रोड के पास एक कारखाने के निकट हुआ, जहां गैस पाइपलाइन में हुए जोरदार धमाके के बाद भीषण आग लग गई। निकट स्थित एक मकान भी आग की चपेट में आ गया। इस घटना में आठ लोगों की मौत हो गई। चार महिलाओं और छह बच्चों को बचा लिया गया है।

### संधू को दिल्ली का उपराज्यपाल बनाने पर ट्रंप ने दी बधाई



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राजनयिक तरनजीत सिंह संधू को दिल्ली का उपराज्यपाल नियुक्त किए जाने पर शुक्रवार को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर कहा, दिल्ली का नया उपराज्यपाल बनाए जाने पर तरनजीत संधू को बधाई! एक अनुभवी राजनयिक और अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत के रूप में उन्होंने अमेरिका भारत के बीच संबंधों को मजबूत करने के प्रति गहरी प्रतिबद्धता दिखाई। संधू 2020 से 2024 तक अमेरिका में राजदूत रहे। ट्रंप ने कहा, दिल्ली की प्रगति का नेतृत्व करने में उनकी सफलता की कामना करता हूं।

### तुर्किये में ट्रंप के वरिष्ठ सलाहकार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री से मिले

**दुबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अरब और पश्चिम एशियाई मामलों के वरिष्ठ सलाहकार ने शुक्रवार को तुर्किये के रिसॉर्ट शहर अंताल्या में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की। शरीफ के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि मसाद बोलस ने प्रधानमंत्री को ट्रंप की ओर से शुभकामनाएं दीं और क्षेत्रीय स्थिरता में पाकिस्तान के रचनात्मक योगदान की सराहना की। बयान में कहा गया, दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर भी चर्चा की, जिसमें पाकिस्तान के शांति प्रयासों पर भी बात हुई, जिनके कारण युद्धविराम हुआ।

# अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की वार्ता के लिए पाकिस्तान में शुरू हुई तैयारियां

## देर शाम सक्रिय हुए अधिकारी, इस्लामाबाद-रावलपिंडी में अर्द्धसैनिक बलों के हजारों जवान तैनात

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

होर्मुज जलडमरूमध्य को व्यापारिक नौवहन के लिए खोलने के फैसले के एलान से पहले पाकिस्तान में बड़े पैमाने पर अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली महत्वपूर्ण वार्ता के दूसरे दौर की मेजबानी की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बृहस्पतिवार शाम से सुरक्षा अधिकारी अचानक सक्रिय हो गए। इस्लामाबाद के अधिकारियों के अनुसार, इस्लामाबाद के साथ पड़ोस के शहर रावलपिंडी में भी दूसरे प्रांतों से हजारों पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के जवानों की तैनाती का सिलसिला शुरू हो गया है।

पाकिस्तान में आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि दोनों पक्षों को फिर से वार्ता की मेज पर लाने के लिए तेज कूटनीतिक गतिविधियां शुरू की गई हैं। अधिकारियों के मुताबिक पाकिस्तान के असैन्य और सैन्य नेताओं की वार्ता के परिणाम पर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं बताया गया है, लेकिन बृहस्पतिवार शाम से अचानक तैयारियां शुरू कर दी गईं। इस्लामाबाद और रावलपिंडी में सुरक्षाकर्मियों की तैयारियों को इसी नजरिए से देखा जा रहा है। आमतौर पर इस्लामाबाद प्रशासन बड़े सुरक्षा इंतजामों के समय प्रांतों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मांगता है। पहले दौर की वार्ता के दौरान इस्लामाबाद में 10,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे।

अमेरिका और ईरान ने सप्ताहांत में पाकिस्तान में ईरान में संघर्ष समाप्ति के लिए प्रत्यक्ष वार्ता की थी, लेकिन यह 21 घंटे चली यह बातचीत बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई थी। दोनों देशों की ओर से दो सप्ताह के अस्थायी युद्धविराम का पालन जारी रखने से पाकिस्तान को मध्यस्थता फिर से शुरू करने का अवसर मिला।

सुलह कराने के गुप्त प्रयासों के तहत ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ बुधवार को तीन देशों की यात्रा पर रवाना हुए, जबकि उसी दिन फील्ड मार्शल आसिम मुनीर तेहरान पहुंचे। प्रधानमंत्री शरीफ सऊदी अरब और कतर के नेताओं से चर्चा के बाद बृहस्पतिवार रात तुर्किये पहुंचे, जबकि फील्ड मार्शल ने ईरान में 24 घंटे से अधिक समय बिताकर वहां के राजनीतिक और सैन्य नेताओं से मुलाकात की। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान की मध्यस्थता कोशिशों की भरपूर सराहना की है और उसके प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ तथा फील्ड मार्शल मुनीर की बार-बार प्रशंसा करते हुए उन्हें बेहद सक्षम बताया है।



बेरूत में इजराइली हमले से क्षतिग्रस्त हुई इमारत और वाहनों को देखता एक लेबनानी नागरिक।

### परिवहन कंपनियों को संदेश, यातायात प्रतिबंधों के लिए तैयार रहें, स्कूल और बाजार भी बंद करने की तैयारी

इस्लामाबाद और रावलपिंडी जिलों के अधिकारियों ने परिवहन कंपनियों से संपर्क कर उन्हें सूचित किया है कि अन्य शहरों से आने वाले या दोनों शहरों से जाने वाले यातायात को भारी प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक संदेश के अनुसार, लागू होने के बाद ये प्रतिबंध अगले सप्ताह के अंत तक जारी रह सकते हैं। संदेश में नागरिकों से भी आग्रह किया गया है कि वे अगले सप्ताह अनावश्यक यात्रा से बचें या पहले से ही अच्छी तरह योजना बना लें। अधिकारियों ने बताया कि सड़क यातायात कम करने के लिए दोनों शहरों में शैक्षणिक संस्थान बंद किए जा सकते हैं और हवाईअड्डे के आसपास के बाजार भी बंद हो सकते हैं।

## इजराइल ने लेबनान में फंसाया पेच, कहा- 10 दिन का युद्धविराम अस्थायी

● कब्जाए क्षेत्र नहीं छोड़ेगी सेना, हिज्बुल्ला के हथियारों को नष्ट करने का लक्ष्य बरकरार

**तेल अवीव।** ईरान और अमेरिकी की शांति वार्ता की पहल के बीच इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने हिजबुल्ला के साथ शुक्रवार से शुरू हुए 10 दिवसीय युद्ध विराम को अस्थायी करार दिया है। काट्ज ने स्पष्ट किया कि इजराइली सेना लेबनान में अपने कब्जे वाले किसी भी क्षेत्र से पीछे नहीं हटेगी और वहां अपने शेष उद्देश्यों को भी पूरा करेगी। काट्ज ने एक बयान में कहा, आईडीएफ ने जिन क्षेत्रों को साफ किया है और जिन पर कब्जा किया है, वे उसके नियंत्रण में रहेंगे। लेबनान में जमीनी सैन्य कार्रवाई और पूरे लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ किए गए हमलों ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन वे अभी पूरी नहीं हुई हैं। इजराइली रक्षा मंत्री ने कहा, हम हिजबुल्ला के खिलाफ युद्ध के बीच लेबनान के अंदर हैं, जहां वर्तमान में 10 दिनों का अस्थायी संघर्ष विराम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सैन्य या कूटनीतिक माध्यमों से हिजबुल्ला के हथियारों को नष्ट करने का लक्ष्य बरकरार है और इजराइल इसे पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। काट्ज ने स्वीकार किया कि ट्रंप की सीधी भागीदारी और लेबनान सरकार पर दबाव के माध्यम से एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक अवसर बना है। इजराइली रक्षा मंत्री ने कहा कि दक्षिणी लेबनान में लिटानी नदी तक बनाए गए नए सुरक्षा क्षेत्र में अभी कई सशस्त्र आतंकवादी मौजूद हैं। लेबनान और इजराइल इस मुद्दे को कूटनीतिक रूप से सुलझाने का प्रयास करेंगे, अन्यथा सैन्य कार्रवाई फिर से शुरू की जाएगी।

# कर्नाटक : सड़क हादसे में एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत

**यादगिर, एजेंसी**

● बस से टकराकर कार में लगी आग, मरने वालों में तीन महिलाएं और चार बच्चे

कर्नाटक में यादगिर जिले के सुरपुर तालुका में शुक्रवार को एक निजी बस से भिड़ंत के बाद कार में आग लगने से एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। यह दुर्घटना सुरपुर तालुका में शांतापुरा क्रॉस के पास हुई। मरने वालों में तीन महिलाएं और चार बच्चे थे।

पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान कृष्णा नायक (52) और उनकी पत्नी अनंत काला (45), शरणप्पा (36) और उनकी पत्नी निसर्गा (30), उनके बच्चे सिद्धार्थ (3), आद्विक (5), और श्रीनिधि (1.5) और शशिकला (30) और उनके बेटा चंदन (8) के रूप में हुई है। शशिकला का दूसरा बेटा विराट (10) बाल-बाल बच गया। प्रारंभिक जांच और प्रत्यक्षदर्शियों से बात करने के बाद पुलिस ने बताया कि आशंका है कि कार का टायर फट गया, जिसके बाद वह बेकाबू होकर निजी बस से जा टकराई।



दुर्घटना के बाद बस-कार से उठतीं आग की लपटें।

### टक्कर के बाद कार में लगी आग

बस से टक्कर के बाद कार में आग लग गई। पुलिस ने बताया कि कार में पांच बच्चों समेत 10 लोग सवार थे। दो बच्चों समेत चार लोग मौके पर जिंदा जल गए। उन्होंने कहा कि इन सभी को यादगिर चिकित्सा विज्ञान संस्थान ले जाया गया जहां इनमें से नौ को मृत घोषित कर दिया गया जबकि एक मात्र जिंदा बचे विराट का इलाज किया जा रहा है।

## अमेरिका में बढ़ी महंगाई पर उठे सवाल तो ट्रंप ने आंकड़ों को बताया फर्जी



**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण बढ़ती ऊर्जा कीमतों पर घिरने लगे हैं। लास वेगास में उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान अपना का बचाव किया, साथ ही इस महंगाई को फर्जी बताया।

अमेरिकी श्रम विभाग की रिपोर्ट में पिछले महीने महंगाई में 0.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिखाई गई है, जो चार वर्षों में सबसे बड़ा उछाल है। ट्रंप ने इस रिपोर्ट की सत्यता पर सवाल उठाते हुए इसे ईंधन और ऊर्जा की कीमतों में अस्थायी वृद्धि का परिणाम बताया और फर्जी महंगाई करार दिया। आम जनता के लिए खर्चों को वहन करने योग्य बनाना ट्रंप के 2024 के राष्ट्रपति अभियान का मुख्य आधार था। अब मध्यावधि चुनावों में भी जीवनयापन की लागत से जुड़ी चिंताएं बड़ी भूमिका निभा सकती हैं।

# कर्नाटक : हत्या के मामले में कांग्रेस विधायक को उम्रकैद

**बेंगलुरु, एजेंसी**

बेंगलुरु की एक अदालत ने शुक्रवार को भाजपा नेता योगेश गौड़ा की हत्या मामले में कांग्रेस विधायक विनय कुलकर्णी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने इस मामले में दोषी पाए गए 16 अन्य लोगों के लिए भी आजीवन कारावास की सजा मुकर्रर की है।

सांसदों और विधायकों से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट ने बुधवार को आपराधिक साजिश और हत्या सहित आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत कुलकर्णी और अन्य को दोषी ठहराया था। सीबीआई ने 16 अप्रैल को कुलकर्णी के लिए बिना किसी छूट के आजीवन कारावास की मांग की, वहीं विधायक के वकील ने उनकी सामाजिक सेवाओं, राजनीतिक पृष्ठभूमि और बच्चों तथा परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति उनकी जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए न्यूनतम सजा का अनुरोध किया।

भाजपा नेता और धारवाड़ जिला पंचायत के पूर्व सदस्य योगेश गौड़ा की 15 जून 2016 को धारवाड़ में हत्या कर दी गई थी। कुलकर्णी उस समय मंत्री थे।



● भाजपा नेता की हत्या में दोषी करार 16 अन्य आरोपी भी काटेंगे उम्रकैद

भाड़े के हमलावरों ने धारवाड़ के सप्तपुर स्थित जिम में गौड़ा पर हमला किया और उनकी बेरहमी से हत्या कर दी थी। गौड़ा के परिवार और अन्य लोगों की मांगों के बाद, तत्कालीन भाजपा सरकार ने 2019 में इस मामले को सीबीआई को सौंप दिया था।

सीबीआई ने 2020 में पूरक आरोपपत्र दाखिल किया, जिसमें कुलकर्णी को मुख्य षड्यंत्रकर्ता बताया गया। इसमें कहा गया कि कुलकर्णी धारवाड़ में गौड़ा को अपना राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी मानते थे और भाजपा नेता को खत्म करने के लिए उन्होंने भाड़े के हमलावरों का सहारा लिया था। सजा सुनाए जाने के बाद कुलकर्णी को विधायक पद के लिए अयोग्य घोषित किए जाने का अनुमान है।

# असम के चिरांग में वन विभाग के कार्यालय पर भीड़ का हमला, वाहनों में आग लगाई

**कोकराझार/गुवाहाटी, एजेंसी**

असम के चिरांग जिले में वन विभाग के अधिकारियों ने आरक्षित वन भूमि पर कब्जे के आरोप में कई लोगों को हिरासत में ले लिया और महिलाओं के साथ मारपीट की। इसके बाद शुक्रवार को उग्र भीड़ ने रनिखाता रेंज कार्यालय पर हमला कर दिया। भूटान सीमा के पास इस कार्यालय में भीड़ ने तोड़फोड़ कर कई सरकारी वाहनों को आग के हवाले कर दिया।

भीड़ के हमले में कई वनकर्मी घायल हो गए। पुलिस और अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती के बाद स्थिति काबू में आई। सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया। इसमें कई प्रदर्शनकारी भी घायल हो गए। वन विभाग के कार्यालय से हथियार और गोला-बारूद लूटे जाने की भी बात कही जा रही है लेकिन अधिकारियों ने इसकी पुष्टि करने के बजाय जांच करने की बात कही है।

भीड़ ने कार्यालय के साथ आवासीय परिसर में भी तोड़फोड़ की। अधिकारियों के मुताबिक, यह तनाव बृहस्पतिवार को उस समय शुरू हुआ जब वनकर्मियों ने सिखना ज्व्हवलाओ राष्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत आने वाले रिपु चिरांग आरक्षित वन क्षेत्र में अवैध कटाई और जमीन साफ करने के आरोप में कुछ लोगों को हिरासत में लिया था। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि वनकर्मियों ने एक दिन पहले कई महिलाओं से भी मारपीट की।

## जमीन से कब्जा हटाने के नाम पर महिलाओं से मारपीट पर भड़के लोग, हथियार भी लूटे



चिरांग में वन विभाग कार्यालय में आग लाने के बाद तोड़फोड़ करते प्रदर्शनकारी।

## श्रीलंका प. एशिया संघर्ष से सर्वाधिक प्रभावित

**कोलंबो।** श्रीलंका पश्चिम एशिया संकट के कारण एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक प्रभावित होने वाले देशों में शामिल है। इस संबंध में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की ओर से प्रकाशित यह रिपोर्ट बृहस्पतिवार को जारी की गई। इसमें इस बात का प्रारंभिक आकलन किया गया है कि जारी संघर्ष वैश्विक व्यापार, ऊर्जा बाजार और वित्तीय तंत्र को किस तरह अस्थिर कर रहा है।

## सीजेआई ने नए एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड को दी चेतावनी- एआई से न कराएं कानूनी कार्य

**नई दिल्ली।** सीजेआई सूर्यकांत ने शुक्रवार को विधि पेशे के नैतिक दायित्वों पर जोर देते हुए नए एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड (एओआर) को एआई या अन्य बाहरी पक्षों को कानूनी कार्य आउटसोर्स करने के खिलाफ सख्त चेतावनी दी।



● प्रवेशन समारोह को किया संबोधित

संविधान के अनुच्छेद 145 के तहत सुप्रीम कोर्ट की ओर से बनाए गए नियमों के अनुसार केवल उन्हीं अधिवक्ताओं को शीर्ष अदालत में किसी पक्ष की ओर से पैरवी करने का अधिकार है जिन्हें एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड के रूप में नामित किया गया है। सुप्रीम कोर्ट वकीलों को एओआर के रूप में नामित करने से पहले उनकी परीक्षा आयोजित करता है।

सीजेआई ने नए एओआर को उनके प्रवेशन समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि वे न केवल बार के सदस्य हैं बल्कि न्यायालय के औपचारिक अधिकारी भी हैं, जिन पर न्यायपालिका उनकी कर्मठता के लिए बहुत अधिक निर्भर करती है और उन पर जताया गया भरोसा वह आधारशिला है जिस पर उन्हें अपनी प्रतिष्ठा का निर्माण करना चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने एओआर से सभी कानूनी कार्य व्यक्तिगत रूप से करने का आग्रह करते हुए एआई या अन्य बाहरी तृतीय पक्षों को संबंधित कार्य आउटसोर्स करने के खिलाफ चेतावनी दी।

# चुनावी गर्मी के बीच भीषण लू की चपेट में आया तमिलनाडु

**चेन्नई, एजेंसी**

ऐसे में जबकि तमिलनाडु में पहले चरण का विधानसभा चुनाव नजदीक है, गर्मी का प्रकोप तेजी से बढ़ने से राज्य के कई हिस्से भीषण लू की चपेट में आ गए हैं। कई इलाकों में पारा 106 डिग्री फारेनहाइट तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की आशंका जताई है।

मौसम विभाग ने अनुमान जताया कि पश्चिमी घाट, दक्षिणी तटीय क्षेत्रों और डेल्टाई जिलों में 23 अप्रैल तक हल्की बारिश हो सकती है, जबकि बाकी हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा। पिछले दो हफ्तों के दौरान तापमान में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के दस जिलों में तापमान 100 डिग्री फारेनहाइट के पार रहा, जबकि करूर परमथी में इस मौसम का सबसे अधिक 106.2 डिग्री फारेनहाइट तापमान दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में पारा दो से चार डिग्री तक और बढ़ने की संभावना है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) से बचने की सलाह दी है। डॉक्टरों ने पर्याप्त मात्रा में पानी, फलों का रस, नारियल पानी और छाछ पीने तथा दोपहर 12 बजे से तीन बजे के बीच यात्रा से बचने का सुझाव दिया है।



● राज्य के 10 जिलों में 100 डिग्री फॉरेनहाइट के पार पहुंचा तापमान, अगले सप्ताह और बढ़ेगी गर्मी

## इंडोनेशिया में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना में आठ लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बोर्नियो द्वीप पर बागानों के बीच उड़ान भर रहा एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो गई। इंडोनेशियाई अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम कालीमंतन प्रांत के मेलावी जिले से बृहस्पतिवार को उड़ान भरने के पांच मिनट बाद पीटी मैथ्यू एयर नुसंतारा के स्वामित्व वाले एयरबस एच130 से संपर्क टूट गया। वह कुबु राया जिले में स्थित ताड़ के तेल के एक बागान की ओर जा रहा था। परिवहन मंत्रालय के अनुसार, खोजकर्ताओं ने सेकाडाऊ जिले के घने जंगलों में मलबे का पता लगाया है।

**रक्षा तैयारी** | शीर्ष सैन्य कमांडरों के सम्मेलन में दिया गया जोर, मानव रहित हवाई प्रणालियों को बताया गया सबसे जरूरी

# दुनिया में चल रहे सैन्य संघर्षों का सबक, आत्मनिर्भर हो सेना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन में दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे सैन्य संघर्षों और ऑपरेशन सिंदूर के अनुभवों के आधार पर सेना को हर तरह से सशक्त बनाने तथा उसकी जरूरतों को देश में ही पूरा करने के लिए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर बल दिया गया। सैन्य नेतृत्व ने मानव रहित हवाई प्रणालियों और ड्रोन रोधी प्रणालियों के उपयोग सहित संचालन क्षमता बढाने की जरूरत पर भी जोर दिया।



रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक वक्तव्य में कहा कि सेना के कमांडरों के 13 अप्रैल से शुरू हुए चार दिन के सम्मेलन की अध्यक्षता सेना प्रमुख ने की और इसमें शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने भाग लिया। सम्मेलन को कैबिनेट सचिव, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष, रक्षा सचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष तथा नौसेना प्रमुख सहित सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने संबोधित किया। भविष्य के लिए तैयार बल बनने के दृष्टिकोण के अनुरूप, सेना ने वर्ष 2026 को "नेटवर्किंग और डेटा केंद्रितता" का वर्ष घोषित किया है। सम्मेलन में आधुनिकीकरण, युद्ध अभियानों में प्रौद्योगिकी के समावेशन, सिद्धांत और प्रशिक्षण आवश्यकताओं के साथ-साथ नेटवर्किंग और डेटा केंद्रितता से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, ताकि परिचालन तत्परता को बढ़ाया जा सके और उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना किया जा सके।

### बदलते भूराजनीतिक परिदृश्य का दिया हवाला

विशिष्ट वक्ताओं ने बदलते भूराजनीतिक परिदृश्य और उभरती वैश्विक, क्षेत्रीय तथा आंतरिक सुरक्षा गतिशीलताओं पर प्रकाश डाला। वैश्विक संघर्षों से प्राप्त अनुभवों के संदर्भ में, वक्ताओं ने भारत के रणनीतिक और सुरक्षा हितों की सुनिश्चित रक्षा के लिए सशक्त शक्ति की आवश्यकता पर जोर दिया, साथ ही अंतर-मंत्रालयी समन्वय, नागरिक और सैन्य संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल तथा जटिल सुरक्षा चुनौतियों के लिए समन्वित राष्ट्रीय प्रतिक्रिया के लिए संपूर्ण राष्ट्र दृष्टिकोण पर बल दिया।

ऑपरेशन सिंदूर से प्राप्त अनुभवों के आधार पर तथा वर्तमान वैश्विक परिचालन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व ने मानव रहित हवाई प्रणालियों और उनके प्रतिरोधी प्रणालियों के उपयोग सहित परिचालन क्षमता आवश्यकताओं पर भी ध्यान केंद्रित किया। चर्चाओं के दौरान मौजूदा आपूर्ति श्रृंखला संकट को देखते हुए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को मजबूत करने और दीर्घकालिक रणनीतिक सुदृढ़ता सुनिश्चित करने के लिए स्वदेशी उत्पादन क्षमताओं को तेजी से बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया गया।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, लेकिन जल्दबाजी में गलती करने से बचना जरूरी है।

**वृष** – आज थोड़ा शांत रहकर काम करने की जरूरत है। किसी भी फैसले में जल्दबाजी न करें। खर्च बढ़ सकता है, बजट पर ध्यान रखें।

**मिथुन** – आज नए मौके पाने का दिन है। दोस्तों या संपर्कों से फायदा मिल सकता है। कोई नई योजना शुरू करने का मौका मिलेगा।

**कर्क** – आज मेहनत का फल जरूर मिलेगा। काम का दबाव बढ़ सकता है। परिवार का सहयोग संतुलन बनाए रखेगा।

**सिंह** – आज भाग्य आपका साथ देगा। कुछ नया करने का मन करेगा। आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और लोग आपकी बात मानेंगे।

**कन्या** – आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। अचानक कोई स्थिति बदल सकती है। किसी भी निर्णय में जल्दबाजी से बचें।

**तुला** – आज संबंधों के मामले में सुधार देखने को मिलेगा। नए सहयोग या साझेदारी के मौके मिल सकते हैं, जो आगे चलकर लाभ देंगे।

**वृश्चिक** – आज काम का बोझ बढ़ सकता है। दिनभर भागदौड़ रहेगी। मेहनत का परिणाम धीरे-धीरे आपके पक्ष में आएगा।

**धनु** – आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। कोई रचनात्मक काम आपको आगे बढ़ा सकता है।

**मकर** – आज परिवार से जुड़े मामलों पर ध्यान देना होगा। कोई जरूरी फैसला लेना पड़ सकता है। कामकाज सामान्य रहेगा।

**कुंभ** – आज संपर्क से लाभ मिलने का दिन है। छोटी यात्राएं या मीटिंग्स सफल रहेंगी। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं।

**मीन** – आज धन से जुड़े मामलों पर ध्यान देना जरूरी है। आय और खर्च दोनों बढ़ सकते हैं। सोच-समझकर फैसले लें।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 18 अप्रैल, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा 14 .10 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-अश्विनी 09 .42 तक तत्पश्चात भरणी।

### सुडोकू - 122 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 4 | 8 | 6 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 | 3 |
| 2 | 5 | 9 | 3 | 1 | 8 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 |
| 8 | 9 | 4 | 7 | 3 | 6 | 5 | 1 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 7 | 8 | 4 |

### सुडोकू -123

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 8 | | 2 | 5 | |
| | 5 | | | 1 | | | 4 | |
| 6 | | | 5 | | | | | |
| | | 2 | | 6 | | 9 | | |
| | 1 | | | | | 8 | 6 | |
| 8 | | 9 | | 2 | | 4 | | |
| | | | 3 | | 9 | | | 6 |
| | 3 | | | 7 | | | 8 | |
| | | 4 | | 5 | | | | |



पैट कमिंस चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद के साथ घरेलू मैच से ठीक एक दिन पहले शुक्रवार को अपनी टीम के साथ जुड़ेंगे है। लेकिन वह जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के साथ होने वाले मैच के लिए 25 अप्रैल से ही उपलब्ध होंगे।
–डेनियल विटोरी, मुख्य कोच, हैदराबाद


# स्टेडियम

हल्द्वानी, शनिवार, 18 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## IPL 2026

### आज के मुकाबले

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
दिल्ली कैपिटल्स
समय - दोपहर 3:30 बजे

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
चेन्नई सुपर किंग्स
समय - शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप



- विराट कोहली बेंगलुरु–228 रन
- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–224 रन
- रजत पाटीदार बेंगलुरु–222 रन

### पर्पल कैप



- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात – 11 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई – 10 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ– 9 विकेट

# टाइटंस ने केकेआर को 180 रनों पर समेटा, ग्रीन ने खेली आकर्षक पारी

## आईपीएल-2026 : गुजरात के लिए कैगिसो रबाडा ने तीन विकेट लिए

**अहमदाबाद, एजेंसी**

कैमरून ग्रीन ने लय में वापसी करते हुए 79 रनों की जुझारू पारी खेली, लेकिन गुजरात टाइटंस ने शुक्रवार को आईपीएल मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को 180 रन पर समेट दिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर की शुरुआत खराब रही और टीम ने पहले चार ओवरों में ही तीन विकेट गंवा दिए। कैगिसो रबाडा (29 रन पर तीन विकेट) और मोहम्मद सिराज (23 रन पर दो विकेट) की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने नई गेंद से कहर बरपाते हुए शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया, जबकि अशोक शर्मा (45 रन पर दो विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (32 रन पर एक विकेट) ने अच्छा साथ दिया। ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला ग्रीन ने शुरुआती झटकों के बाद पारी को संभाला और 55 गेंदों में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से 79 रन बनाए। उन्होंने रोवमैन पॉवेल (27) के साथ चौथे विकेट के लिए 55 रन और अनुकूल रॉय (नौ) के साथ पांचवें विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की। ग्रीन ने खासतौर पर राशिद खान के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए पांच चौके और चार छक्के जड़े, हालांकि अफगान स्पिनर ने पारी की आखिरी गेंद पर उन्हें विकेटकीपर के हाथों कैच करा दिया।



शॉट लगाते कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज कैमरून ग्रीन। एजेंसी

ग्रीन को किस्मत का भी साथ मिला। वह शुरुआत में पगबाधा की अपील से बचे और फिर 14वें ओवर में राशिद की लगातार गेंदों पर उन्हें दो जीवनदान मिले। इस ओवर की दूसरी गेंद पर बटलर स्टंपिंग का मौका चूक गए, जबकि अगली गेंद पर बाउंड्री पर वाशिंगटन सुंदर ने कैच टपका दिया। दोनों मौकों पर गेंद चार रनों के लिए चली गई। ग्रीन उस समय 58 रन पर खेल रहे थे। एक छोर से विकेटों के लगातार पतन के कारण आखिरी ओवरों में ग्रीन तेजी से रन बनाने में नाकाम रहे।

इससे पहले मोहम्मद सिराज ने पहले ही ओवर में अजिंक्य रहाणे को खाता खोले बिना आउट कर केकेआर को झटका दिया। इसके बाद रबाडा ने शानदार आउटस्विंगर पर अंगकृष रघुवंशी (आठ) को विकेटकीपर के हाथों कैच कराया। सत्र का पहला मैच खेल रहे टिम सीफर्ट (19) ने कुछ आकर्षक शॉट लगाए, लेकिन रबाडा की शॉर्ट गेंद पर ग्लेन फिलिप्स ने उनका शानदार कैच लपका।

रिंकू सिंह का खराब फॉर्म इस मैच में भी जारी रहा। वह एक रन बना कर आउट हुए जबकि रमनदीप सिंह ने आठ गेंदों में 17 रन का योगदान दिया। पॉवेल ने कुछ समय तक आक्रामक बल्लेबाजी की, लेकिन अशोक शर्मा ने उन्हें धीमी गेंद पर आउट कर ग्रीन के साथ 55 रन की साझेदारी तोड़ दी।

## अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 5 | 4 | 0 | 1 | 9 | 1.067 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | 1.503 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | 0.889 |
| 4. | सनराइजर्स हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | 0.576 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.322 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.029 |
| 7. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | -0.804 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | -0.846 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 5 | 1 | 4 | 0 | 2 | -1.076 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 5 | 0 | 4 | 1 | 1 | -1.383 |

## डगआउट में फोन का इस्तेमाल करना रॉयल्स के मैनेजर भिंडर पर पड़ा भारी

- बीसीसीआई ने लगाया एक लाख रुपये का जुर्माना
- भ्रष्टाचार रोधी नियमों के उल्लंघन का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने राजस्थान रॉयल्स के टीम मैनेजर रोमी भिंडर पर डगआउट में फोन के इस्तेमाल को लेकर भ्रष्टाचार रोधी नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है और बोर्ड के कारण बताओ नोटिस का संतोषजनक जवाब न देने पर उन्हें चेतावनी भी जारी की है। यह जानकारी बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने शुक्रवार को पीटीआई को दी। यह उल्लंघन 10 अप्रैल को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेले गए आईपीएल मैच के दौरान हुआ था। इसके बाद शरद कुमार के नेतृत्व वाली बीसीसीआई की भ्रष्टाचार रोधी इकाई (एसीयू) ने भिंडर को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा। सैकिया ने बताया कि एसीयू भिंडर के जवाब से संतुष्ट नहीं थी, जिसके बाद उन्हें दोषी पाया गया। आईपीएल खिलाड़ियों एवं मैच अधिकारियों के क्षेत्र (पीएमओए) प्रोटोकॉल के अनुसार, डगआउट में फोन का इस्तेमाल वर्जित है, जबकि ड्रेसिंग रूम में इसकी अनुमति है। उन्होंने कहाशरद कुमार के नेतृत्व वाली टीम ने भिंडर के जवाब की जांच की और उन्हें दोषी पाया। नोटिस पर उनका जवाब संतोषजनक नहीं था। सैकिया ने कहा उन्हें प्रोटोकॉल का उल्लंघन



करने का दोषी पाया गया है। चूंकि यह पहली बार का अपराध है, इसलिए उन पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है और चेतावनी जारी की गई है। आईपीएल ने एक बयान में कहा गलती को स्वीकार करते हुए भिंडर ने बिना शर्त माफी मांग ली है। भिंडर के करीबी सूत्रों ने बताया कि वह स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं और उन्हें लंबी दूरी तक चलने तथा सीढ़ियां चढ़ने में दिक्कत होती है। सूत्र ने कहा, डगआउट में फोन का इस्तेमाल सख्त मना है और आईपीएल में लंबे समय से जुड़े होने के कारण, मुझे यकीन है कि भिंडर इस बात से अवगत थे। यह अनजाने में भी हो सकता था, लेकिन बीसीसीआई ने इस मामले को उचित तरीके से निपटा दिया है।

## हाईलाइट

### पोंटिंग ने अर्शदीप के प्रदर्शन को बताया असाधारण

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने अर्शदीप सिंह के खराब दौर की अटकलों को खारिज करते हुए मुंबई इंडियंस के खिलाफ टीम की सात विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की कार्यशैली की सराहना की। अर्शदीप ने बृहस्पतिवार को अपने शुरुआती स्पैल में शानदार गेंदबाजी करते हुए रयान रिकेल्टन और सूर्यकुमार यादव को आउट किया और फिर आखिरी ओवरों में शेरफेन रदरफोर्ड को पवेलियन भेजा। आईपीएल के मौजूदा सत्र में अर्शदीप की शुरुआत चुनौतीपूर्ण रही है।

### बल्लेबाजों पर हर पारी में 230 रन बनाने का दबाव : हेजलवुड

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा है कि आईपीएल में बड़े स्कोर बनाने की बढ़ती होड़ गेंदबाजों के पक्ष में भी जा सकती है, क्योंकि बल्लेबाजों पर लगातार आक्रामक शुरुआत करने का दबाव रहता है। अगर गेंदबाज कुछ ओवरों तक रन रोकने में सफल रहते हैं, तो इससे बल्लेबाजों की लय और एकाग्रता बिगड़ सकती है। आईपीएल में अब तक खेले गए 24 मैचों में से 21 बार 200 रन का आंकड़ा पार किया जा चुका है और अक्सर बल्लेबाज गेंदबाजी आक्रमण की जमकर धुलाई करते नजर आते हैं। दर्शकों के लिए यह शानदार है कि गेंदें स्टैंड्स में जा रही हैं, पर गेंदबाजों के नजरिए से दबाव कम होता है क्योंकि बल्लेबाजों से अच्छी शुरुआत की उम्मीद होती है।

# दिल्ली के खिलाफ अपना दबदबा बरकरार रखने उतरेगा आरसीबी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में एक ऐसी टीम है जिसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और वह शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ यहां होने वाले मैच में भी अपना दबदबा बनाए रखने की कोशिश करेगी।

आरसीबी की टीम में अभी तक सारा ध्यान विराट कोहली पर केंद्रित रहा है और इस दिग्गज बल्लेबाज ने भी अपने प्रशंसकों को निराश नहीं किया है। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाए हैं और ऑरेंज कैप उनके पास है। लेकिन कोहली भी यह स्वीकार करेंगे कि आरसीबी की बल्लेबाजी अब पूरी तरह से उन पर निर्भर नहीं है। कप्तान रजत पाटीदार, देवदत्त पडिक्कल, फिल साल्ट और टिम डेविड ने इस सत्र में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से विशेष छाप छोड़ी है और वे दिल्ली के खिलाफ इसे जारी रखना चाहेंगे।



अभ्यास सत्र के दौरान विराट कोहली।

पाटीदार ने छक्के जड़ने की अपनी काबिलियत का शानदार नमूना पेश किया है। वह पांच मैच में 21 छक्के लगाकर शीर्ष पर काबिज हैं। अन्य बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से कोहली को अपना नैसर्गिक खेल खेलने की छूट मिली है। इसके विपरीत दिल्ली के बल्लेबाज अभी तक जूझते रहे हैं।

### टीम

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, टिम डेविड, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, जोश हेज़लवुड, नुवान तुषारा, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, भुवनेश्वर कुमार, जॉर्डन कॉक्स, सुयश शर्मा, वेंकटेश अय्यर, स्वप्निल सिंह, जैकब डफी, कनिष्क चौहान, अभिनंदन सिंह, मंगेश यादव, फिल साल्ट, सात्विक देसवाल, विक्की ओस्तवाल, विहान मल्होत्रा।

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब डार, नीतीश राणा, मिचेल स्टार्क, टी नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव।

# हिंगे-साकिब फिर कमाल दिखाने को बेताब

- सनराइजर्स हैदराबाद की चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ंत आज

**हैदराबाद, एजेंसी**

प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन जैसे होनहार तेज गेंदबाजों को मैदान में उतारने के बाद संतुलित नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम शनिवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में नए आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी।

अनुभवी गेंदबाज हर्षल पटेल और जयदेव उनादकट की जगह टीम में शामिल किए गए इस युवा जोड़ी ने आते ही शानदार प्रदर्शन किया और पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स का स्कोर पहले तीन ओवरों के अंदर ही पांच विकेट पर नौ रन कर दिया। इससे रॉयल्स को इस सत्र की पहली हार का सामना करना पड़ा।

विदर्भ के 24 वर्षीय तेज गेंदबाज हिंगे ने शुरू में वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल और लुआन-ड्रे प्रिटोरियस जैसे बल्लेबाजों को आउट किया। उन्होंने चार ओवर में 34 रन देकर चार विकेट लिए। बिहार के रहने वाले 21 वर्षीय हुसैन ने भी अपने पदार्पण मैच में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने बीच के ओवरों में गेंदबाजी से प्रभावित किया और चार विकेट लिए जिससे राजस्थान 216 रन का पीछा करते हुए 159 रन पर आउट हो गया। इन दोनों युवा गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से सनराइजर्स के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिली है। इससे उस टीम को बेहतर संतुलन मिला है जो अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन और क्लासेन जैसे बल्लेबाजों पर ही निर्भर थी।



सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाज साकिब हुसैन व प्रफुल्ल हिंगे।

### संजू की फॉर्म में वापसी से चेन्नई को राहत

संजू सैमसन के टी20 विश्व कप वाली फॉर्म में वापसी करने से सीएसके को कुछ राहत मिली है। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नाबाद शतक जड़ा और उसके बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जीत में 48 रन बनाए। गायकवाड़ के फॉर्म में न होने के कारण सीएसके उन्हें मध्यक्रम में भेजने और युवा आयुष म्हात्रे को पारी के शुरुआत करने के लिए भेजने पर विचार कर सकता है। आयुष ने अपनी पिछली चार पारियों में दो अर्धशतक लगाकर प्रभावित किया है। सीएसके की टीम ने लगातार दो मैच जीतकर अच्छी वापसी की है।

### टीम

**सनराइजर्स हैदराबाद :** ईशान किशन (कप्तान), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, पैट कमिंस, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंदु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, उनादकट, अनिकेत वर्मा।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, आयुष म्हात्रे, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, नूर अहमद, अकील हुसैन, प्रशांत वीर, कार्तिक शर्मा, मैथ्यू शॉर्ट, अमन खान, सरफराज खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जैकरी फॉल्क्स, स्पेंसर जॉनसन, रामकृष्ण घोष और मुकेश चौधरी।

## उबेर कप

### डेनमार्क में भारत के अभियान को लगा करारा झटका

# चोटिल त्रिसा के कारण महिला युगल जोड़ी फाइनल से हटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत की त्रिसा जॉली की टखने की चोट के कारण उनकी और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने आगामी उबेर कप फाइनल्स से हटने का फैसला किया। इससे डेनमार्क में भारत के अभियान को करारा झटका लगा। भारत 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के होर्सेन्स में होने वाले थॉमस और उबेर कप फाइनल्स में हिस्सा लेगा।

भारतीय युगल कोच बी सुमित रेड्डी ने पीटीआई से कहा दुखद है कि बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के लिए रवाना होने से महज दो तीन दिन पहले त्रिसा का टखना मुड़ गया। ट्रेनिंग के दौरान यह दुर्घटना हुई जब उनका पैर उनकी जोड़ीदार के पैर पर पड़ गया।

उन्होंने कहा वह अभी आराम कर रही हैं और 'रिहैबिलिटेशन' करेंगी। यह बड़ी चोट नहीं है, चार हफ्तों में यह ठीक हो जाना चाहिए। वह मई के अंत में होने वाले सिंगापुर ओपन में वापसी की कोशिश करेंगी। त्रिसा के कंधे की वजह से पिछले महीने भी यह भारतीय जोड़ी स्विस ओपन से हट गई थी। बासेल में पहले दौर के शुरूआती गेम में यह जोड़ी चीनी ताइपे की हु लिंग फांग और झेंग यु चिएह की जोड़ी से पिछड़ रही थी जिसके बाद उन्हें रिटायर होना पड़ा। सुमित ने कहा युगल में इस तरह की मामूली चोट होती रहती हैं। उसे (त्रिसा) को पहले कंधे की समस्या हुई थी लेकिन अब यह ठीक है। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने उनकी जगह अब श्रुति मिश्रा और प्रिया कोंजेंगबाम को चुना है जिनकी विश्व रैंकिंग 48 है। यह जोड़ी उस भारतीय टीम का हिस्सा थी जिसने 2024 में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी थॉमस कप फाइनल्स की तैयारी के लिए पहले ही डेनमार्क के लिए रवाना होंगे। सुमित ने कहावे टूर्नामेंट से कुछ दिन पहले डेनमार्क में ट्रेनिंग करना चाहते हैं। वे कल रवाना होंगे। विश्व रैंकिंग पर चौथे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी ने भी मार्च में स्विस ओपन क्वार्टरफाइनल से हटने का फैसला किया था। ऐसा सात्विक की कंधे की चोट के कारण हुआ था। इस जोड़ी ने इस हफ्ते के शुरू में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भी हिस्सा नहीं लिया था।



गायत्री गोपीचंद व त्रिसा जॉली।

### अल्काराज और जोकोविच मैड्रिड ओपन में नहीं खेलेंगे

**मैड्रिड।** विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और नोवाक जोकोविच के क्ले कोर्ट सत्र के प्रमुख टूर्नामेंट मैड्रिड ओपन से हटने के कारण बड़ा झटका लगा है। अल्काराज ने कहा कि उन्हें इस टूर्नामेंट से हटने का 'दुख' है और वह लगातार दूसरे वर्ष मैड्रिड ओपन में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। यह टूर्नामेंट सोमवार से शुरू होना है। अल्काराज हाल ही में दाहिनी कलाई की चोट से जूझ रहे हैं। उन्होंने बुधवार को बार्सिलोना ओपन से भी नाम वापस ले लिया था। इससे पहले विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच भी कंधे की चोट के कारण मैड्रिड ओपन से हट चुके हैं।

## मेसी ने बार्सिलोना का एक निचली लीग क्लब खरीदा

**मैड्रिड।** एफसी बार्सिलोना के पूर्व फॉरवर्ड लियोनेल मेसी ने स्पेन के पांचवें दर्जे के क्लब यूएई कोर्नेला को खरीदने का काम पूरा कर लिया है। अर्जेंटीना के इस दिग्गज खिलाड़ी ने, जो एमएलएस टीम इंटर मियामी के लिए खेलते हैं, बार्सिलोना के बाहरी इलाके में स्थित इस क्लब का 100 प्रतिशत मालिकाना हक हासिल कर लिया है।

यूएई कोर्नेला फिलहाल आरएफईएफ थर्ड डिवीजन के ग्रुप 5 से ऊपर उठने की कोशिश कर रहा है; पिछले सीजन में यह आरएफईएफ सेकंड डिवीजन से नीचे खिसक गया था। 1951 में स्थापित इस क्लब ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि मेसी का आना क्लब के इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत है, जिसका मकसद खेल को बढ़ावा देना है।

# एस्टन विला यूरोपा लीग के सेमीफाइनल में

**बर्मिंघम, एजेंसी**

ओली वाटकिंस ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जिससे एस्टन विला ने बोलोग्ना को 4-0 से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उसका मुकाबला नॉटिंघम फॉरेस्ट से होगा।

एस्टन विला ने इस तरह से 7-1 के कुल स्कोर से जीत हासिल करते हुए तीन सत्र में दूसरी बार यूरोपीय प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वाटकिंस ने पिछले सप्ताह इटली में एस्टन विला की क्वार्टरफाइनल के पहले चरण में 3-1 की जीत में दो गोल किए थे। उन्होंने दूसरे चरण में 16वें मिनट में गोल किया जो इस क्लब की तरफ से उनका 100वां गोल था। एस्टन विला की तरफ से एमिलियानो बुएंडिया, मॉर्गन रोजर्स और एजरी कोंसा ने भी गोल किए।



एक अन्य मैच में फॉरेस्ट ने पोर्टो को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पिछले हफ्ते पुर्तगाल में हुए दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर रही थी। इस तरह से फॉरेस्ट ने कुल मिलाकर 2-1 से जीत दर्ज की। फ्रीबर्ग ने सेल्टा विगो को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जर्मनी की टीम ने पिछले सप्ताह क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-0 की जीत के बाद 6-1 के कुल स्कोर के साथ पहली बार किसी यूरोपीय प्रतियोगिता के अंतिम चार में जगह बनाई। फ्रीबर्ग का अगला मुकाबला ब्रागा से होगा।